पेनसिल्वेनिया ड्राइवरों के लिए मैनुअल

pennsylvania
DEPARTMENT OF TRANSPORTATION
Bureau of Driver Licensing
www.dmv.pa.gov

PUB 95 (3-19) Hindi Version

मोटरसाइकिलों और वाहनों के साथ सड़क साझा करना

आज के मोटरसाइकिल सवार दोस्त, रिश्तेदार और पड़ोसी होते हैं। सड़क पर मोटरसाइकिल चालक के वैसे ही अधिकार होते हैं और वैसी ही जिम्मेदारियां होती हैं जैसी अन्य वाहन चालकों की। मोटर चालकों को इसे मानना चाहिए और मोटरसाइकिलों की भीड़ लगाने या मोटरसाइकिल चालकों से उनके सड़क पर चलने के अधिकार को छीनने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

पेनसिल्वेनिया की सड़कों पर हर साल लगभग 4,000 मोटरसाइकिल दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें से आधी दुर्घटनाएं ऐसी होती हैं जो मोटरसाइकिल और किसी अन्य प्रकार के वाहन के बीच होती हैं। और इनमें से लगभग दो-तिहाई दुर्घटनाएं मोटरसाइकिल चालकों के कारण नहीं, बल्कि दूसरे वाहन के ड्राइवर के कारण होती हैं।

मोटरसाइकिल चालकों के सम्बन्ध में सावधानी बरतें। अवगत रहें कि मोटरसाइकिल छोटी होती हैं और उनके दिखाई देने में कठिनाई हो सकती है। अन्य वाहनों की तुलना में मोटरसाइकिल की प्रोफ़ाइल अपेक्षतया बहुत अधिक छोटी होती है, जो किसी निकट आ रही मोटरसाइकिल की रफ़्तार और दूरी के आंकने को और अधिक कठिन बना सकती है।

मोटरसाइकिल चालक के रफ़्तार या स्थान सम्बन्धी बदलाव के बारे में पहले ही अनुमान लगा लें। सड़क की स्थितियां, जो वाहन चालकों के लिए मामूली परेशानियां पैदा करती हैं, वे मोटरसाइकिल चालकों के लिए बड़े खतरे पैदा कर देती हैं।

पीछे चलते समय अधिक फासला रखें। मोटरसाइकिल के पीछे चलते समय तीन या चार सेकंड का फासला बनाए रखें, ताकि मोटरसाइकिल चालक के पास रफ़्तार या स्थान सम्बन्धी बदलाव करने या आपात स्थिति में रुकने के लिए पर्याप्त समय हो। शुष्क स्थितियों में, मोटरसाइकिलें किसी वाहन की तुलना में अधिक फुर्ती से रुक सकती हैं।

अपने इरादों के बारे में संकेत दें। लेन बदलने से पहले या ट्रैफ़िक के साथ मिल जाने से पहले, अपने इरादों को संकेत दें ताकि मोटरसाइकिल चालक ट्रैफ़िक के प्रवाह का पूर्वानुमान लगा सके और सुरक्षित लेन की स्थिति प्राप्त कर सके।

मोटरसाइकिल पर मुड़ने के चमकते संकेत के धोखे में न आयें - मोटरसाइकिल के सिग्नल आमतौर पर स्वयं रद्द नहीं होते और सवार कभी-कभी इन्हें बंद करना भूल जाते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतीक्षा करें कि आपके आगे बढ़ने से पहले मोटरसाइकिल मुड़ने वाली है।

मोटरसाइकिल का सम्मान करें। मोटरसाइकिल एक पूर्ण आकार का वाहन है जिसे सड़क पर किसी भी वाहन के समान विशेषाधिकार प्राप्त हैं। मोटर साइकिल चालक के लिए पूरी लेन की चौड़ाई छोड़ कर रखें। हालांकि ऐसा लग सकता है कि वाहन और मोटरसाइकिल के लिए ट्रैफिक लेन में पर्याप्त जगह है, लेकिन याद रखें कि मोटरसाइकिल को सुरक्षापूर्वक रफ़्तार या स्थान सम्बन्धी बदलाव करने के लिए जगह की जरूरत होती है। लेन साझा न करें।



इन उच्च-जोखिम वाली स्थितियों में दुर्घटनायें होने की संभावना अधिक रहती है:

बायें मोड़

मोटरसाइकिल सम्बन्धी लगभग आधी दुर्घटनाओं में कोई दूसरा मोटर वाहन शामिल होता है। लगभग 40 प्रतिशत मोटरसाइकिल चालक के सामने दूसरे वाहन के बायीं ओर मुड़ने के कारण हुए।

वाहन का दिखाई न देने वाला क्षेत्र

याद रखें, मोटरसाइकिल चालक अक्सर वाहन के दिखाई न देने वाले क्षेत्र में छिपे होते हैं या अपने अपेक्षतया छोटे आकार के कारण फौरन नज़र आने से चूक जाते हैं। ट्रैफिक की किसी लेन में प्रवेश करने या उसे छोड़ने से पहले और चौराहों पर हमेशा शीशों और दिखाई न देने वाले क्षेत्रों की जाँच करके मोटरसाइकिलों के लिए दृष्टि सम्बन्धी जाँच करलें।

सड़क की खतरनाक स्थितियां

मोटरसाइकिल चालक सड़क या यातायात की स्थितियों जैसे गड्ढों, बजरी, गीली या फिसलन वाली सतहों, फुटपाथ की सीमाओं, रेलमार्ग के चौराहों और नालीदार फुटपाथ की प्रतिक्रिया में अचानक रफ़्तार में बदलाव कर सकते हैं या लेन के भीतर अपनी स्थिति को समायोजित कर सकते हैं।

मौसम सम्बन्धी स्थितियां

जब सड़क की सतह गीली या बर्फीली होती है, तो मोटरसाइकिल चालकों की ब्रेकिंग और हैंडलिंग की सामर्थ्य में खराबी आ जाती है।

तेज़ हवायें

मोटरसाइकिल सवार के तैयार न होने की स्थिति में हवा का एक तेज़ झोंका मोटरसाइकिल को खिसका कर पूरी लेन बदल सकता है। दूसरी लेन में बड़े ट्रकों से आने वाला हवा का झोंका एक वास्तविक खतरा हो सकता है।

बड़े वाहन

कोई बड़ा वाहन, जैसे कि कोई वैन या ट्रक, मोटरसाइकिल को ड्राइवर की नज़र में आने से रोक सकता है। ऐसा लग सकता है जैसे मोटरसाइकिल चालक अचानक कहीं से प्रकट हो गया हो।

सड़क मार्ग साझा करना एक अच्छा संकेत है जिसमें मोटरचालक और मोटरसाइकिल दोनों सहयोग के महत्व को मानते हैं। आक्रामक व्यवहार पर अंकुश लगाकर और सामान्य ज्ञान, शिष्टाचार व कानून के अनुसार वाहनों का संचालन करके मोटरचालक और मोटरसाइकिल चालक सड़क पर एक साथ सवारी कर सकते हैं।

NHTSA के शेयर दि रोड प्रोग्राम से ली गयी जानकारी।

प्रस्तावना

यह निर्देशिका यानि मैनुअल आपको एक सुरक्षित ड्राइवर बनने में मदद करने के लिए बनाया गया है। **इसमें ड्राइविंग को नियंत्रित करने वाले पेनसिल्वेनिया के बहुत से कानून प्रस्तुत किये गये हैं। इसका उपयोग कानूनों की सामान्य मार्गदर्शिका के रूप में किया जाना चाहिए लेकिन पेनसिल्वेनिया वाहन संहिता के विकल्प के रूप में नहीं, जिसमें पेनसिल्वेनिया के ड्राइवरों और वाहनों को प्रभावित करने वाले कानून शामिल हैं। यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि इस मैनुअल में निहित जानकारी बदलाव के अधीन है।**

इस मैनुअल का उद्देश्य आपको ड्राइवर की परीक्षा देने और पेनसिल्वेनिया में चालक का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए तैयार करना है। हालांकि, इस मैनुअल में प्रस्तुत सड़क और यातायात संचालन सिद्धांतों के नियम पेनसिल्वेनिया कानून द्वारा मान्यता प्राप्त तीन प्रकार के वाहनों पर लागू होते हैं: साइकिल, घोड़े से खींचे जाने वाले वाहन और मोटर वाहन। उदाहरण के लिए, मोटर वाहन चालकों की तरह सभी साइकिल चालकों को लाल बत्ती पर रुकना आवश्यक है।

यदि आप ड्राइव करना सीख रहे हैं, तो यह मैनुअल आपको ड्राइवर की परीक्षा के लिए ऐसी सभी जानकारी देगा जिसका अध्ययन करना आपके लिए आवश्यक है। यदि आपके पास पहले से ही पेनसिल्वेनिया में चालक का लाइसेंस है, तो आप इस मैनुअल का उपयोग सड़क के कुछ ऐसे नियमों की समीक्षा करने के लिए कर सकते हैं जिन्हें आप भूल चुके हों या ऐसे कुछ नियमों के बारे में जानने के लिए कर सकते हैं जो हो सकता है नये हों या आपके लाइसेंस प्राप्त करने के बाद से बदल गये हों।

महत्वपूर्ण

अपना जानकारी सम्बन्धी टेस्ट देने से पहले, आपको नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट सम्बन्धी आवेदन-पत्र (DL-180) को पूरा भरना होगा। यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं, तो आपके माता/पिता या अभिभावक को माता/पिता या अभिभावक सम्बन्धी सहमति फॉर्म (DL-180TD) को पूरा भरना होगा

दोनों फॉर्म हमारी वेबसाइट www.dmv.pa.gov पर फॉर्म्स एंड पब्लिकेशन्स लिंक के अंतर्गत पृष्ठ के ऊपरी हिस्से पर मिल सकते हैं

ड्राइविंग एक विशेषाधिकार है और यह अधिकार नहीं है। यह विशेषाधिकार बहुत सी जिम्मेदारियों के साथ आता है। एक बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह है कि आप कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएं।

अपने निकटतम ड्राइवर लाइसेंस केंद्र के परिचालन के दिनों और समय के लिए, वर्तमान में प्रचलित फॉर्म्स, पब्लिकेशंस, और फ़ैक्ट शीट्स को डाउनलोड करने के लिए या पेनडॉट (PennDOT) की ऑनलाइन सेवाओं की सुलभता के लिए, जिनमें आपके ऑन-दि-रोड निपुणताओं के टेस्ट का समय निर्धारित करना शामिल है, पेनडॉट की ड्राइवर और वाहन सम्बन्धी वेबसाइट:

www.dmv.pa.gov पर जायें

कृपया इस मैनुअल को ध्यान से पढ़ें, एक सुरक्षित चालक बनने के लिए सड़क के नियमों को सीखें और उनका अभ्यास करें तथा हमारे खूबसूरत राज्य में अपने ड्राइविंग के विशेषाधिकार का आनन्द लें।

यह प्रकाशन बिक्री के लिए नहीं है

अनुक्रम सूची

अध्याय 1 - नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट सम्बन्धी जानकारी....1
लर्नर्स परमिट के लिए आवेदन करना 1
अंग दाता (ऑर्गन डोनर) पदनाम.... 2
सेवानिवृत्त सैनिक (वेटरंस) पदनाम.... 2
सोशल सिक्युरिटी नम्बर सम्बन्धी जानकारी 3
पेनसिल्वेनिया दृष्टि मानक.... 3
पेनसिल्वेनिया ड्राइवर्स लाइसेंस की ज़रूरत किसको है?.... 3
जूनियर लर्नर्स परमिट सम्बन्धी जानकारी 3
जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस सम्बन्धी जानकारी 3
आपको किस श्रेणी का ड्राइवर्स लाइसेंस चाहिये?.... 4
ड्राइवर्स लाइसेंस की श्रेणी.... 4
टेस्ट.... 5
जानकारी सम्बन्धी टेस्ट.... 5
रोड टेस्ट.... 5

अध्याय 2 - सिग्नल, संकेत और पेवमेंट सम्बन्धी निशान....7
सिग्नल 7
लाल, पीली और हरी ट्रैफिक लाइट्स और तीर के निशान 7
जलते-बुझते हुए सिग्नल.... 8
खराब ट्रैफिक लाइट्स 8
रैम्प-मीटरिंग सिगनल्स.... 8
लेन उपयोग नियंत्रण सिग्नल्स.... 8
पैदल यात्री सम्बन्धी सिग्नल्स.... 9
स्कूल ज़ोन सम्बन्धी सिग्नल्स 9
रेलमार्ग क्रॉसिंग सिग्नल्स.... 9
संकेत.... 10
विनियामक संकेत.... 10
चेतावनी संकेत 13
निर्देश यानि गाइड संकेतक 19
पेवमेंट पर अंकन.... 22
अध्याय 2 समीक्षा प्रश्न.... 23
अध्याय 2 – प्रश्नों के उत्तर.... 30

अध्याय 3 - ड्राइव करना सीखना....31
सबसे पहले सुरक्षा चुनाव 31
वाहन की जाँच: ड्राइव करने की तैयारी.... 31
चालक यानि ड्राइवर पर असर डालने वाले कारक.... 32
असावधानी 32
स्वास्थ्य संबंधी कारण 33
शराब और ड्राइविंग 33
नशीली दवा और ड्राइविंग 34
रोजाना का ड्राइविंग कौशल.... 35
दूरी का प्रबंधन.... 35
गति प्रबंधन.... 38
मुड़ना, ट्रैफिक में मिलना और आगे बढ़ना.... 44
चौराहे से गाड़ी निकालना.... 47
घुमाव पर चलना.... 51
हाईवे और इंटरचेंज पर गाड़ी चलाना.... 52
पार्किंग.... 52
समानांतर पार्किंग के लिए टिप्स 53
विशेष परिस्थितियां और इमरजेंसी.... 54
कार्य क्षेत्र (वर्क झोन्स) 54
रेलमार्ग क्रासिंग्स.... 55
पदयात्रियों, साइकिल सवारों और मोटरसाइकिल चालकों तथा मोपेड चालकों के साथ सड़क को साझा करना.... 55
ट्रकों और बसों के साथ सड़क को साझा करना 56
स्कूल बसें.... 58
आपातस्थिति वाहन और स्थितियाँ.... 59
रास्ता छोड़ कर हट जाएं (स्टीर क्लियर) कानून 59
घोड़े से खींचे जाने वाले वाहन और घुड़सवार 59
खुली बॉडी वाले ट्रक में यात्री.... 59
बर्फ हटाने वाली गाड़ी 60
सड़क पर आक्रोश से निपटना.... 60
वाहन चालन की आपातस्थितियों से निपटना.... 60
शवयात्रा.... 64
अध्याय 3 समीक्षा प्रश्न.... 65
अध्याय 3 – प्रश्नों के उत्तर.... 78

अध्याय 4 - ड्राइविंग रिकॉर्ड सूचना....79
पेनसिल्वेनिया पॉइंट प्रणाली 79
अगर पुलिस आपको रोकती है तो आपको क्या करना चाहिए.... 80
दुर्घटनाएं 81
भागना या पुलिस को चकमा देना 81
अल्कोहल या किसी नियंत्रित पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाना.... 81
कम उम्र में शराब पीना 84
ड्राइवर का लाइसेन्स क़रार (डीएलसी) 84
अध्याय 4 समीक्षा प्रश्न.... 86
अध्याय 4 प्रश्नों के उत्तर.... 88

अध्याय 5 – कानून और संबंधित मुद्दे....89
नाम या पते में परिवर्तन के लिए आवश्यक सूचन.... 89
सीट बेल्ट से संबंधित क़ानून 89
बच्चों को सीट पर बैठाने संबंधी क़ानून.... 90
बच्चों और पालतू जानवरों के लिए सुरक्षा निर्देश 90
एयर बैग सुरक्षा सूचना.... 91
विकलांगताग्रस्त अमरीकियों से संबंधित अधिनियम (एडीए).... 91
विकलांग व्यक्तियों के लिए पार्किंग की जगह.... 92
गंदगी फैलाने के विरुद्ध कानून.... 92
वाहन सुरक्षा और उत्सर्जन जाँच 92
सुरक्षित पासिंग (साइकिल) 92
टेक्स्टिंग.... 93
ट्रैफ़िक नियंत्रण डिवाइसेस द्वारा दी गई ख़तरनाक स्थितियों के बारे में चेतावनी का पालन करना.... 93

अध्याय 6 – संदर्भ 94
रोड टेस्ट और विशेष पॉइंट जाँच अपाइंटमेंट 94
गैर सीडीएल तृतीय पक्ष का परीक्षण कार्यक्रम.... 94
विभागीय फ़ॉर्म और प्रकाशन.... 94
राज्यव्यापी और काउंटी मानचित्र.... 94
अन्य सूचना 94
511पीए.... 94
कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता 95

अध्याय 1:
नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट सम्बन्धी जानकारी

यह अध्याय आपको पेनसिल्वेनिया में लर्नर्स परमिट प्राप्त करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा। जिन क्षेत्रों के बारे में बताया गया है, उनमें शामिल हैं:

- लर्नर्स परमिट के लिए आवेदन करना
- टेस्ट्स

लर्नर्स परमिट के लिए आवेदन करना

पेनसिल्वेनिया में मोटर वाहन चलाने से पहले आपको एक लर्नर्स परमिट प्राप्त करना होगा। आपको अपना ड्राइवर्स लाइसेंस प्राप्त करने के लिए दृष्टि, जानकारी और सड़क संबंधी टेस्ट पास करना होगा। नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट आवेदन (DL-180) आपकी शारीरिक परीक्षा की तारीख से एक (1) वर्ष के लिए वैध है; हालाँकि, शारीरिक परीक्षा की तारीख आपके 16वें जन्मदिन से छह (6) महीने से अधिक पहले की नहीं हो सकती है।

जब आपकी आयु 16 वर्ष या उससे अधिक हो, तो अपना नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट प्राप्त करने के लिए कृपया नीचे दिये गये कदमों का पालन करें। आप अपने 16वें जन्मदिन से पहले अपने परमिट के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।

1. हमारी वेबसाइट www.dmv.pa.gov पर फॉर्म्स एंड पब्लिकेशन्स लिंक के अंतर्गत पृष्ठ के ऊपरी हिस्से पर मिलने वाले नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट आवेदन-पत्र (DL-180) को पूरा भरें।
2. आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट आवेदन-पत्र (DL-180) के पीछे के भाग को पूरा भरना होगा। यह फॉर्म आपके 16वें जन्मदिन से छह (6) महीने से अधिक पहले नहीं भरा जाना चाहिए। सभी जानकारी पूरी भारी जानी चाहिए।
3. यदि ड्राइवर लाइसेंस परीक्षक यह निर्धारित नहीं कर सकता है कि नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट आवेदन-पत्र (DL-180) पर दी गई जानकारी चिकित्सा मानकों को पूरा करती है या नहीं, तो आपके लर्नर्स परमिट में देरी हो सकती है। आपको अतिरिक्त चिकित्सा जाँचों से गुजरना पड़ सकता है। यदि आपकी स्थिति ऐसी है जो आपकी ड्राइव करने की योग्यता को गंभीर रूप से नुकसान पहुँचाती है, तो आपके लिए एक दोहरे नियंत्रण वाला लर्नर्स परमिट लेना और किसी प्रमाणित प्रशिक्षक के साथ ड्राइव करना सीखना आवश्यक हो सकता है।
4. यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो आपके माता/पिता, अभिभावक, माता/पिता की जगह कानूनी दायित्व उठाने वाले व्यक्ति यानि लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हों, को माता/पिता या अभिभावक सम्बन्धी सहमति फॉर्म (DL-180TD) को पूरा भरना होगा जो हमारी वेबसाइट www.dmv.pa.gov पर फॉर्म्स एंड पब्लिकेशन्स लिंक के अंतर्गत पृष्ठ के ऊपरी हिस्से पर भी पाया जाता है। **यदि माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं आवेदक के साथ नहीं आ सकते हैं, तो DL-180TD को माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के पति/पत्नी के द्वारा नोटरी की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।** समुचित पहचान आवश्यक है और यदि अन्तिम नाम भिन्न हों, तो रिश्ते का सत्यापन आवश्यक है। यदि आपकी आयु 18 वर्ष से अधिक है, तो आपको निवास के दो (2) प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे:
   - जनोपयोगी सेवा (पानी, गैस, बिजली, केबिल, आदि) के वर्तमान बिल
   - टैक्स रिकॉर्ड
   - लीज़ अनुबंध
   - W-2 फॉर्म
   - हथियार का वर्तमान परमिट (केवल अमेरिकी नागरिक)
   - बंधक दस्तावेज

मैनुअल यानि निर्देशिका का अध्ययन कर लेने और ऊपर बताए गए कदमों का पालन करने के बाद, जब आप अपना जानकारी सम्बन्धी टेस्ट देने के लिए तैयार हों, तो **नीचे दिये गये मदों को लेकर ड्राइवर लाइसेंस सेंटर पर आयें:**

- अपना पूरा भरा हुआ नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट आवेदन-पत्र (DL-180)। **इस फॉर्म को डाक से न भेजें।** यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं, तो अपना पूरा भरा हुआ माता/पिता या अभिभावक सम्बन्धी सहमति फॉर्म (DL-180TD) को भी साथ लायें।
- जन्म तिथि और पहचान का प्रमाण। ये मूल दस्तावेज होने चाहियें (फोटोकॉपी स्वीकार **नहीं** की जायेंगी)।
- अपना सोशल सिक्युरिटी कार्ड।
- लागू फ़ीस। (ध्यान दें: भुगतान के स्वीकार्य प्रकार (प्रकारों) के लिए फॉर्म का पिछला हिस्सा देखें)

कृपया ध्यान दें: आपकी जन्म तिथि को साबित करने के लिए उपयोग किये जा सकने वाले पहचान के फॉर्म नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट आवेदन-पत्र (DL-180) के पीछे फीस के साथ दिये गए हैं।

यदि आपने अपनी नज़र की जाँच अपने HCP या ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा नहीं करायी है, तो आपकी नज़र की जाँच ड्राइवर लाइसेंस केंद्र पर की जायेगी। यदि आप चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, तो कृपया उन्हें अपने साथ लायें। फिर आप इस मैनुअल में बाद में वर्णित संकेतों, कानूनों, ड्राइविंग सम्बन्ध नियमों और सुरक्षित कार्य-व्यवहारों पर जानकारी सम्बन्धी टेस्ट देंगे। जानकारी सम्बन्धी टेस्ट पास कर लेने के बाद, परीक्षक आपको एक लर्नर्स परमिट देगा, जो एक (1) वर्ष के लिए वैध है। जब आप अपना

यदि आपने अपनी नज़र की जाँच अपने HCP या ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा नहीं करायी है, तो आपकी नज़र की जाँच ड्राइवर लाइसेंस केंद्र पर की जायेगी। यदि आप चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, तो कृपया उन्हें अपने साथ लायें। फिर आप इस मैनुअल में बाद में वर्णित संकेतों, कानूनों, ड्राइविंग सम्बन्ध नियमों और सुरक्षित कार्य-व्यवहारों पर जानकारी सम्बन्धी टेस्ट देंगे। जानकारी सम्बन्धी टेस्ट पास कर लेने के बाद, परीक्षक आपको एक लर्नर्स परमिट देगा, जो एक (1) वर्ष के लिए वैध है। जब आप अपना लर्नर्स परमिट प्राप्त कर लेते हैं, तो आप ड्राइविंग का अभ्यास शुरू कर सकते हैं। PennDOT की सलाह है कि युवा ड्राइवर इस समय अपने रोड टेस्ट का समय निर्धारित करें जब तक कि टेस्टिंग की तारीख आपके लर्नर्स परमिट पर छपी पात्रता की तारीख से पहले न हो।

यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो आपको अपना रोड टेस्ट देने से पहले कम से कम 65 घंटे के ड्राइविंग सम्बन्धी कौशल-निर्माण को पूरा करना है, जिसमें रात के समय कम से कम 10 घंटे की ड्राइविंग और खराब मौसम में पांच (5) घंटे की ड्राइविंग शामिल है। यह प्रशिक्षण आपको एक अच्छा, सुरक्षित ड्राइवर बनने के लिए आवश्यक कौशल सिखाने में मदद करेगा।

याद रखें: कोई लाइसेंसशुदा ड्राइवर जो कम से कम 21 वर्ष का हो या माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो और जो ड्राइवर्स लाइसेंस धारक हो, उसे हर समय आपके साथ अगली सीट पर सवार होना चाहिए। इसके अलावा, 18 वर्ष से कम उम्र के ड्राइवर वाहन में सीट बेल्ट की संख्या से अधिक यात्री नहीं बैठा सकते हैं।

जब आप अपने परमिट जारी किये जाने की तारीख से अनिवार्य छह (6) महीने का इंतजार पूरा कर चुके हों और आपके पास 65 घंटे के कौशल-निर्माण को पूरा कर चुके होने का हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र हो, जिसमें रात के समय कम से कम 10 घंटे की ड्राइविंग और खराब मौसम में पांच (5) घंटे की ड्राइविंग शामिल हो, तो आप अपना रोड टेस्ट दे सकते हैं। यदि आपका लर्नर्स परमिट समाप्त हो जाता है या यदि आप तीन (3) कोशिशों के बाद भी अपना रोड टेस्ट पास नहीं कर पाते हैं, तो आप नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट में जोड़ने/उसे बढ़ाने/उसके बदले प्रयोग में लाने/उसे बदलने/सुधारने के लिए एक आवेदन-पत्र (DL-31) प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप पेनसिल्वेनिया के राष्ट्रमंडल के बाहर ड्राइविंग के लिए अपने लर्नर्स परमिट का उपयोग कर रहे हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका लर्नर्स परमिट वैध माना जाये, कृपया अपनी बीमा कम्पनी और दूसरे राज्य के परिवहन विभाग से पता करलें।

यदि आपके लर्नर्स परमिट पर कोई जानकारी सही नहीं है, तो जब आप ड्राइवर लाइसेंस केंद्र पर टेस्टिंग के लिए आयें तो परीक्षक के लिए सही जानकारी का प्रमाण लेकर आयें।

यदि आप जानकारी सम्बन्धी टेस्ट में असफल हो जाते हैं, तो परीक्षक आपको नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट के आवेदन-पत्र (DL-180) और आपके माता/पिता या अभिभावक सम्बन्धी सहमति फॉर्म (DL-180TD) को वापस लौटा देगा। चाहे आपके टेस्ट का स्थान कोई भी हो, आप दिन में केवल एक बार जानकारी सम्बन्धी टेस्ट दे सकते हैं। अपने फॉर्म्स को सुरक्षित स्थान पर रखें क्योंकि जब आपका दोबारा टेस्ट लिया जाएगा तो आपको उन फॉर्म्स को अपने साथ लाना होगा।

अंग दाता (ऑर्गन डोनर) पदनाम

हर बार जब आप अपने पेनसिल्वेनिया ड्राइवर्स लाइसेंस का नवीनीकरण करायेंगे, तो आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप अपने ड्राइवर्स लाइसेंस पर "अंग दाता" पदनाम चाहते हैं। कृपया फोटो लाइसेंस केंद्र पर जाने से पहले तय करलें। जब आप फोटो लाइसेंस केंद्र पर अंग दाता के रूप में निर्दिष्ट किए जाने के लिए "हाँ" कहेंगे, तो आपके ड्राइवर्स लाइसेंस पर "अंग दाता " शब्द दिखाई देंगे।

18 वर्ष से कम आयु के आवेदक अपने ड्राइवर के लाइसेंस पर अंग दाता पदनाम के लिए अनुरोध कर सकते हैं और उसे प्राप्त कर सकते हैं; हालाँकि, उन्हें माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो, से लिखित सहमति लेनी होगी। वे माता/पिता या अभिभावक सम्बन्धी सहमति फॉर्म (DL-180TD) पर उपयुक्त ब्लॉक पर सही का निशान लगा कर सहमति दे सकते हैं। अंग और टिशु दान के बारे में जानकारी के लिए 1-877-DONOR-PA पर सम्पर्क करें।

आप हमारी वेबसाइट www.dmv.pa.gov के जरिये अपने ड्राइवर रिकॉर्ड में "अंग दाता" पदनाम भी जोड़ सकते हैं। इस सेवा चैनल के माध्यम से, आपको अपने ड्राइवर्स लाइसेंस के साथ रखने के लिए एक कार्ड प्रिंट करने का अवसर दिया जायेगा।

अंग दान जागरूकता सम्बन्धी ट्रस्ट फंड (ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस ट्रस्ट फंड - ODTF)

आपके पास गवर्नर Robert P. Casey मेमोरियल ऑर्गन एंड टिशु डोनेशन अवेयरनेस ट्रस्ट फंड में दान करने का अवसर है। यह ट्रस्ट फंड राष्ट्रमण्डल भर में विभिन्न अंग दान सम्बन्धी कार्यक्रमों को सहारा देने के लिए और इन कार्यक्रमों से सम्बन्धित सार्वजनिक जानकारी हेतु साधन जुटाने के लिए कोष का सृजन करेगा। यदि आप इस फंड में योगदान करना चाहते हैं, तो अपने ड्राइवर्स लाइसेंस फॉर्म पर एक सही का निशान लगायें। यह योगदान ड्राइवर्स लाइसेंस शुल्क में जोड़ा जाता है और जब आप पेनडॉट को अपना फॉर्म भेजें तो यह आपके भुगतान में शामिल होना चाहिए।

सेवानिवृत्त सैनिक (वेटरंस) पदनाम

आपके पास अपने ड्राइवर्स लाइसेंस में सेवानिवृत्त सैनिक पदनाम जोड़ने का अवसर है, जो स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि आप संयुक्त राज्य अमेरिका के सशस्त्र बलों के एक सेवानिवृत्त सैनिक हैं। इस हेतु योग्य ठहराये जाने के लिए, आपने संयुक्त राज्य अमेरिका के सशस्त्र बलों में, जिनमें रिज़र्व घटक या नेशनल गार्ड शामिल हैं, सेवा की हो, और इस तरह की सेवा से आपको असम्मानजनक के अलावा अन्य शर्तों के तहत सेवामुक्त किया गया हो या छुट्टी दी गई हो।

वेटरंस ट्रस्ट फंड (VTF)

आपके पास वीटीएफ में टैक्स की कटौती किए जाने योग्य योगदान करने का अवसर है। आपके योगदान से पेनसिल्वेनिया के सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कार्यक्रमों और प्रोजेक्ट्स का भार उठाने में मदद मिलेगी। चूंकि यह अतिरिक्त योगदान शुल्क का हिस्सा नहीं है, इसलिए कृपया दान की गयी राशि को अपने भुगतान में जोड़ें।

साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके अंशदान को ठीक से प्रबंधित किया जाये, फॉर्म पर समुचित ब्लॉक पर सही का निशान लगायें।

सोशल सिक्युरिटी नम्बर सम्बन्धी जानकारी

विभाग के लिए पेनसिल्वेनिया वाहन संहिता की धारा 1510(a) और/या 1609(a)(4) के प्रावधानों के तहत आपके सोशल सिक्युरिटी नम्बर, आपकी लम्बाई और आपकी आंखों के रंग सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करना कानूनी रूप से आवश्यक है। इस जानकारी का उपयोग ड्राइवर्स लाइसेंस सम्बन्धी धोखाधड़ी को कम करने के प्रयास में पहचान कराने वाली जानकारी के रूप में किया जायेगा। आपका सोशल सिक्युरिटी नम्बर आपके सार्वजनिक ड्राइवर्स रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। संघीय कानून राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों द्वारा पहचान के उद्देश्यों के लिए सोशल सिक्युरिटी नम्बर के उपयोग की अनुमति देता है। आपका सोशल सिक्युरिटी नम्बर आपके लर्नर्स परमिट या ड्राइवर्स लाइसेंस पर प्रिंट नहीं किया जाएगा।

पेनसिल्वेनिया दृष्टि मानक

आपकी दोनों में से किसी भी आँख की नज़र कमजोर हो सकती है और आप फिर भी ड्राइवर्स लाइसेंस प्राप्त करने में समर्थ हो सकते हैं; हालाँकि, आपके लिए चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस पहनना आवश्यक किया जा सकता है, आपको केवल दिन के उजाले में ही ड्राइविंग करने तक सीमित किया जा सकता है या आपको केवल साइड मिरर से लैस वाहनों को चलाने की अनुमति दी जा सकती है।

यदि आपकी नज़र दृष्टि मानकों को पूरा करने में असफल रहती है, तो परीक्षक आपको नेत्र जाँच सम्बन्धी फॉर्म (DL-102) की रिपोर्ट देगा। आपको किसी ऑप्टोमेट्रिस्ट, नेत्र रोग विशेषज्ञ या पारिवारिक चिकित्सक से अपनी नज़र की जाँच करानी होगी और इस फॉर्म को पूरा भरना होगा। जब फॉर्म पूरा हो जाये, तो आप जाँच जारी रखने के लिए ड्राइवर लाइसेंस केंद्र पर वापस लौट सकते हैं।

पेनसिल्वेनिया ड्राइवर्स लाइसेंस की ज़रूरत किसको है?

- जिन व्यक्तियों के पास अपने देश से जारी वैध विदेशी ड्राइवर्स लाइसेंस है, वे संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की तिथि से एक वर्ष तक, या अपने विदेशी लाइसेंस की समाप्ति तक, जो भी पहले आता हो, पेनसिल्वेनिया में ड्राइव करने के लिए अधिकृत हैं। अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट की प्रबल रूप से अनुशंसा की जाती है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है। रोड़ या जानकारी सम्बन्धी टेस्ट के बिना वैध नॉन-कॉमर्शियल ड्राइवर्स लाइसेंस के ट्रांसफर के लिए फ्रांस, जर्मनी, कोरिया और ताइवान देशों के साथ पारस्परिक समझौते मौजूद हैं; हालाँकि, नज़र की जाँच की व्यवस्था की जाएगी। (पोर्टे रिको, फ्रांस, या जर्मनी से ड्राइवर्स लाइसेंस का ट्रांसफर उसी दिन पूरा नहीं किया जा सकता है।)
- पेन्सिलवेनिया में रहने वाले ऐसे लोग जिनकी उम्र कम से कम 16 वर्ष है और वे मोटर वाहन चलाना चाहते हैं।
- ऐसे लोग जो पेन्सिलवेनिया में अभी आये हैं और पेन्सिलवेनिया में निवास स्थापित कर रहे हैं - यदि आपके पास किसी अन्य राज्य या कनाडा से जारी किया गया वैध ड्राइवर्स लाइसेंस है, तो आपको पेनसिल्वेनिया में आकर बसने के 60 दिनों के भीतर पेनसिल्वेनिया का ड्राइवर्स लाइसेंस प्राप्त करना होगा और अपना राज्य-के-बाहर का ड्राइवर्स लाइसेंस त्यागना होगा। .
- संयुक्त राज्य अमेरिका के सशस्त्र बलों में काम करने वाले ऐसे लोग जिनका कानूनी पता पेनसिल्वेनिया में है - इनमें पेनसिल्वेनिया में तैनात रिज़र्व घटकों के सदस्य शामिल हैं, जिन्हें गैर-सैन्य वाहन चलाने के लिए ड्राइवर्स लाइसेंस प्राप्त करना होगा।

जूनियर लर्नर्स परमिट सम्बन्धी जानकारी

आपका लर्नर्स परमिट आपके प्रारंभिक लर्नर्स परमिट पर छपी उसके जारी किये जाने की तारीख से एक (1) वर्ष के लिए मान्य होगा। इस समय के दौरान, यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं, तो आपके ड्राइविंग के विशेषाधिकार पर कुछ पाबंदियां हैं। वे हैं:

- आप केवल किसी ऐसे लाइसेंसशुदा ड्राइवर की देखरेख में ड्राइव कर सकते हैं जो कम से कम 21 वर्ष की उम्र का हो या माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो। निगरानी करने वाले ड्राइवर को अगली सीट पर बैठना चाहिए।
- आप अपने वाहन में उपलब्ध सीट बेल्ट की संख्या से अधिक यात्रियों को नहीं ले जा सकते हैं।

जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस सम्बन्धी जानकारी

जूनियर लर्नर्स परमिट की तरह, जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस के लिए कुछ पाबंदियां हैं। वे हैं:

- आप रात के 11 बजे और सुबह 5 बजे के बीच ड्राइव नहीं कर सकते हैं, जब तक कि आपके माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो, आपके साथ नहीं हो।

  हालाँकि, यदि आप किसी सार्वजनिक या धर्मार्थ सेवा में शामिल हैं, किसी स्वयंसेवी फायर कम्पनी के सदस्य हैं या उन घंटों के दौरान आप कार्यरत हैं, तो आप रात के 11 बजे और सुबह 5 बजे के बीच ड्राइव कर सकते हैं। इन मामलों में, आपको अपने नियोक्ता, सुपरवाईजर या फायर चीफ़ से एक नोटरीकृत हलफनामा या मंजूरी-प्रमाणपत्र साथ लेकर लेना चाहिए, जो आपकी गतिविधियों की संभावित समय-सूची को दर्शाता हो। यह नोटरीकृत शपथ पत्र आपके ड्राइवर्स लाइसेंस के साथ रखा जाना चाहिए।

- आप अपने वाहन में उपलब्ध सीट बेल्ट की संख्या से अधिक यात्रियों को नहीं ले जा सकते हैं।
- आप 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे एक (1) से अधिक यात्री को नहीं ले जा सकते हैं, जो निकटतम पारिवारिक सदस्य नहीं हो, जब तक कि आपके माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो, आपके साथ वाहन में नहीं हो। जूनियर लाइसेंस पर ड्राइविंग के पहले छह (6) महीनों के बाद, 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे यात्रियों के लिए अधिकतम सीमा तीन (3) तक बढ़ जाती है, जो निकटतम पारिवारिक सदस्य नहीं हों, जब तक कि आपके माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो, आपके साथ वाहन में नहीं हो। बढ़ी हुई सीमा किसी भी ऐसे जूनियर ड्राइवर पर लागू नहीं होती है जो कभी भी किसी ऐसी दुर्घटना में शामिल रहा हो जिसमें आप आंशिक रूप से या पूरी तरह से जिम्मेदार थे या जो किसी भी ड्राइविंग सम्बन्धी उल्लंघन का दोषी ठहराया गया हो।
- यदि आपके छह (6) या अधिक पॉइंट जमा हो जाते हैं या आप विज्ञापित की गयी गति सीमा के ऊपर 26 मील प्रति घंटे (mph) या उससे अधिक रफ़्तार की ड्राइविंग के दोषी पाये जाते हैं तो आपको 90-दिनों का अनिवार्य निलंबन प्राप्त होगा।
- एक (1) वर्ष तक जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस के धारक रहने के बाद यदि आप निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हैं, तो आपको नियमित ड्राइवर्स लाइसेंस मिल सकता है:
  - आपने PA शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित ड्राइवर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पास कर लिया हो।
  - आप एक (1) वर्ष से किसी ऐसी दुर्घटना में शामिल **नहीं** रहे हों जिसके लिए आप आंशिक रूप से या पूरी तरह से जिम्मेदार हों।
  - आपको एक (1) वर्ष से पेनसिल्वेनिया वाहन संहिता के किसी भी उल्लंघन का दोषी **नहीं** ठहराया गया हो।
  - आपके पास अपने माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो, की सहमति हो।

यदि आप इन शर्तों को पूरा करते हैं, तो आप जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस से नियमित नॉन-कॉमर्शियल ड्राइवर्स लाइसेंस (DL-59) में बदलाव के लिए एक आवेदन प्रस्तुत करके नियमित ड्राइवर्स लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। जब आप 18 वर्ष के हो जायेंगे, तो आपका जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस स्वत: नियमित ड्राइवर्स लाइसेंस बन जाएगा।

आपको किस श्रेणी का ड्राइवर्स लाइसेंस चाहिये?

पेनसिल्वेनिया में, ड्राइवर्स लाइसेंस विशिष्ट रूप से आपके द्वारा चलाये जाने वाले वाहन की श्रेणी और उसके प्रकार के लिए जारी किये जाते हैं। इसलिए, आपके पास किस श्रेणी का ड्राइवर्स लाइसेंस होना चाहिये, यह विशिष्ट रूप से आपके द्वारा चलाये जाने वाले वाहन के प्रकार पर निर्भर करता है। साधारणतया, पेनसिल्वेनिया ड्राइवर्स लाइसेंस के लिए आवेदकों में से अधिकतर नियमित यात्री वाहनों, पिक-अप ट्रकों या वैन के ऑपरेटर होंगे। **यह निर्देशिका यानि मैनुअल आपको एक नॉन-कॉमर्शियल श्रेणी C का ड्राइवर्स लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो कि इस प्रकार के वाहनों को कवर करने वाली श्रेणी है।**

ड्राइवर्स लाइसेंस की श्रेणी

- **श्रेणी A (न्यूनतम आयु 18 वर्ष):** 26,001 पौंड या उससे अधिक के सकल वजन की रेटिंग वाले किसी भी संयोजन के वाहनों को चलाने के लिए आवश्यक है, जहाँ पर खींचे जा रहे वाहन (वाहनों) का वज़न 10,000 पौंड से अधिक हो। उदाहरण: मनोरंजन सम्बन्धी वाहन, जब खींचने वाले वाहन को 11,000 पौंड पर रेट किया गया हो और खींचे जा रहे वाहन को 15,500 पौंड (कुल संयोजन का वजन 26,500 पौंड) पर रेट किया गया हो।
- **श्रेणी B (न्यूनतम आयु 18 वर्ष):** 26,000 पौंड से अधिक की रेटिंग वाले किसी भी एकल वाहन को चलाने के लिए आवश्यक है। उदाहरण: 26,001 पौंड या उससे अधिक की रेटिंग वाले मोटर होम।
- **श्रेणी C (न्यूनतम आयु 16 वर्ष):** श्रेणी C का ड्राइवर्स लाइसेंस 16 वर्ष या उससे अधिक की आयु के ऐसे व्यक्तियों को जारी किया जाएगा, जिन्होंने श्रेणी M की योग्यता की आवश्यकता वाले के अलावा, किसी भी वाहन को चलाने के लिए अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया है, और जो श्रेणी A या श्रेणी B की परिभाषाओं को पूरा नहीं करते हैं। कोई भी फायर फाइटर या बचाव या आपातकालीन दस्ते का ऐसा सदस्य, जो श्रेणी C के ड्राइवर्स लाइसेंस का धारक हो और जिसके पास फायर चीफ़ या बचाव या आपातकालीन दस्ते के प्रमुख से जारी मंजूरी का प्रमाण-पत्र हो, वह उस दमकल विभाग, बचाव या आपातकालीन दस्ते या नगरपालिका के लिए पंजीकृत किसी भी फायर या आपातकालीन वाहन को चलाने के लिए अधिकृत होगा। श्रेणी C के लाइसेंस के धारक को ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन और 50 सीसी या उससे कम की सिलेंडर क्षमता वाली मोटर-चालित साइकिल या एक बंद कैब के साथ तीन पहियों वाली मोटरसाइकिल चलाने के लिए अधिकृत किया जाता है।
- **श्रेणी M (न्यूनतम आयु 16 वर्ष):** श्रेणी M का ड्राइवर्स लाइसेंस 16 वर्ष या उससे अधिक की आयु के ऐसे व्यक्तियों को जारी किया जाएगा, जो मोटरसाइकिल या मोटर-चालित साइकिल को चलाने की अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर चुके हैं। यदि कोई व्यक्ति केवल मोटरसाइकिल या मोटर-चालित साइकिल चलाने के लिए योग्य पाया जाता है, तो उन्हें श्रेणी M का ड्राइवर्स लाइसेंस जारी किया जायेगा। यदि आप मोटर-चालित साइकिल पर टेस्ट देते हैं, तो हमारे ड्राइवर्स लाइसेंस पर एक "8" प्रतिबंध दिखाई देगा। यह प्रतिबंध आपको मोटरसाइकिल चलाने से मना करता है। यदि आप दो (2) से अधिक पहियों वाली मोटरसाइकिल पर टेस्ट देते हैं, तो आपके ड्राइवर्स लाइसेंस पर एक "9" प्रतिबंध दिखाई देगा। यह प्रतिबंध आपको दो-पहिया मोटरसाइकिल चलाने से मना करता है। कृपया मोटरसाइकिल सूचना केंद्र में पेनडॉट की ड्राइवर और वाहन सेवाओं की वेबसाइट पर स्थित पेनसिल्वेनिया मोटरसाइकिल ऑपरेटर्स मैनुअल (PUB 147) या मोपेड्स, मोटर-ड्राइवर साइकिलों और मोटरसाइकिलों की फैक्ट शीट देखें।
- **कॉमर्शियल श्रेणी A, B या C:** जिन ड्राइवर्स को कॉमर्शियल ड्राइवर्स लाइसेंस की ज़रूरत है, उन्हें पेन्सिलवेनिया कॉमर्शियल ड्राइवर्स मैनुअल (PUB 223) प्राप्त करना चाहिए, जिसमें टेस्ट्स की तैयारी करने के लिए आवश्यक विस्तृत जानकारी दी गई है। यह मैनुअल कॉमर्शियल ड्राइवर सूचना केंद्र में PennDOT की ड्राइवर और वाहन

टेस्ट

जानकारी सम्बन्धी टेस्ट

जानकारी सम्बन्धी टेस्ट ट्रैफिक साइन, पेनसिल्वेनिया के ड्राइविंग सम्बन्धी कानूनों और सुरक्षित ड्राइविंग सम्बन्धी कार्य-व्यवहारों के बारे में आपके ज्ञान को मापेगा। जानकारी सम्बन्धी टेस्ट लिखित और ऑडियो दोनों प्रारूप में निम्नलिखित भाषाओं में दिया जा सकता है - अनुरोध करने पर राष्ट्रमण्डल भर में सभी ड्राइवर लाइसेंस केंद्रों पर स्पैनिश, अरबी, चीनी (मैंडरिन), फ्रेंच, हिंदी, कोरियाई, रूसी, यूक्रेनी, वियतनामी, अंग्रेजी, बर्मी, ग्रीक, इतालवी, जापानी, नेपाली, पोलिश, सोमाली, और उर्दू भाषाएं। यदि आप जानकारी सम्बन्धी टेस्ट में असफल हो जाते हैं, तो आपको अगले कार्यदिवस पर यह टेस्ट दोबारा देने की अनुमति होगी। **वैध लर्नर्स परमिट प्राप्त करने से पहले इस टेस्ट को सफलतापूर्वक पूरा करना आवश्यक है।**

जानकारी सम्बन्धी टेस्ट में 18 बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं। टेस्ट पास करने के लिए आपको 15 सवालों के सही जवाब देने होंगे।

ड्राइविंग सम्बन्धी संभावित स्थितियाँ किशोर ड्राइवर सूचना केंद्र के अंतर्गत हमारी वेबसाइट (www.dmv.pa.gov/Driver-Services/Teen- Drivers/Pages/default.aspx#.VpAM5aMo670) पर और किशोर ड्राइवर सूचना केंद्र के तहत इस मैनुअल के ऑनलाइन संस्करण पर उपलब्ध हैं। आप दाईं ओर दिये गये QR कोड का उपयोग करके PA ड्राइवर्स लाइसेंस प्रैक्टिस टेस्ट ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं।

Google Play से अपने Android ™ के लिए डाउनलोड करें:
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.nicus a.pdt

PA ड्राइवर्स लाइसेंस प्रैक्टिस टेस्ट ऐप

ऐप स्टोर से सीधे अपने iOS डिवाइस™ के लिए डाउनलोड करें:
https://itunes.apple.com/us/app/pa-drivers-license-practice/id925842053?mt=8

रोड टेस्ट

यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं, तो हम अपने युवा ड्राइवरों को अपने कौशल सम्बन्धी टेस्ट को अग्रिम रूप से छह (6) महीने पहले निर्धारित करने की अनुमति देते हैं। युवा ड्राइवरों को पहले से ही योजना बनाने और यथाशीघ्र समय निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हम अनुशंसा करते हैं कि हमारे युवा ड्राइवर इस अवसर का लाभ उठाएं।

नॉन-कमर्शियल रोड टेस्ट देने के लिए अपॉइंटमेंट्स लिये जाने चाहियें। आप www.dmv.pa.gov पर ड्राइवर और वाहन सेवा वेबसाइट के माध्यम से अपना रोड टेस्ट शेड्यूल कर सकते हैं। यदि आपके पास इंटरनेट की सुलभता नहीं है, तो आप 1-800-423-5542 पर फोन करके अपना ड्राइवर्स टेस्ट निर्धारित कर सकते हैं।

इसके अलावा, PennDOT ने मार्केट-ड्रिवन शुल्क पर कौशल सम्बन्धी टेस्ट को संचालित करने के लिए तृतीय-पक्ष के व्यवसायों को प्रमाणित किया हुआ है। सभी तृतीय-पक्ष परीक्षक PennDOT-प्रमाणित हैं और टेस्ट भी उस टेस्ट के जैसा ही है जो आप PennDOT के ड्राइवर लाइसेंस केंद्र पर देंगे। अपने क्षेत्र के भाग लेने वाले व्यवसायों की सूची के लिए, www.dmv.pa.gov पर जायें।

आपको अपना रोड टेस्ट देने से पहले परीक्षक को निम्नलिखित चीजें प्रस्तुत करनी होंगी:

(सभी आइटम वैध और उस वाहन के लिए होने चाहियें जिसे आप अपने रोड टेस्ट के लिए उपयोग कर रहे हैं।)

- आपका वैध लर्नर्स परमिट।
- यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं, तो 65 घंटे के ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए माता/पिता या अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणीकरण फॉर्म (DL-180C)।
- रोड टेस्ट के लिए आपकी जिस वाहन को चलाने की योजना है, उसका वैध पंजीकरण कार्ड।
- इसका प्रमाण कि वाहन वर्तमान में बीमित है।
- उस व्यक्ति का वैध ड्राइवर्स लाइसेंस, जो कम से कम 21 वर्ष का हो या आपके साथ ड्राइवर लाइसेंस केंद्र पर आये माता/पिता, अभिभावक, लोको पेरेंटिस में व्यक्ति या पति/पत्नी जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो।

यदि आप ऊपर बताए गये मूल दस्तावेज (प्रतियां नहीं) नहीं लाते हैं, तो आपका टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

टेस्ट शुरू होने से पहले, एक ड्राइवर लाइसेंस परीक्षक यह देखने के लिए जाँच करेगा कि आपके वाहन का वैध पंजीकरण कार्ड, वर्तमान बीमा, वैध राज्य निरीक्षण सम्बन्धी स्टिकर और, यदि आवश्यक हो, तो वैध उत्सर्जन सम्बन्धी स्टिकर है। आपके वाहन पर लगे लाइट, हॉर्न, ब्रेक, विंडशील्ड वाइपर्स, टर्न सिग्नल्स, मिरर, दरवाजे, सीटें और टायर भी निश्चित रूप से सही से काम करने और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए जाँचे जायेंगे। यदि यह निर्धारित किया जाता है कि आपके वाहन का कोई भी हिस्सा असुरक्षित है या राज्य की निरीक्षण सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है, तो आपको रोड टेस्ट देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि आपका वाहन सीट बेल्ट से लैस है, तो सुनिश्चित करें कि वे साफ हों और उपयोग के लिए तैयार हों। आपको और परीक्षक को रोड टेस्ट के दौरान उन्हें पहनना आवश्यक होगा।

यदि आपका वाहन इस निरीक्षण में पास हो जाता है, तो परीक्षक यह देखने के लिए आपका टेस्ट लेगा कि आप सुरक्षित रूप से ड्राइव कर सकते हैं या नहीं।

यदि आप खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हैं, कानून का उल्लंघन करते हैं, दुर्घटना का कारण बनते हैं, परीक्षक के निर्देशों का पालन नहीं करते हैं या बहुत अधिक ड्राइविंग सम्बन्धी त्रुटियां करते हैं, तो आप रोड टेस्ट में असफल हो जायेंगे।

परीक्षक आपको रोड टेस्ट देने से पहले निम्नलिखित करने के लिए कह सकता है:

- **वाहन नियंत्रण:** हॉर्न, लाइट (पार्किंग लाइट, हाई और लो बीम हेडलाइट्स, टर्न सिग्नल्स), विंडशील्ड वाइपर्स, पार्किंग (आपातकालीन) ब्रेक, 4-वे फ्लैशर्स (खतरा सूचक लाइटें), डीफ्रॉस्टर, आदि को ऑपरेट करें। किसी भी वाहन नियंत्रण को ठीक से ऑपरेट नहीं कर पाने की स्थिति का परिणाम रोड टेस्ट में असफलता होगा।
- **समानान्तर पार्क:** अपने वाहन को दो (2) खड़े खंभों के बीच 24 फीट लंबी और आठ (8) फीट चौड़ी जगह के मध्य में पार्क करें। आपका पूरा वाहन पूरी तरह से जगह के अंदर होना चाहिए, और आप अपने वाहन के पीछे या सामने के खंभों में से किसी से भी सटा नहीं सकते हैं, पेंट की हुई लाइन को पार नहीं कर सकते हैं, या ऊपर कर्ब पर नहीं जा सकते हैं। आपके पास अधिकतम तीन (3) समायोजनों का इस्तेमाल करके अपने वाहन को सफलतापूर्वक पार्क करने का एक (1) प्रयास है।

ध्यान दें: उन्नत पार्किंग मार्गदर्शन सिस्टम से लैस वाहनों (सेल्फ पार्किंग वाहन) का उपयोग टेस्टिंग के लिए किया जा सकता है; हालाँकि, सेल्फ पार्किंग सुविधा को बंद कर दिया जाना चाहिए और रोड टेस्ट के दौरान इसे सक्रिय किए जाने की अनुमति नहीं है।

रोड टेस्ट के दौरान परीक्षक आपका एकमात्र यात्री होगा। जब रोड टेस्ट शुरू होगा, तो आपको बताया जाएगा कि कहाँ ड्राइव करना है और क्या युक्ति करनी हैं। **इस पर पूरा ध्यान दिया जाएगा कि आप चेतावनी संकेतों, रुकने के संकेतों और ट्रैफिक लाइट्स के पास किस ढंग से पहुँचते हैं और उनका पालन करते हैं।** परीक्षक ध्यान देगा कि आप अपने वाहन को कैसे नियंत्रित करते हैं, अन्य ड्राइवर्स को बताने के लिए टर्न सिग्नल का इस्तेमाल कैसे करते हैं या टेस्ट के दौरान आवश्यक होने पर किसी अन्य वाहन सम्बन्धी नियंत्रण का उपयोग कैसे करते हैं।

यदि आप किसी पेनडॉट ड्राइवर्स लाइसेंस सेंटर पर रोड टेस्ट पास कर लेते हैं, तो आपको उस समय अपना ड्राइवर्स लाइसेंस प्राप्त हो जायेगा।

आप निम्नलिखित के लिए रोड टेस्ट में फेल हो जायेंगे:

(ये रोड टेस्ट फेल होने के संभावित कारणों के कुछ उदाहरण हैं)

- वाहन के किसी नियंत्रण को ऑपरेट करने में असमर्थता
- किसी भी ट्रैफिक कानूनों का उल्लंघन करना (जैसे रुकने के संकेत का पालन न करना)
- परीक्षक द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन न करना
- दुर्घटना का कारण बनना
- मुड़ने के संकेतों का उपयोग नहीं करना
- खतरनाक तरीके से या लापरवाही के साथ ड्राइविंग
- सुरक्षित ड्राइविंग सम्बन्धी कार्य-व्यवहारों में त्रुटियां करना

यदि आप 18 वर्ष से कम आयु के हैं और रोड टेस्ट में असफल हो जाते हैं, तो पेनसिल्वेनिया के कानून के अनुसार आपको रोड टेस्ट को दोबारा देने से पहले सात (7) दिन इंतजार करना होगा। टेस्ट को फिर से देने में यह देरी आपको अभ्यास करने और अपने ड्राइविंग कौशल में सुधार करने का समय देगी। लर्नर्स परमिट की समाप्ति की तारीख से पहले रोड टेस्ट पास करने के लिए हर लर्नर्स परमिट के साथ आपके पास तीन (3) मौके हैं। तीसरी विफलता के बाद, आपको अपने लर्नर्स परमिट को बढ़ाने के लिए फिर से आवेदन करना होगा।

यदि आप तीन (3) कोशिशों के बाद अपना रोड टेस्ट पास नहीं करते हैं या यदि आपके लर्नर्स परमिट की अवधि समाप्त हो जाती है, तो आप नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट (DL-31) में जोड़ने/उसे बढ़ाने/उसके बदले प्रयोग में लाने/उसे बदलने/सुधारने के लिए एक आवेदन-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। यदि आपने अपनी शारीरिक परीक्षा की तारीख के तीन (3) वर्षों के भीतर रोड टेस्ट नहीं दिया या सफलतापूर्वक पूरा नहीं किया है, तो आपको एक अन्य नॉन-कॉमर्शियल लर्नर्स परमिट आवेदन-पत्र (DL-180) से फिर से शुरू करना होगा और जानकारी सम्बन्धी टेस्ट को फिर से देना होगा।

अध्याय 2:
सिग्नल, संकेत और पेवमेंट सम्बन्धी निशान

यह अध्याय आपको पेनसिल्वेनिया रोडवेज के बारे में जानने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। इसमें शामिल हैं:

- सिग्नल
- संकेत
- पेवमेंट सम्बन्धी निशान

सिग्नल

वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाते हैं। ट्रैफिक सिग्नल या तो लम्बवत रेखाओं या क्षैतिज रेखाओं में व्यवस्थित किये जाते हैं। जब उन्हें लम्बवत व्यवस्थित किया जाता है, तो लाल रंग की लाइट हमेशा सबसे ऊपर होती है और हरे रंग की सबसे नीचे होती है। जब उन्हें क्षैतिज रूप से व्यवस्थित किया जाता है, तो लाल रंग की लाइट हमेशा बाईं तरफ होती है और हरे रंग की दाईं ओर।

लाल, पीली और हरी ट्रैफिक लाइट्स और तीर के निशान

जब **स्थिर लाल लाइट** हो, तो आपको चिह्नित **स्टॉप** लाइन या क्रॉसवॉक को पार करने से पहले रुक जाना चाहिए। यदि आपको कोई लाइन्स दिखायी नहीं दें, तो चौराहे पर प्रवेश करने से पहले रुकें। शुरू करने से पहले हरी बत्ती का इंतजार करें।

जब बत्ती लाल हो तो आप दायें मुड़ सकते हैं, जब तक कि चौराहे पर **लाल बत्ती पर दायें न मुड़ें** का साइन न लगा हो। आपको पहले रुकना चाहिए, देखना चाहिए और पैदल यात्रियों तथा अन्य ट्रैफिक को रास्ता देना चाहिए।

लाल बत्ती पर रुकने के बाद आप बाईं ओर भी मुड़ सकते हैं, यदि आप बाईं लेन में हैं और किसी एक-तरफ़ा सड़क से दूसरी एक-तरफ़ा सड़क पर बाएँ मुड़ रहे हैं, जब तक कि कोई साइन आपको मुड़ने से मना न करता हो। आपको पहले रुकना, देखना और पैदल यात्रियों तथा अन्य ट्रैफिक को रास्ता देना चाहिए।

स्थिर पीली लाइट आपको बताती है कि जल्द ही स्थिर लाल लाइट दिखाई देगी। यदि आप किसी चौराहे की ओर गाड़ी चला रहे हों और पीली लाइट दिखाई दे, तो वाहन को धीमा करें और रुकने की तैयारी करें। यदि आप चौराहे के भीतर हों या चौराहे पर प्रवेश करने से पहले सुरक्षित रूप से नहीं रुक सकते हों, तो सावधानी पूर्वक पार करना जारी रखें।

स्थिर हरी लाइट का मतलब है आप चौराहे के आरपार ड्राइव कर सकते हैं, यदि सड़क साफ हो। आप दाएं या बाएं भी मुड़ सकते हैं जब तक कि कोई साइन आपको ऐसा करने से मना न करता हो; हालांकि, मुड़ते समय, आपको चौराहे के भीतर अन्य वाहनों और पैदल यात्रियों को रास्ता देना चाहिए।

स्थिर लाल तीर का मतलब है कि आपको रुक जाना चाहिए और तीर द्वारा इंगित दिशा में नहीं मुड़ना चाहिए। स्टार्ट करने से पहले हरे तीर या जलते-बुझते हुए पीले तीर की प्रतीक्षा करें। ऐसे लाल बत्ती-पर-मोड़ जिनकी स्थिर लाल सिग्नल के लिए अनुमति है, उनकी ही स्थिर लाल तीर के लिए अनुमति है।

स्थिर पीले तीर का मतलब है कि हरे तीर या जलते-बुझते हुए पीले तीर द्वारा अनुमत चलने की प्रक्रिया समाप्त होने वाली है और सिग्नल जल्द ही लाल हो जायेगा। आपको वाहन को धीमा कर लेना चाहिए और चौराहे पर प्रवेश करने से पहले पूरी तरह से रुकने की तैयारी कर लेनी चाहिए। यदि आप चौराहे के भीतर हों या चौराहे पर प्रवेश करने से पहले सुरक्षित रूप से नहीं रुक सकते हों, तो आप सावधानी के साथ पूर्ववर्ती तीर पर शुरू हुए मोड़ को पूरा कर सकते हैं।

स्थिर हरे तीर का मतलब है कि आप तीर द्वारा इंगित दिशा में मुड़ सकते हैं। जब आप हरे तीर की अवस्था के दौरान मुड़ते हैं, तो आपका मोड़ "निरापद" होता है क्योंकि आने वाले ट्रैफ़िक को लाल बत्ती द्वारा रोक दिया जाता है। यदि हरा तीर हरी लाइट में बदल जाये, तो आप अभी भी उस दिशा में मुड़ सकते हैं, लेकिन पहले पैदल यात्रियों और आने वाले ट्रैफिक को रास्ता दें।

जलते-बुझते हुए सिग्नल

एक चमकती हुई लाल बत्ती का मतलब वही है जो STOP (**स्टॉप**) साइन का है। आपको पूरी तरह रुक जाना चाहिए। फिर, दोनों तरफ देखें, और चौराहे के साफ हो जाने के बाद ही आगे बढ़ें।

एक चमकती हुई पीली रोशनी का मतलब है CAUTION (**सावधानी**)। वाहन को धीमा करें, देखें और सावधानी के साथ आगे बढ़ें।

जलते-बुझते हुए पीले तीर का मतलब है कि आप सावधानी के साथ तीर की दिशा में मुड़ सकते हैं, हालांकि, आपको पहले आने वाले ट्रैफ़िक और पैदल यात्रियों को रास्ता देना चाहिए। जब आप जलते-बुझते पीले तीर की अवस्था के दौरान मुड़ते हैं, तो आपका मोड़ निरापद नहीं होता है; आने वाले ट्रैफ़िक के लिए हरी बत्ती होगी।

खराब ट्रैफिक लाइट्स

किसी खराब ट्रैफिक सिग्नल को ऐसे माना जाना चाहिए मानो यह कोई चौ-तरफा STOP (**स्टॉप**) साइन हो।

रैम्प-मीटरिंग सिगनल्स

कुछ राजमार्ग यानि हाईवे प्रवेश रैम्प पर रैम्प के अंत में ट्रैफिक सिग्नल होते हैं जो कि स्थिर हरे और स्थिर लाल के बीच बारी-बारी से बदलते हैं। रैम्प मीटरिंग सिग्नल्स का उपयोग बहुत भीड़भाड़ वाले हाईवे पर यातायात के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है और इन्हें आमतौर पर अतिव्यस्त समय के दौरान ऑपरेट किया जाता है। हाईवे पर प्रवेश करने से पहले आपको हरे सिग्नल का इंतजार करना चाहिए। सिंगल-लेन रैम्प पर, हर बार हरी बत्ती होने पर केवल एक (1) ही कार हाईवे पर प्रवेश कर सकती है। रैम्प्स पर मल्टी-लेन के लिए, हर लेन के लिए एक रैम्प मीटर होगा। **हरी बत्ती हाईवे पर आपके प्रवेश को निरापद नहीं बनाती है — आपको अभी भी हाईवे पर प्रवेश करने के लिए ट्रैफिक में सुरक्षित फासला ढूँढना चाहिए।**

लेन उपयोग नियंत्रण सिग्नल्स

ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए विशेष सिग्नल्स को सीधे लेन पर भी रखा जा सकता है। ये आमतौर पर शहरों में टोल बूथों, पुलों, सुरंगों और मल्टी-लेन वाली सड़कों पर इस्तेमाल किये जाते हैं, जहां एक विशेष लेन के लिए यात्रा की दिशा अतिव्यस्त समय के दौरान शहर के अन्दर या शहर से बाहर ट्रैफिक के प्रवाह को सुगम बनाने के लिए बदलती है। निम्नलिखित सिग्नल दर्शाते हैं कि किसी स्ट्रीट या हाईवे की विशिष्ट लेन्स का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए:

ट्रैफ़िक लेन के ऊपर एक स्थिर नीचे की ओर के हरे तीर होने का मतलब है कि आप लेन का उपयोग कर सकते हैं।

A ट्रैफिक लेन के ऊपर एक स्थिर पीले "X" का मतलब है कि आपको लेन बदल लेनी चाहिए क्योंकि उस लेन के लिए यात्रा की दिशा उलटने वाली है। लेन को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए तैयार हो जायें।

लेन के ऊपर एक स्थिर लाल "X" का मतलब है कि आपको उस ट्रैफिक लेन का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

लेन के ऊपर एक सफ़ेद स्थिर, एक-तरफ़ा बायें-मोड वाले तीर का मतलब है कि आप केवल बायें मुड़ सकते हैं, यदि आप उस लेन में हैं।

लेन के ऊपर एक सफ़ेद स्थिर, दो-तरफ़ा बायें-मोड वाले तीर का मतलब है कि आप केवल बायें मुड़ सकते हैं, यदि आप उस लेन में हैं, लेकिन लेन को विपरीत दिशा से आने वाले बायें-मुड़ने वाले द ड्राइवर्स के द्वारा साझा किया जाता है।

पैदल यात्री सम्बन्धी सिग्नल्स

पैदल यात्रियों को ट्रैफिक और पैदल यात्रियों से सम्बन्धित सिग्नल्स का पालन करना चाहिए। पैदल यात्रियों से सम्बन्धित जिन सिग्नल्स का आपके द्वारा पालन किया जाना चाहिए,वे हैं WALK और DON'T WALK की बत्तियाँ या चल रहे व्यक्ति की रोशनी वाली तस्वीर (जिसका अर्थ है चलना) और ऊपर की ओर उठा हुआ हाथ (जिसका अर्थ है चलना नहीं है)। यदि चौराहे पर कोई पैदल यात्री सम्बन्धी सिग्नल नहीं है, तो पैदल यात्रियों को लाल, पीले और हरे रंग की ट्रैफिक लाइट का पालन करना चाहिए।

कभी-कभी पैदल यात्रियों को ट्रैफिक और पैदल यात्री सम्बन्धी सिग्नल्स पर अपनी जिम्मेदारियों के बारे में पता नहीं होता है। ऐसे पैदल यात्रियों के लिए सतर्क रहें, जो हो सकता है कि सिग्नल का पालन नहीं करें। हमेशा पैदल यात्रियों को रास्ता दें।

जब एक स्थिर WALK या चलता हुआ व्यक्ति आये, तो पार करना शुरू करें, लेकिन ऐसे मुड़ते हुए वाहनों के लिए सतर्क रहें जो हो सकता है कानूनन रास्ते के अधिकार का पालन न करें।

जब चमकता हुआ DON'T WALK या चमकता हुआ ऊपर उठा हाथ शुरू हो:

a. यदि आप स्ट्रीट में हैं, तो पार करना खत्म करें।

b. यदि आपने कर्ब नहीं छोड़ा है, तो **पार करना शुरू न करें।**

जब स्थिर DON'T WALK का संदेश या स्थिर ऊपर उठा हाथ प्रदर्शित हो, तो पार नहीं करें।

ने रहीन पैदल या री

जब किसी ऐसे नेत्रहीन पैदल यात्री की ओर पास ड्राइव कर रहे हों जो एक सफ़ेद छड़ी लेकर चल रहा हो या किसी मार्गदर्शक कुत्ते के साथ चल रहा हो, तो आपको वाहन धीमा कर लेना चाहिए, हमेशा उसे रास्ता देना चाहिए और फिर सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। पैदल यात्री को चोट या खतरे से बचाने के लिए अपने वाहन को रोकने के लिए तैयार रहें।

स्कूल ज़ोन सम्बन्धी सिग्नल्स

स्कूल ज़ोन सिग्नल्स स्कूल ज़ोन के रफ्तार की सीमा सम्बन्धी साइन पर लगाए गए जलते-बुझते हुए पीले सिग्नल हैं। जब पीले सिग्नल चमक रहे हों या साइन पर बतायी गयी समयावधि के दौरान आपको 15 मील प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार पर यात्रा नहीं करनी चाहिए। स्कूल ज़ोन में गति सीमा से अधिक रफ्तार होने पर आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड पर तीन (3) डिमेरिट अंक जुड़ जायेंगे, और आप पर जुर्माना भी लगाया जायेगा।

रेलमार्ग क्रॉसिंग सिग्नल्स

रेलमार्ग क्रॉसिंग के पास पहुंचने पर रेलमार्ग क्रॉसिंग साइन द्वारा ड्राइवर्स को सतर्क किया जाता है। रेलमार्ग क्रॉसिंग के पास हर समय सावधानी के साथ आना चाहिए। रेलमार्ग ट्रैक को पार करने से पहले आपको हमेशा दोनों तरह देखना चाहिए और किसी भी नज़दीक आने वाली रेलगाड़ी या सिग्नल्स के लिए ध्यान से सुनना चाहिए।

नज़दीक आने वाली रेलगाड़ी के सिग्नल होने पर आपको सभी रेलमार्ग क्रॉसिंग पर रुकना आवश्यक है। इन सिग्नल्स में चमकती हुई लाल बत्तियाँ, नीचा किया हुआ क्रॉसिंग गेट, फ़्लैगर सिग्नलिंग या ट्रेन का सुनाई दे सकने वाला चेतावनी सिग्नल शामिल हैं। आगे न बढ़ें या किसी भी फाटक के आसपास जाने या ट्रेन के किसी भी संकेत को अनदेखा करने का प्रयास न करें। यदि रेलमार्ग क्रॉसिंग पर कोई सिग्नल नहीं हों, तो आपको वाहन को धीमा कर लेना चाहिए और यदि आपको कोई ट्रेन पास आती हुई दिखाई दे या उसकी आवाज़ सुनाई दे, तो आपको रुकने की तैयारी करनी चाहिए।

सभी सिगनल्स के पूरा हो जाने के बाद ही सावधानी के साथ आगे बढ़ें और केवल तभी जब स्पष्ट हो जाये कि कोई भी रेलगाड़ी क्रॉसिंग के पास नहीं आ रही है।

यदि कोई ट्रेन आ रही हो और आपको उसके सुनाई दे सकने वाले सिग्नल की आवाज़ आ रही हो या वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हो और क्रॉसिंग से खतरनाक निकटता की दूरी पर हो, तो आपको रुक जाना चाहिए।

रेलमार्ग पर अपने वाहन को न रोकें, भले ही कोई ट्रेन आती दिखाई दे या नहीं। यदि ट्रैफ़िक सिग्नल,स्टॉप साइन या किसी अन्य कारण से थमा हुआ है तो सुनिश्चित करें कि आप अपने वाहन को किसी ऐसे स्थान पर रोकें जहाँ यह किसी भी रेलमार्ग की पटरियों से पूरी तरह से साफ हो। किसी हाईवे-रेलमार्ग के चौराहे को सुरक्षित रूप से कैसे पार करें, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए अध्याय 3 देखें।



रेलमार्ग क्रॉसिंग के सिग्नल्स और चिह्नों का पालन करें।

संकेत

संकेतों को तीन (3) मूल श्रेणियों में विभाजित किया जाता हैः विनियामक, चेतावनी और मार्गदर्शन संकेत। प्रत्येक श्रेणी के भीतर अधिकांश संकेतों का एक विशेष आकार और रंग होता है।

विनियामक संकेत

विनियामक संकेत आपको बताते हैं कि आपको कानून के अनुसार क्या करना चाहिए, या क्या नहीं करना चाहिए। इन संकेतों पर पोस्ट किए गए विनियम आपको गति सीमा, यातायात की दिशा, मोड़ प्रतिबंध, पार्किंग प्रतिबंध आदि के बारे में सलाह देते हैं। यदि आप विनियामक संकेतों पर संदेशों का पालन नहीं करते हैं, तो आप पर जुर्माना लगाया जा सकता है और आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड पर अंक प्राप्त हो सकते हैं क्योंकि आप कानून तोड़ रहे हैं। आप विनियामक संकेतों पर संदेशों की अवज्ञा करके अपनी सुरक्षा और दूसरों की सुरक्षा को भी जोखिम में डालते हैं - उदाहरण के लिए, स्टॉप संकेत पर रुकने में विफल होना, किसी दूसरी कार को उस समय पास करना जहां ऐसा करना सुरक्षित नहीं है, पोस्ट की गई गति सीमा से अधिक तेज ड्राइविंग करना या वन वे सड़क पर गलत दिशा में ड्राइविंग करना।

आमतौर पर, विनियामक संकेत काले और सफेद खड़े आयत या वर्ग होते हैं, जैसे **स्पीड लिमि**ट संकेत। कुछ विनियामक संकेत काले, सफेद और लाल होते हैं, जैसे **नो लेफ्ट टर्न** संकेत एक वृत्त और स्लैश के साथ। अन्य विनियामक संकेत लाल और सफेद होते हैं जैसे **स्टॉप, यिल्ड, डू नॉट एंटर तथा रांग** वे संकेत।

स्टॉप संकेत ही केवल अष्टभुजाकार (8 भुजा वाला) होता है जिसे आप राजमार्गों पर देखते हैं। **स्टॉप** संकेत के साथ किसी चौराहे पर आपको पूरी तरह से रूक जाना चाहिए, पैदल चलने वालों को देखना चाहिए और फिर से चलने से पहले ट्रैफिक को साफ होने देना चाहिए। पूरी तरह से रूके बिना धीमे हो जाना अवैध है।

जब आप किसी क्रॉसवॉक या स्टॉप लाइन (सफेद शीर्ष वाली पट्टी) को देखते हैं, तो अपने वाहन के सामने वाले भाग के पहली पेंट रेखा पर पहुंचने से पहले रुकें। यदि आप ट्रैफ़िक नहीं देख पा रहे हैं, तो किसी पैदल यात्री को जाने दें और तब तक सावधानीपूर्वक रेखा से आगे बढ़ें जब तक कि आप स्पष्ट रूप से न देख सकें। ट्रैफ़िक और पैदल चलने वालों के लिए देखें और फिर चौराहा साफ होने पर आगे बढ़ें।

इस चिन्ह का उपयोग भी स्टॉप संकेतों के साथ संयोजन में किया जाता है। यह संकेत मोटर चालकों को बिना रुके दायीं ओर मुड़ने की अनुमति देता है।

फोर वे स्टॉप संकेत का मतलब है कि इस चौराहे पर चार स्टॉप संकेत हैं। चारों दिशाओं से ट्रैफिक रूक जाना चाहिए। चौराहे तक पहुंचने वाला पहला वाहन पहले आगे बढ़ना चाहिए। यदि दो वाहन एक ही समय पर चौराहे पर पहुंचते हैं, तो बाईं ओर का चालक दाईं ओर के चालक को जाने देता है। यदि एक दूसरे के सामने हैं तो दोनों संभावित मोड़ों को देखते हुए सावधानी से आगे बढ़ सकते हैं।

यिल्ड संकेत त्रिकोणीय (3-पक्षीय) आकार में होता है। जब आप इस संकेत को देखते हैं, तो आपको धीमा हो जाना चाहिए और ट्रैफ़िक को देखना चाहिए और पैदल चलने वालों को तथा पास आते क्रॉस ट्रैफिक को रास्ता देना चाहिए। आप केवल तभी रुकें जब यह आवश्यक हो। आगे तभी बढ़ें जब आप सामान्य यातायात प्रवाह में हस्तक्षेप किए बिना यह सुरक्षित रूप से कर सकते हैं। याद रखें, **स्टॉप** या **यिल्ड** संकेत स्थानों पर जारी रखने से पहले आपके पास ट्रैफ़िक में पर्याप्त अंतराल होना चाहिए।

इस संकेत का इस्तेमाल यिल्ड संकेत के साथ संयोजन में एक लेन पुल पर या अंडरपास स्थलों पर मोटरचालकों को सचेत करने के लिए किया जाता है कि उन्हें एक लेन वाले रास्ते पर विपरीत दिशा से आने वाले ट्रैफिक को गुजरने देना चाहिए।

रेलरोड क्रॉसबक संकेत, यह संकेत ऐसे रेलमार्ग क्रॉसिंग पर लगाया जाता है जहाँ रेल पटरियां सड़क मार्ग को क्रॉस करती हैं। आपको क्रॉसबक संकेत को एक **यिल्ड** संकेत के रूप में मानना चाहिए, यदि आप किसी ट्रेन को पास आते हुए सुनते हैं, तो धीमा हो जाएं और रूकने की तैयारी करें। रेलमार्ग क्रॉसिंग सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी के लिए अध्याय 3 देखें।

डू नॉट एंटर एवं **रांग वे** संकेत एक टीम के रूप में काम करते हैं। **डू नॉट एंटर** संकेत वन वे मार्गों तथा रैंपों के प्रवेश पर लगाया जाता है। जब आप इस संकेत को देखते हैं तो उस मार्ग या रैंप पर ड्राइव न करें, जिस दिशा में आप जा रहे हैं।

रांग वे संकेतों को वन वे सड़क या रैंप के नीचे लगाया जाता है। उनको वहाँ आपका ध्यान उस समय आकर्षित करने के लिए लगाया जाता है, अगर आप गलती से सड़क या रैंप पर मुड़ते हैं।

वन वे संकेत का मतलब है कि ट्रैफ़िक को केवल उसी दिशा में जाने की अनुमति है जिसमें संकेत इंगित कर रहा है। यदि आप विपरीत दिशा में यात्रा करते हुए वन वे मार्ग पर मुड़ जाते हैं तो आपकी आमने सामने से टक्कर होने की संभावना है।

विभाजित राजमार्ग

इस संकेत का मतलब है कि आप एक विभाजित राजमार्ग के साथ चौराहों पर हैं। विभाजित राजमार्ग वास्तव में दो (2) वन-वे सड़क मार्ग हैं जिनको एक मध्य रेखा या एक गाइड रेल द्वारा अलग किया जाता है। पहले सड़क मार्ग पर, आप केवल दाएं मुड़ सकते हैं, और दूसरे सड़क मार्ग पर, आप केवल बाएं मुड़ सकते हैं।

नो ट्रक्स

नो बायसिकल्स

नो पेडेस्ट्रियन क्रॉसिंग

नो ट्रक्स, नो बायसिकल्स तथा
नो पेडेस्ट्रियन क्रॉसिंग

ट्रक चालक, साइकिल और पैदल यात्री ऐसे सड़क मार्ग का उपयोग नहीं कर सकते हैं जहाँ इस तरह के संकेत लगे होते हैं।

नो यू टर्न

यह संकेत यू मोड़ को निषिद्ध करता है। विपरीत दिशा में जाने के लिए पूर्ण रूप से न मुड़ें।

नो राइट टर्न

यह संकेत इंगित करता है कि दाएं मुड़ना निषिद्ध है। इस चौराहे पर दाएं न मुड़ें।

नो लेफ्ट टर्न

यह संकेत इंगित करता है कि बाएं मुड़ना निषिद्ध है। इस चौराहे पर बाएं न मुड़ें।

नो पार्किंग

आप उन स्थानों पर वाहन पार्क नहीं कर सकते हैं जहाँ यह संकेत लगा होता है।

डू नॉट पास

यह संकेत उन क्षेत्रों में लगाया जा सकता है जहां आप उसी दिशा में जाने वाले वाहनों को पास नहीं कर सकते हैं। यह अक्सर पीले पेनेंट आकार के संकेत के साथ होता है जिस पर लिखा होता है **नो पासिंग झोन** ("चेतावनी संकेत" का संदर्भ लें)।

निम्नलिखित **लेन उपयोग नियंत्रण संकेतों (दिशात्मक)** को चौराहों पर या उनके निकट उस ट्रैफिक लेन के ऊपर लगाया जाता है, जिस पर वे उस लेन में कैसे मुड़ने की अनुमति है दिखाने के लिए करते हैं।

यह संकेत इंगित करता है कि आगे चौराहे पर लेन में ट्रैफिक बाईं ओर मुड़ना चाहिए और बगल वाली लेन में ट्रैफिक बाईं ओर मुड़ सकता है या सीधे जारी रह सकता है।

मध्य लेन से सिर्फ बायें मुड़ने की अनुमति

यह संकेत इंगित करता है कि जहां कोई लेन किसी भी दिशा में बाएं-मुड़ने वाले वाहनों के अनन्य उपयोग के लिए आरक्षित है और इसका उपयोग ट्रैफिक के गुजरने या पास करने के लिए नहीं किया जाना है।

लेन उपयोग नियंत्रण संकेत *(जारी)*

दाएं या बाएं मुड़ें

सीधे या दाएं मुड़ें

यदि आप इस तरह के संकेतों से नियंत्रित लेन में हैं, तो आप तीर की किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं।

सिर्फ दाएं मुड़ें

सिर्फ बाएं मुड़ें

यदि आप ऐसी लेन में हैं जो ऐसे तीर के निशान वाले संकेत और शब्द "ONLY" द्वारा नियंत्रित है, तो जब आप चौराहे पर पहुंचते हैं, तो आपको मुड़ना होगा। आप केवल तीर दिशा में यात्रा कर सकते हैं, भले ही आप गलती से केवल मुड़े वाली लेन में हों।

कीप राइट

ये संकेत वाहन चालक को ट्रैफिक आइलैंड या डिवाइडर की दाईं ओर रहने का निर्देश देते हैं।

राइट टर्न सिग्नल

यह संकेत किसी ऐसे यातायात सिग्नल के पास लगाया जाता है जो यह इंगित करता है कि सिग्नल होने पर दाईं ओर का यातायात चालू होता है।

गति सीमा का संकेत राजमार्ग के उस हिस्से के लिए, जहाँ वह लगा है, आदर्श परिस्थितियों में अधिकतम कानूनी गति को इंगित करता है। आपकी सुरक्षा खराब परिस्थितियों में इंगित गति से कम पर गाड़ी चलाने पर निर्भर करेगी।

किशोर दुर्घटना तथ्य

दुर्घटनाओं में 16 और 17 वर्षीय वाहन चालकों के शामिल होने का न. 1 कारण "परिस्थितियों के लिए अत्यधिक गति से गाड़ी चलाना" है।

आप ऐसे किसी भी चौराहे पर जहाँ इनमें से कोई संकेत लगा है, लाल बत्ती के दौरान मुड़ नहीं सकते। आपको सिग्नल के हरे होने की प्रतीक्षा करनी होगी।

पीले तीर के चमकते समय बाईं ओर मुड़ना

यह संकेत इंगित करता है कि पीले तीर के चमकने पर बाईं ओर मुड़ने की अनुमति है, लेकिन आपको आने वाले ट्रैफ़िक का ध्यान रखना होगा। यह संकेत आमतौर पर चौराहों, बाएं ओर मुड़ने वाले यातायात सिग्नल पर लगाया जाता है, चालकों को यह सूचित करने के लिए कि पीले तीर के चमकते समय बाएं ओर मुड़ना सुरक्षित नहीं किया गया है।

हरे होने पर

बाईं ओर मुड़ना यह संकेत इंगित करता है कि बाईं ओर मुड़ने की अनुमति है, लेकिन आपको आने वाले ट्रैफ़िक का ध्यान रखना होगा। यह संकेत आमतौर पर चौराहों, बाएं ओर मुड़ने वाले यातायात सिग्नल पर लगाया जाता है, चालकों को यह याद दिलाने के लिए कि हरी बत्ती के जलने पर बाएं ओर मुड़ना निरापद नहीं है।

उलटी दिशा में ज्यादा देर का हरा सिग्नल है

यह संकेत वहाँ लगाया जाता है जहाँ आपका सिग्नल लाल होने के बाद भी उलटी दिशा का यातायात चलता रह सकता है।

आरक्षित पार्किंग

हरे होने पर बाईं ओर मुड़ना यह संकेत इंगित करता है कि बाईं ओर मुड़ने की अनुमति है, लेकिन आपको आने वाले ट्रैफ़िक का ध्यान रखना होगा। यह संकेत आमतौर पर चौराहों, बाएं ओर मुड़ने वाले यातायात सिग्नल पर लगाया जाता है, चालकों को यह याद दिलाने के लिए कि हरी बत्ती के जलने पर बाएं ओर मुड़ना निरापद नहीं है।

चेतावनी संकेत

चेतावनी के संकेत आपको आगे की सड़क की या उसके निकट की स्थितियों के बारे में बताते हैं। वे आपको संभावित खतरों या सड़क की स्थिति में परिवर्तनों के बारे में चेतावनी देते हैं। वे स्थान से पहले लगाये जाते हैं, ताकि आपके पास आगे आने वाली स्थिति को जानने, अपनी प्रतिक्रिया सोचने, और यदि आवश्यक हो तो गति कम करने या यात्रा पथ को बदलने का समय मिल जाये। चेतावनी के संकेत आमतौर पर पीले रंग की पृष्ठभूमि पर काले रंग के प्रतीकों या शब्दों के साथ हीरे के आकार के होते हैं।

नो पासिंग झोन

यह एकमात्र पताका आकार का चेतावनी संकेत है। यह संकेत किसी वाहन को पास करने के लिए अनाधिकृत मार्ग की शुरुआत को चिह्नित करता है और ड्राइवर की ओर सड़क की बाईं तरफ लगाया जाता है।

शहतीर संकेत

सड़क की दिशा में तीक्ष्ण बदलाव है, जैसे कि बाईं या दाईं ओर घुमाव। सड़क शहतीर की दिशा में घूमती है। यदि घुमाव के लिए उपयोग किया जाता है, तो घुमाव के लिए एक अग्रिम चेतावनी संकेत होगा, तथा पूर्ण घुमाव पर कई शहतीर संकेत लगे हो सकते हैं।

बायां वक्र

आगे सड़क बाईं ओर घूमती है। आपको अपनी गति कम करने, अपनी लेन के मध्य में रहने और बाईं ओर के घुमाव में जाने के लिए तैयार होने की आवश्यकता है।

दायां वक्र

सड़क आगे दाईं ओर घूमती है। दाईं ओर के घुमाव में जाते समय आपको अपनी गति कम करने, अपने वाहन को लेन के मध्य से थोड़ा दाईं ओर रखने की आवश्यकता है।

तीक्ष्ण बायां मोड़

आगे की सड़क तीक्ष्ण रूप से बाईं ओर मुड़ती है। आपको अपनी गति काफी कम करने, अपनी लेन के मध्य में रहने और तीक्ष्ण बाएं मोड़ से जाने के लिए तैयार होने की आवश्यकता है। कुछ तीक्ष्ण मोड़ संकेतों में संकेत पर या उसके नीचे एक गति की सलाह दी गयी होती है।

तीक्ष्ण दायां मोड़

आगे की सड़क तीक्ष्ण रूप से दाईं ओर मुड़ती है। आपको अपनी गति काफी कम करने, अपनी लेन के मध्य से थोड़ा दाईं ओर रखने और तीक्ष्ण दाएँ मोड़ से जाने के लिए तैयार होने की आवश्यकता है। कुछ तीक्ष्ण मोड़ संकेतों में संकेत पर या उसके नीचे एक गति की सलाह दी गयी होती है।

वक्रों का सेट

आगे की सड़क पहले एक दिशा में मुड़ती है और फिर दूसरी दिशा में (दो (2) मोड़ों का समूह)। अपनी गति कम करें और मोड़ों को पार करने के लिए तैयारी करें।



दायां एवं बायां तीक्ष्ण मोड़

आगे की सड़क पहले एक दिशा में तीक्ष्ण रूप से मुड़ती है और फिर दूसरी दिशा में। अपनी गति को काफी कम करें और मोड़ों को पार करने के लिए तैयारी करें।

घुमावदार सड़क (वक्रों की श्रृंखला)

यह संकेत इंगित करता है कि सड़क पर आगे लगातार तीन (3) या अधिक घुमाव हैं।

एकल दिशा वाला बड़ा तीर

आगे की सड़क एक अत्यधिक कोण पर दिशा बदलती है। ऐसे मोड़ तक पहुँचने से पहले, अपनी गति को उतना कम कर लें जितना आप किसी चौराहे पर मुड़ने के लिए करेंगे।

सड़क में प्रवेश का वक्र

मुख्य सड़क बाईं ओर मुड़ती है और साथ ही दाईं ओर से एक अन्य सड़क प्रवेश करती है। चौराहे पर अतिरिक्त सावधानी बरतें। हो सकता है कि मुख्य सड़क में प्रवेश करने की तैयारी करने वाला चालक मोड़ पर आपको मोड़ की दूसरी ओर से आता हुआ न देख सके और आपके सामने आ जाये, जिस स्थिति में यदि आप अत्यधिक गति से यात्रा कर रहे होंगे तो दुर्घटना से बचने के लिए बहुत कम मौका मिलेगा।

ट्रक रोलओवर

यह संकेत उन घुमावों को चिन्हित करता है जहाँ अत्यधिक गति से यात्रा करने वाले ट्रकों के पलटने की संभावना है।

परामर्शीय गति संकेत

यह संकेत किसी भी हीरे के आकार के चेतावनी संकेत के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। आगे आने वाले बाईं ओर के तीक्ष्ण घुमाव पर आपको 25 मील प्रति घंटे की अधिकतम गति से यात्रा करनी चाहिए।

मिलने वाला ट्रैफिक

यह संकेत प्रमुख सड़क पर आपको यह बताने के लिए लगाया जाता है कि अन्य सड़क या रैंप से आपकी लेन में यातायात प्रवेश कर सकता है। इस उदाहरण में, यातायात आपकी लेन में दाईं ओर से प्रवेश करेगा। प्रवेश कर रहे यातायात को मुख्य सड़क के यातायात का सामना करना होगा।

लेन का जुड़ना

यह संकेत दो सड़कों के मिलने के स्थान से पहले रखा जाता है। इसका मतलब है कि यातायात का विलय आवश्यक नहीं है क्योंकि प्रवेश करने वाला यातायात सड़क में जोड़ी गयी एक नई लेन का उपयोग करता है।

विलय क्षेत्र

यह संकेत चेतावनी देने के लिए उपयोग किया जाता है कि आप किसी अन्य सड़क के साथ विलय कर रहे हैं क्योंकि कुछ यातायात आपके मार्ग से निकल रहा है और आपको पार करेगा।

विभाजित राजमार्ग आरंभ होता है

आगे का राजमार्ग विभाजित राजमार्ग बन जाता है जिसमें दो एक-तरफा मार्ग और विपरीत दिशाओं में चलते हुए यातायात को अलग करने के लिए एक मध्यरेखा या डिवाइडर है। डिवाइडर या मध्यरेखा की दाईं ओर रहें।

विभाजित राजमार्ग समाप्त होता है

विभाजित राजमार्ग जिस पर आप यात्रा कर रहे हैं आगे समाप्त होने वाला है। उसके बाद आप दो-तरफा यातायात वाली सड़क पर होंगे। मध्यरेखा की दाईं ओर रहें और सामने से आ रहे यातायात का ध्यान रखें।

आगे द्विमार्गी ट्रैफिक है

एक-तरफा मार्ग या सड़क आगे समाप्त होने वाली है। उसके बाद आप विपरीत दिशाओं में चलती हुई यातायात की दो (2) लेन वाली सड़क पर यात्रा करेंगे। मध्यरेखा की दाईं ओर अपनी लेन में रहें। इस संकेत को दो-तरफा सड़क पर अंतराल पर भी लगाया जा सकता है।

लेन समाप्त होती है

यह संकेत आपको बताते हैं कि बहु-लेन सड़क की एक (1) लेन आगे समाप्त हो जाएगी। इन उदाहरणों में, दाईं लेन के यातायात को बाईं लेन में विलय करना चाहिए।

चौराहों के संकेत

नीचे दिए गए संकेत चौराहों के प्रकार दिखाते हैं। आपको पहले से दिखाते हुए कि सड़कें एक-दूसरे से कैसे जुड़ती हैं, यह संकेत आपको बताते हैं कि आप जिस सड़क पर यात्रा कर रहे हैं वह कब चौराहे या तिराहे से आगे सीधी नहीं चलती है। संकेत आपको अन्य वाहनों की गतिविधि से संभावित समस्याओं के बारे में भी चेतावनी देते हैं। इन सभी प्रकार के चौराहों या तिराहे पर आगे देखकर तथा आवश्यक हो तो गति कम करके अतिरिक्त सावधानी बरतें।

क्रॉस रोड़

साइड रोड़

"T" तिराहा

"Y" तिराहा

गोल मार्ग

द्विमार्गी बड़ा तीर

यह संकेत यह बताने के लिए कि आप यहाँ से केवल बाएं या दाएं जा सकते हैं, "T" तिराहे की दूसरी ओर लगाया जाता है। जिस सड़क पर आप हैं, वह आगे सीधी नहीं चलती है।

आगे संकरा पुल या अंडरपास है

पुल या अंडरपास की प्रत्येक लेन संकरी हो जाती है, और आमतौर पर कोई आपातकालीन लेन नहीं है। आपको अपनी गति कम करनी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि आप अपनी लेन में रहें। यदि विपरीत दिशा से आने वाले चालक के पास एक चौड़ा वाहन है या वह आपकी लेन का हिस्सा ले रहा है, तो तब तक प्रतीक्षा करें जब तक कि वह क्षेत्र को खाली न कर दें।

गीला होने पर फिसलन भरा

गीला होने की परिस्थिति में विशेष फिसलन की स्थिति होती है। गीले मौसम में, अपनी गति कम करें तथा आगे के वाहन से अपनी दूरी बढ़ाएं। तेजी से गतिवृद्धि या ब्रेक न लगायें। बहुत धीमी गति से मुड़ें।

भागते हिरण

यह संकेत उन क्षेत्रों में लगाये जाते हैं जहाँ हिरण अक्सर सड़क पार करते हैं और हिरण के साथ दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं।

कम क्लियरंस

यह संकेत अंडरपास, या किसी सुरंग अथवा पार्किंग गैरेज के प्रवेश द्वार पर लगाया जा सकता है। यदि आपका वाहन संकेत पर बताई गई ऊंचाई से अधिक ऊंचा है, तो प्रवेश न करें।

शोल्डर संकेत

यह संकेत उन स्थानों से पहले लगाये जाते हैं जहाँ आपातकालीन सड़क मुख्य सड़क से कम ऊँचाई पर है या नरम है (पक्की नहीं है)। **लो शोल्डर** के संकेत का उपयोग तब किया जाता है जब आपातकालीन सड़क मुख्य सड़क के स्तर से तीन (3) इंच तक नीचे हो। **शोल्डर ड्राप आफ** का संकेत का उपयोग अधिक गंभीर गिरावट के लिए किया जाता है।

यदि आप सड़क से हट जाते हैं और एक (1) पहिया कम ऊँचे या नरम आपातकालीन सड़क पर चला जाता है, तो सड़क पर वापस जाने के लिए अचानक ब्रेक न लगायें या तेजी से गाड़ी मोड़ने की कोशिश न करें - आप आसानी से अपने वाहन का नियंत्रण खो सकते हैं! सुरक्षित रूप से फुटपाथ से बाहर निकलने के बारे में जानकारी के लिए अध्याय 3 देखें।

ढलान/डाउनग्रेड करें

आगे एक खड़ा ढलान है। अपनी गति को कम करें और गति को नियंत्रित करने तथा ब्रेक को होने वाली क्षति से बचने के लिए एक निचले गियर का उपयोग करने के लिए तैयार रहें।

आगे ट्रैफिक सिग्नल है

आगे चौराहे पर यातायात सिग्नल मौजूद है। किसी घुमाव या पहाड़ी के कारण आप शायद उसे देख न पायें। यदि बत्ती लाल है (या बत्ती अभी ही हरी हुई है), तो आगे वाहनों की कतार रुकी हो सकती है। जब आप इस संकेत को देखें, तो अपनी गति कम करें और यदि आवश्यक हो, तो रुकने की तैयारी करें।

आगे स्टॉप संकेत है

आगे चौराहे पर एक स्टॉप संकेत मौजूद है। किसी घुमाव, पहाड़ी या किसी अन्य चीज़ से आपका दृश्य अवरुद्ध होने के कारण आप शायद उसे देख न पायें। आपको न नज़र आने वाले स्टॉप संकेत पर रुके हुए वाहनों की कतार भी हो सकती है। जब आप यह संकेत देखें, तो रुकने की तैयारी में अपनी गति कम करलें।

आगे साइकिल पार हो रही है

आगे आपके रास्ते में साइकिल सवार रास्ता पार कर रहे हो सकते हैं। आवश्यकता होने पर, गति कम करने लिए तैयार रहें। इस संकेत में या तो पीली (जैसी दिखाई गयी है) या एक फ्लोरोसेंट पीली-हरी पृष्ठभूमि हो सकती है।

आगे रेलमार्ग क्रॉसिंग है

आप एक रेल क्रॉसिंग के निकट पहुँच रहे हैं। जब आप यह संकेत देखें, तो ट्रेन के लिए देखना और सुनना शुरू कर दें। आवश्यकता होने पर पटरियों तक पहुँचने से पहले ही आपको रुकने की अनुमति देने के लिए यह संकेत उचित दूरी पर काफी पहले ही लगाया जाता है। रेलवे क्रॉसिंग सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी के लिए अध्याय 3 देखें।

एडवांस्ड चौराहा/रेलरोड क्रॉसिंग संकेत

चौराहे से बहुत कम दूरी पर ही चौराहे वाली सड़क पर एक रेलवे क्रॉसिंग है। यदि आप चौराहे पर दूसरी सड़क पर मुड़ना चाहते हैं और यदि कोई रेलगाड़ी आ रही है, तो रुकने के लिए तैयार रहें।

साइकिल/मोटर वाहन सड़क को साझा करते हैं

सड़क को साझा करने के लिए साइकिल सवार को उचित जगह देने के लिए, मोटर वाहन चालक के रूप में आपको चेतावनी देने के लिए यह संकेत सड़क के संकरे स्थानों (अनुपस्थित आपातकालीन सड़क, संकरी लेन, इत्यादि) पर उपयोग किया जाता है।

पैदल यात्री क्रॉसिंग

यह संकेत चिह्नित क्रॉसवॉक पर या उन स्थानों से पहले उपयोग किया जाता है जहाँ पैदल यात्री आपके रास्ते को पार कर रहे हो सकते हैं। गति कम करने या आवश्यकता होने पर रुकने के लिए तैयार रहें। इस संकेत में या तो पीली (जैसी दिखाई गयी है) या एक फ्लोरोसेंट पीली-हरी पृष्ठभूमि हो सकती है।

स्कूल

सड़क पर इस्तेमाल होने वाला यह एकमात्र पंचकोण आकार का संकेत है। इसका अर्थ है कि आप एक स्कूल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। यदि संकेत के साथ एक नीचे की ओर इंगित करने वाले तीर है, तो इसका मतलब है कि आप स्कूल क्षेत्र क्रॉसवॉक पर हैं। आपको अपनी गति कम करनी चाहिए, सड़क पार करने वाले बच्चों को देखना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो रुकना चाहिए। इस संकेत में या तो पीली (जैसी दिखाई गयी है) या एक फ्लोरोसेंट पीली-हरी पृष्ठभूमि हो सकती है।



घोड़ा चालित वाहन

यह संकेत उन क्षेत्रों में लगाया जाता है जहाँ धीमी गति से चलने वाले, घोड़ों से चलने वाले वाहन सड़क पार करते हैं या मोटर-चालित वाहनों के साथ सड़क साझा करते हैं।

सड़क मार्ग के करीब की वस्तुएं

संभावित खतरे के बारे में चालकों को चेतावनी देने के लिए, सड़क के किनारे के करीब मौजूद वस्तुओं को कभी-कभी एक चिन्ह की आवश्यकता होती है। इनमें अंडरपास सहायक, पुलों के छोर, गाइड रेल और अन्य ढाँचे शामिल हैं। कुछ मामलों में, कोई भौतिक वस्तु शामिल न हो, बल्कि सड़क के किनारे की कोई परिस्थिति जैसे कि गिरावट या सड़क के संरेखण में अचानक परिवर्तन हो सकती है। इस प्रकार की सड़क के किनारे की वस्तुओं और स्थितियों को निम्नलिखित चिन्हों द्वारा इंगित किया जाता है, जहाँ धारियाँ उस दिशा में नीचे झुकी होती हैं जिस दिशा में आपको खतरे से बचने के लिए जाना होगाः



दाईं ओर जोखिम बाईं ओर रहें



बीच में जोखिम, बाईं या दाईं ओर रहें



बाईं ओर जोखिम दाईं ओर रहे

कार्य क्षेत्र के संकेत (कार्य क्षेत्र और निर्माण जोन के संकेत)

कार्य क्षेत्र के संकेत सामान्य रूप से हीरे के आकार के होते हैं, जैसे कि चेतावनी संकेतक लेकिन काले अक्षर के साथ पीले की बजाय वे काले अक्षर के साथ नारंगी रंग के होते हैं। ये संकेतक रखरखाव, निर्माण या यूटीलिटी क्षेत्रों की पहचान करते हैं जहाँ पर मजदूर या उपकरण सड़क मार्ग पर या उसके निकट हों।

जब आप इन संकेतकों को देखें तो सतर्क हो जाएं और गति धीमी कर लें। कार्य जोन से होकर जाते समय अपनी हेडलाइटों को चालू कर दें, फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिन का कौन सा समय है। यह महज सक्रिय पोस्ट किए गए कार्य जोनों के लिए ही नहीं वरन **सभी** पोस्ट किए गए कार्य क्षेत्रों के लिए कानून है। अपनी हेडलाइटों का उपयोग करने से आपका वाहन अन्य यातायात के साथ-साथ हाईवे मजदूरों के लिए अधिक दिखाऊ बन जाता है। अगर आपको कार्य जोन में यातायात उल्लंघन के लिए पुलिस के द्वारा रोका जाता है और आपके वाहन की हेडलाइटें चालू नहीं होती हैं तो 25 डॉलर का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।



कार्य क्षेत्र के इन संकेतकों को सक्रिय कार्य जोन के शुरू और आखिर में रखा जाता है। सक्रिय कार्य जोन, कार्य जोन का वह हिस्सा है जहाँ पर निर्माण, रखरखाव या यूटीलिटी श्रमिक सड़क मार्ग पर हैं या खुली यात्रा लेन के बगल में राजमार्ग के फुटपाथ पर हैं।

आगे सड़क कार्य चल रहा है

यह संकेतक आपको सूचित करता है कि आगे सड़क पर काम चल रहा है और इसके अलावा गति धीमी करने के लिए आपको सचेत भी करता है।

आगे लेन बंद है

यह चिह्न आपको बताता है कि निर्दिष्ट दूरी के बाद यह लेन आगे बंद हो जाएगी।

आगे मजदूर हैं

हो सकता है कि मजदूर सड़क मार्ग या उसके बहुत करीब हों, अतः उस क्षेत्र से यात्रा करते समय विशेष ख्याल रखें।

बाढ़ के कारण सड़क बंद है

यह संकेतक आपको सूचित करता है कि बाढ़ के चलते आगे की सड़क बंद है। आपको अवश्य ही वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना चाहिए अगर आपका सामना बाढ़ग्रस्त सड़क मार्ग से होता है तो क्या करें इसके बारे में जानने के लिए अध्याय 3 देखें।

क्या आप जानते हैं?

राजमार्ग श्रमिकों के पास ऐसे मोटरचालकों के बारे में पुलिस में रिपोर्ट करने के लिए फॉर्म होते हैं जो कार्य क्षेत्रों में तेज गति से या असुरक्षित ढंग से वाहन चलाते हैं, जिनको फिर टिकट जारी किया जा सकता है, जिसके फलस्वरूप जुर्माना और प्वाइंट लगाया जा सकता है।

आगे फ्लैगर है (आगे सड़क निर्माण कार्य हो रहा है)

बांई ओर का संकेतक बताता है कि फ्लैगर आगे यातायात को नियंत्रित कर रहा है। जैसा कि नीचे दर्शाया गया है फ्लैगर्स आपको रुकने या गति धीमी करने का संकेत देने के लिए **रुको** और **गति धीमी करो** निशानों या लाल झंडे का उपयोग करते हैं। कार्य क्षेत्र के समीप पहुँचते समय और उससे होकर यात्रा करते समय फ्लैगर्स पर विशेष ध्यान दें।

यातायात को रुक जाना चाहिए और प्रतीक्षा करनी चाहिए

यातायात को धीरे-धीरे आगे बढ़ना चाहिए

बिजली के तीर के पैनल

मोटरमार्ग में रखे गए या वाहनों पर चढ़ाए गए बिजली के बड़े-बड़े चमकते तीर के पैनल (दाएं या बाएं घूमते/मिलते हैं) लेन के समापन के करीब आ रहे मोटरचालकों को जानकारी देते हैं। संकेतक के काफी पहले अपने विलय की शुरुआत करें। सुदूर दाएं आकृति में दर्शाए गए संदेशों में से दोनों को प्रदर्शित कर रहा तीर का पैनल (सावधानी) इस बात को बताता करता है कि यात्रा लेन के बगल में आगे कार्य क्षेत्र है। अतिरिक्त सावधानी के साथ वाहन चलाएं।

दाहिनी ओर को जाएं/विलय करें **बाईं ओर को जाएं/विलय करें** **सावधानी**

चैनल बनाने वाली डिवाइसेस (व्यवस्था हेतु उपकरण)

रेल, ट्यूब, शंकु और खड़े पैनल ऐसी युक्तियाँ हैं जिनका प्रयोग उन स्थलों पर होता है जहाँ काम चल रहे होते हैं ताकि आपको ट्रेफ़िक की बदली हुई स्थितियों में सड़कों पर हो रहे कार्यों से जुड़े ख़तरों से दूर रखें।



निर्देश यानि गाइड संकेतक

निर्देश संकेतक सड़कों को चौराहे के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं, आपको शहरों और कस्बों के लिए सीधे जाने में मदद करते हैं, और हाईवे के साथ पसंदीदा स्थान दिखाते हैं। गाइड संकेत आपको अस्पताल, सर्विस स्टेशन, रेस्तरां और मोटल खोजने में मदद करते हैं। आमतौर पर ये संकेतक क्षैतिज आयताकार होते हैं।

हाईवे/एक्सप्रेसवे निर्देश संकेतक

निम्नलिखित तीन संकेत हाईवे और एक्सप्रेसवे गाइड संकेतों के उदाहरण हैं। वे सफेद अक्षरों में हरी पृष्ठभूमि पर होते हैं। अधिकांश हाईवे और एक्सप्रेसवे संकेतों को उसी तरह पोस्ट किया जाता है। उदाहरण के लिए, आमतौर पर एक अग्रिम चिन्ह होता है, जो दूसरे अग्रिम संकेत के बाद होता है। तीसरे संकेत को तब निकास पर रखा जाता है। कई संकेत आवश्यक हैं क्योंकि उच्च गति और हाईवे पर भारी ट्रैफ़िक की वजह से चालक किसी एक संकेतक को देखने से चूक सकता है। इसके अलावा, मोटर चालकों को बाहर निकलने के लिए एक या अधिक लेन बदलने की आवश्यकता हो सकती है।

एग्ज़िट संख्या

एग्ज़िट संख्या बाहर निकलने के नंबर मील मार्करों के साथ मेल खाते हैं। यह परिवर्तन मोटर चालकों को जल्दी से बाहर निकलने के बीच की दूरी की गणना करने में मदद करता है, उदाहरण के लिए, एग्ज़िट 95 और एग्ज़िट 20 के बीच की दूरी 75 मील है।

अगर हाईवे संकेतक पर पीली पृष्ठभूमि पर **एग्ज़िट ओनली** लिखा है तो इस संकेतक के नीचे की लेन अगले इंटरचेंज तक नहीं जाएगी; इसके बदले यह लेन रैम्प के रूप में सड़क से बाहर हो जाएगी। अगर आप किसी लेन में हैं जिसपर लिखा है **एग्ज़िट ओनली** तो आप अपनी लेन बदल सकते हैं या अगर इसी लेन में रहते हैं तो आपको हाईवे से बाहर होना पड़ेगा।

कुछ टिप्स जो आपको बताएँगे कि आप हाईवे के किस साइड में एग्ज़िट कर पाएँगे:

रूट 22 के लिए एग्ज़िट 13 हाईवे के बायीं ओर होगा।

रूट 22 के लिए एग्ज़िट 7 हाईवे के दाहिनी ओर होगा।

- यदि **एग्ज़िट** हाईवे के **बाईं** ओर है तो हरे रंग के आयताकार संकेत के शीर्ष पर छोटे हरे रंग का एग्ज़िट नंबर संकेत के **बाईं** ओर होगा।
- यदि **एग्ज़िट** हाईवे के **दाईं** ओर है तो हरे रंग के आयताकार संकेत के शीर्ष पर छोटा हरा एग्ज़िट नंबर संकेत के **दाईं** ओर होगा।
- अगर संकेत में उजला तीर है तो यह तीर एग्ज़िट की दिशा बताएगा।

अंतर्राज्यीय अंकन प्रणाली

लाल, सफेद और नीले रंग की शील्ड वाला संकेत बताता है कि हाईवे अंतरराज्यीय है। ये अंतरराज्यीय हाईवे मोटर चालकों के लिए विशेष रूप से ऐसे बनाए गए हैं ताकि अपरिचित क्षेत्रों में अपना रास्ता खोजने में उन्हें मदद मिले। एक कोड की मदद से यह दिखाया जाता है कि यह रास्ता मुख्य रूप से पूर्व या पश्चिम या फिर उत्तर या दक्षिण दिशा में जाता है और यह भी कि यह मार्ग अमेरिका के पूर्व में, मध्य में या फिर पश्चिमी में है।

अंतरांज्यीय अंकन प्रणाली को समझना। अगर आप यह समझ जाएँ कि ये अंक किस तरह से विकसित किए गए हैं तो ये अंतर्राज्यीय शील्ड आपको रास्ता खोजने में काफ़ी मदद कर सकता है। वे अमूमन इस तरीक़े को अपनाते हैं:

- एक या दो-अंक के, **सम** संख्या वाले अंतरराज्यीय मार्ग आमतौर पर पूर्व-पश्चिम मार्ग हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, यह संख्या दक्षिण में I-10 से बढ़ कर उत्तर में I-94 हो जाती है। पेनसिल्वेनिया में, I-76 राज्य के दक्षिणी भाग में है, और I-84 और I-80 उत्तरी भाग में हैं।
- एक या दो-अंक की **विषम** संख्या वाले अंतरराज्यीय मार्ग आमतौर पर उत्तर-दक्षिण मार्ग हैं। पश्चिमी तट I-5 से पूर्वी तट I-95 तक यह संख्या बढ़ती है। पेनसिल्वेनिया में, I-79 राज्य के पश्चिमी भाग में है, और I-95 पूर्वी भाग में है।
- तीन अंक वाले अंतरराज्यीय हाईवे अन्य प्रमुख हाईवे से जुड़ते हैं। यदि तीन (3) में से पहला अंक एक **सम** संख्या है, तो हाईवे आमतौर पर दोनों छोर पर अंतरराज्यीय हाईवे से जुड़ता है, जैसे कि I-276 फिलेडेल्फिया में। अमूमन इन मार्गों को "लूप" या "बेल्टवे" कहा जाता है।
- जब तीन (3) में से पहला अंक **विषम** संख्या होती है, तो हाईवे आमतौर पर एक "स्पर" मार्ग होता है जो केवल एक (1) छोर पर ही दूसरे अंतरराज्यीय मार्ग से जुड़ता है, कई बार यह शहर के केंद्र तक जाता है जैसे I-180 विलियम्सपोर्ट में।

मील मार्कर

मील मार्कर का उपयोग कुछ हाईवे पर उस बिंदु से मील की दूरी पर बताने के लिए किया जाता है जहां यातायात मार्ग राज्य में प्रवेश करता है या इसकी शुरुआत से ही यदि यह राज्य की सीमाओं तक विस्तारित नहीं होता है। पूर्व-पश्चिम मार्गों के लिए राज्य के पश्चिमी भाग में और उत्तर-दक्षिण मार्गों के लिए राज्य के दक्षिणी भाग में संख्या शून्य से शुरू होती है। जैसे ही आप पूर्व या उत्तर की ओर बढ़ते हैं और पश्चिम या दक्षिण की यात्रा करते हैं तो संख्या कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, जब आप अंतरराज्यीय I-80 पर पश्चिम से पेनसिल्वेनिया में प्रवेश करते हैं, मील मार्कर 1 मील से शुरू होते हैं और जब आप पूर्व की यात्रा करते हैं तो इसमें वृद्धि होती है। मील मार्कर को पढ़ने का तरीका जानने से आपको यह जानने में मदद मिल सकती है कि आप कहां हैं और अगर आपको सड़क के बारे में जानने के लिए कॉल करना है तो उस स्थिति में आप अपनी उपस्थिति के बारे में सटीक बता सकते हैं।

रूट मारकर्स

नीचे दिए गए संकेतक इस बात की जानकारी देते हैं कि आप किस रूट पर यात्रा कर रहे हैं।

यह रूट मार्कर बताता है कि यह रोड़ **यूएस यातायात रूट 22 है।**

की स्टोन मार्कर बताता है कि यह रोड़ **पेनसिल्वेनिया यातायात रूट 39** है।

इस रूट मार्कर पर **जंक्शन प्लेट** बताता है कि आप यूएस यातायात रूट 22 के नज़दीक आ रहे हैं।

इस रूट मार्कर पर **निर्देशक** प्लेट दिखाती है कि आप यूएस यातायात रूट 22 पर पश्चिम दिशा में जा रहे हैं।

इस रूट मार्कर पर **पूरक तीर** का मतलब है कि आपको यूएस यातायात रूट 22 पश्चिम पर आगे चलते रहने के लिए दाएँ मुड़ना होगा।

रूट मार्कर संकेत और "टु" (TO) ट्रेलब्लेज़र संकेत और पूरक तीर का मतलब है कि अगर आप यूएस यातायात रूट 22 तक पहुँचना चाहते हैं तो सीधे जाइए।

सर्विस या सेवा संकेत

निम्नलिखित संकेत सर्विस संकेत के उदाहरण हैं। ये संकेत वर्गाकार या आयताकार, नीली पृष्ठभूमि पर उजले रंग में होते हैं, और अगले एग्ज़िट पर उपलब्ध विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हैं।

अस्पताल

टेलीफ़ोन

भोजन

गैस

डीज़ल

ठहरने का स्थान

टूरिस्ट यात्रियों के लिए दिशा सूचक संकेत

ये चिन्ह चौकोर या आयताकार होते हैं और ये नीली या भूरे पृष्ठभूमि पर सफेद अक्षरों में लिखे होते हैं। ये संकेत मोटरवाहन चालकों को पर्यटक स्थलों जैसे संग्रहालयों, ऐतिहासिक स्थलों या राज्य या राष्ट्रीय उद्यानों तक जाने का रास्ता बताते है।

पेवमेंट पर अंकन

अधिकांश सड़कों पर सड़क, यात्रा के लिए लेनों या सड़क किनारों के केंद्र को दिखाने के लिए स्थायी संकेत होते हैं। सड़क के केंद्र को दर्शाने वाले संकेत ठोस या टूटी हुई रेखाएँ हैं। ये पेवमेंट अंकन विशेष लेन के उपयोग का भी संकेत देते हैं। पीली लाइनें विपरीत दिशाओं में यात्रा करते हुए ट्रैफ़िक को विभाजित करती हैं। पीली लाइनों का उपयोग दो-लेन सड़कों के केंद्र को चिह्नित करने के लिए किया जाता है, और विभाजित हाईवे, एक-तरफ़ा सड़कों और रैंप के बाएं किनारे को चिह्नित करने के लिए किया जाता है। ठोस सफेद रेखाएँ उसी दिशा में यात्रा करते हुए यातायात की लेन को विभाजित करती हैं। सड़क के दाहिने किनारे को चिह्नित करने के लिए ठोस सफेद रेखाओं का भी उपयोग किया जाता है।

एक सामान्य नियम के रूप में, टूटी हुई ट्रैफिक लाइनों को पार किया जा सकता है पर ठोस लाइनों को नहीं बशर्ते कि कि आप मुड़ रहे हों। पेवमेंट पर लगे विभिन्न संकेत और उनके अर्थ के कुछ उदाहरण:



एक अकेली, टूटी पीली रेखा दो-तरफ़ा, दो-लेन सड़क का केंद्र दिखाती है। यदि सुरक्षित स्थिति मौजूद है, तो इसको दोनों तरफ से पार करने की अनुमति है। यहाँ पर पास करते समय, आपको आने वाले ट्रैफ़िक के लेन का उपयोग करना होगा।



एक डबल, ठोस पीली केंद्रीय लाइन दो-तरफ़ा सड़क का केंद्र दिखाती है। चाहे इसे **पास नहीं करना है** के चिन्ह से चिह्नित नहीं किया गया हो, पर इस तरह चिह्नित सड़कों पर दोनों ही ओर से ट्रैफिक को पास करने की अनुमति नहीं है।



एक ठोस पीली और एक टूटी हुई पीली केंद्र रेखा का संयोजन भी दो-तरफ़ा सड़क के केंद्र को बताता है। यदि सड़क के किनारे पर टूटी हुई रेखा है और सुरक्षित स्थिति मौजूद है, तो आप इसे पार करने के लिए पास कर सकते हैं, लेकिन जब सड़क के किनारे एक ठोस पीली रेखा होती है, तो आप इसको पार करने के लिए पास नहीं कर सकते।

इस तरह के अंकन पैटर्न कई तीन या पांच लेन के हाईवे पर पाए जा सकते हैं। बाहरी, ठोस पीली केंद्र-रेखा का मतलब है कि आप गुजरने के लिए केंद्रीय लेन का उपयोग नहीं कर सकते। अंदर के टूटे हुए पीले और ठोस पीले सेंटरलाइन्स यह दिखाते हैं कि किसी भी दिशा में यात्रा करने वाले वाहन केवल बायीं ओर मुड़ने के लिए सेंटर लेन का उपयोग कर सकते हैं। सुरक्षित मुड़ने के लिए केंद्रीय टर्न लेन के बारे में अधिक सूचना के लिए अध्याय 3 की मदद लें।



बीच की विभाजक रेखा के बिना एक से ज़्यादा लेन वाले हाईवे (केंद्र डिवाइडर) को अक्सर ऐसे अंकित किया जाता है जैसे यहाँ दिखाया गया है। टूटी हुई सफेद रेखाएं बताती हैं कि उसी रास्ते जाने वाले वाहन कौन सी लेन का उपयोग कर सकते हैं। आप आगे बढ़ने के लिए टूटी हुई सफेद लाइनों को पार कर सकते हैं, (सुनिश्चित करें कि पासिंग लेन ख़ाली है), लेकिन आप पास होने के लिए दोहरे पीले सेंटरलाइन्स को पार नहीं कर सकते। ट्रैफिक, पीली केंद्रीय लाइन के बाईं ओर वाली लेन में विपरीत दिशा में जा रहा है।



इस पैटर्न का उपयोग अधिकांश सीमित पहुंच वाले हाईवे पर किया जाता है, जिस पर बीच में विभाजक लाइन (सेंटर डिवाइडर) होता है। प्रत्येक साइड की सड़क के दाहिने किनारे को ठोस सफेद रेखा के साथ चिह्नित किया गया है। प्रत्येक साइड के सड़क के बाएं किनारे को एक ठोस पीली रेखा द्वारा चिह्नित किया जाता है। हर तरफ के ट्रैफिक लेन को टूटी हुई सफेद रेखा द्वारा चिह्नित किया जाता है, जहाँ पास किया जा सकता है।

पेवमेंट के अंकन में पेवमेंट और तीरों पर शब्द भी लिखे होते हैं जो नियामक और चेतावनी संकेतों पर प्रेषित संदेशों के पूरक का काम करते हैं। उदाहरण के लिए एक चौराहे पर रुकने के संकेत (STOP) से पहले आगे रुकिए (STOP AHEAD) शब्द के संकेत; रास्ता देने (YIELD) या लेन के आरपार सफ़ेद त्रिभुजों का चित्रण जो आपको यह संकेत देता है कि आप आ रही ट्रैफ़िक को जाने का रास्ता दें, स्कूल ज़ोन से पहले स्कूल (SCHOOL) लिखा होना, रेलरोड क्रॉसिंग से पहले आरएक्सआर (R X R) लिखा होना, दुपहिया वाहनों के लिए निर्धारित लेन में बाइक लेन (BIKE LANE) लिखा होना, ओनली (ONLY) शब्द के साथ बाएँ या दाएँ तीर का होना जो यह दिखाता है कि ये लेन मुड़ने के लिए आरक्षित हैं और बड़ा सफेद तीर दिशा के साथ यह बताता है कि यह रास्ता वन-वे है हाईवे से बाहर जाने के लिए रैम्प है।

अध्याय 2 समीक्षा प्रश्न

1. अगर आप यह निशान देखते हैं तो आप अवश्य ही:

A. पूरी तरह रुकें, पैदल यात्रियों को देखें और उन्हें टैफ़िक से जाने दें
B. पूरी तरह रुके बिना धीमा हो जाएँ
C. पूरी तरह रुक जाएँ और लाइट के हरे होने का इंतज़ार करें
D. धीमा हो जाएँ और ट्रैफ़िक को जाने दें

2. यह आकार और रंग _____ संकेतक का है।

A. रुकने का
B. ग़लत रास्ते का
C. रास्ता देने का
D. आगे नहीं बढ़ने का

3. इस निशान का मतलब है:

A. रुकिए
B. यू-टर्न नहीं
C. रास्ता दीजिए
D. प्रवेश नहीं करें

4. इस निशान का अर्थ है:

A. यू-टर्न नहीं
B. मुड़ना नहीं
C. बाएँ नहीं मुड़ना
D. दाएँ नहीं मुड़ना

5. इस निशान का अर्थ है:

A. यू-टर्न नहीं
B. बाएँ नहीं मुड़ना
C. दाएँ नहीं मुड़ना
D. मुड़ना नहीं

6. इस निशान का अर्थ है:



A. आप या तो बाएँ या दाएँ अवश्य मुड़ें
B. आगे T-चौराहा आने वाला है
C. जिस हाईवे पर आप जा रहे हैं उसको एक विभाजित हाईवे काटता है
D. यह विभाजित हाईवे के ऊपर से एक रास्ते के गुज़रने का संकेत है

7. जब आप एक ऐसे पैदल यात्री के पास आते हैं जो कि सफेद बेंत के सहारे चल रहा है तो आपको अतिरिक्त रूप से सावधान होने की ज़रूरत होती है क्योंकि:

A. वे सुन नहीं सकते
B. उनकी मानसिक स्थिति स्थिर नहीं है
C. वे अंधे हैं
D. उनको चलने में दिक्कत होती है

8. जब आप एक ऐसे व्यक्ति के पास से गाड़ी चलाते हुए गुज़रते हैं जो देख नहीं सकता और जो चलने के लिए सफेद बेंत या निर्देशक कुत्ते का प्रयोग कर रहा है, तो आपको चाहिए:

A. आप गति धीमी कर लें और रुकने के लिए तैयार रहें
B. आप उस रास्ते से गुज़र जाएँ
C. सामान्य रूप से चलते रहें
D. तेज़ी से वाहन ले जाएँ

9. अगर रेलरोड क्रॉसिंग पर कोई निशान नहीं हो, तो आपको चाहिए कि:

A. आपको धीमा हो जाना चाहिए और अगर ट्रेन आती दिखे या सुनी जा सके तो रुक जाना चाहिए
B. रेल की पटरी से जितनी जल्दी हो सके गुज़र जाएँ
C. क्रॉसिंग पर से सामान्य गति से निकलें
D. पटरी पर से धीमी गति से गुज़रें

10. आप रेलरोड क्रॉसिंग के फाटक के आसपास से गुज़र सकते हैं:

A. जब ट्रेन जा चुकी है
B. कभी नहीं
C. जब लाइट चमकना बंद हो गयी हो
D. जब दूसरे ड्राइवर फाटक से गुज़रने लगें

11. अगर आप अपनी लेन के ऊपर यह निशान देखें तो आप:

A. हो सकता है कि इस लेन में फ्रीवे से बाहर नहीं आएँ
B. हो सकता है कि आप इस लेन में इंटेरचेंज पर चलते रहें या फ्रीवे से बाहर निकाल जाएँ
C. इस लेन में बने रह सकते हैं और इंटेरचेंज होकर जा सकते हैं
D. को इस लेन में बने रहने पर फ्रीवे से बाहर निकाल जाना चाहिए

12. हाईवे और एक्सप्रेसवे दिशानिर्देश के निशान हैं:

A. नारंगी पर काला अक्षर
B. हरा पर सफेद अक्षर
C. पीला पर काला अक्षर
D. लाल पर सफेद अक्षर

13. यह निशान ड्राइवरों को इस बात की चेतावनी देता है कि:

A. चौराहे आनेवाले हैं
B. सड़क निर्माणाधीन है
C. सड़क पर आगे मोड़ है
D. आगे ट्रेफिक लेनों में बदलाव है

14. यह निशान आपको बताता है कि:

A. इस सड़क पर मुड़ने की इजाज़त नहीं है
B. आगे सड़क संकरी है
C. आगे बहुत सारे मोड़ हैं
D. भीगी होने पर सड़क पर फिसलन हो सकती है

15. इस निशान का मतलब है:

A. आगे बायीं ओर मोड़ है
B. कई सारे मोड़ हैं
C. आगे एस (S) आकार का मोड़ है
D. सड़क भीगी होने पर फिसलन भरी हो सकती है

16. यह निशान बताता है कि:

A. आगे सीधा ढलान है
B. इस पहाड़ी पर ट्रक ले जाने की मनाही है
C. आगे लकड़ी ले जाने वाली सड़क है
D. पहाड़ी पर ट्रक हैं

17. हीरे के आकार का पीला और काला निशान:

A. सड़क पर या उसके नज़दीक की स्थिति के बारे में चेतावनी देता है
B. यह आपको आगे आने वाले शहरों या नगरों की ओर जाने का रास्ता बताता है
C. यह आपको ट्रैफ़िक के नियम और क़ानूनों के बारे में बताता है
D. यह आपको आगे बन रहे सड़क के बारे में बताता है

18. इस आकार और रंग का निशान _____ है



A. नो-पासिंग ज़ोन का
B. ग़लत रास्ते का
C. रेलरोड क्रॉसिंग का
D. रुकने का

19. इनमें से किस निशान का प्रयोग यह बताने के लिए होता है कि हाईवे का विभाजन ख़त्म हो गया है?

A. 2
B. 4
C. 3
D. 1

20. यह निशान ड्राइवर को इस बात की चेतावनी देने के लिए होता है:

A. लेन ख़त्म हो रही है, बाईं लेन से मिलें
B. सड़क पर आगे मोड़ है
C. आगे चौराहा है
D. सड़क निर्माण हो रहा है

21. यह निशान दिखाता है एक तरह का:

A. चौराहा
B. सड़क पर मोड़
C. दायीं ओर मुड़ना
D. लेन बदलना

22. यह निशान बताता है एक तरह का:

A. दाएँ मुड़ना
B. चौराहा
C. लेन बदलना
D. सड़क पर मोड़

23. जब आप इस निशान को देखते हैं तो आपको सबसे ज़्यादा किस बात की चिंता होनी चाहिए?

A. कि आप हेडलाइट के सीध में हुए बिना ड्राइव कर रहे हैं क्योंकि आपकी कार का एक साइड दूसरे से ऊँचा है
B. ढलान पर ड्राइव करने के कारण आपके कार का टायर ख़राब हो सकता है
C. अगर ढलान पर पानी है तो इससे कार फिसल सकती है
D. यदि आप शोल्डर पर गए तो ढलान के कारण वाहन पर नियंत्रण खो सकते हैं

24. इस निशान का क्या अर्थ है?

A. आगे ट्रैफ़िक सिग्नल लाल है
B. आगे ट्रैफ़िक सिग्नल टूटा है
C. आगे ट्रैफ़िक सिग्नल हरा है
D. आगे ट्रैफ़िक सिग्नल है

25. इस निशान का मतलब है:

A. विभाजित हाईवे समाप्त हो गया
B. वन-वे सड़क शुरू
C. वन-वे सड़क समाप्त
D. विभाजित हाईवे शुरू

26. ऊपर से नीचे ट्रैफ़िक लाइट का उचित क्रम है:

A. लाल, पीला, हरा
B. लाल, हरा, पीला
C. हरा, लाल, पीला
D. हरा, पीला, लाल

27. अगर हरा तीर हरी लाइट में बदल जाता है, तो आप:

A. अब भी मुड़ सकते हैं पर आपको आने वाली ट्रैफ़िक को रास्ता देना होगा
B. आप अब मुड़ नहीं सकते और आपको सीधा ही जाना होगा
C. आप अभी भी दाएँ मुड़ सकते हैं
D. आपको उधर मुड़ने की ज़रूरत नहीं है जिधर तीर आपको संकेत दे रहा है

28. एक चौराहे पर लगातार पीली लाइट का मतलब है:

A. जाइए
B. दूसरी गाड़ियों को रास्ता दें
C. गति धीमी कीजिए और रुकने के लिए तैयार रहिए
D. रुक जाइए

29. पीले तीर के जल-बुझ होने का मतलब है कि आप(को) :

A. रुकना चाहिए और लाइट के हरा होते ही मुड़ना चाहिए
B. धीमा हो जाना चाहिए और रुकने के लिए तैयार हो जाना चाहिए
C. मुड़ सकते हैं, पर पहले आपको पैदल यात्रियों और आने वाली ट्रैफ़िक को रास्ता देना होगा
D. आप मुड़ सकते हैं

30. पीली लाइट के जल-बुझ होने का मतलब है कि आपको:

A. धीमा हो जाना चाहिए और सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए
B. अगर रास्ता साफ़ है तो सीधे जाते रहना चाहिए
C. रुकना चाहिए और जब हरी बत्ती होती है तब आगे बढ़ना चाहिए
D. रुकना चाहिए और तब आगे बढ़ना चाहिए जब रास्ता साफ़ हो

31. आपको उस समय अवश्य रुकना चाहिए जब आप देखते हैं कि:

A. लाल बत्ती जल-बुझ रही है
B. पीली बत्ती लगातार जल रही है
C. तीर पीला है
D. पीली बत्ती जल-बुझ रही है

32. किसी चौराहे पर स्थिर हरी बत्ती का मतलब है कि आपको:

A. आपको धीमा होकर रुकने के लिए तैयार हो जाना चाहिए
B. अवश्य रुकना चाहिए ताकि चलने से पहले आने वाली ट्रैफ़िक को देख सकें
C. अगर रास्ता साफ़ है तो चौराहे से गुजर सकते हैं
D. दाएँ नहीं मुड़ सकते हैं

33. स्थिर पीली बत्ती का मतलब है कि बत्ती शीघ्र बदलने वाला है और यह रंग हो _____ जाएगा

A. जलता-बुझता पीला
B. स्थाई हरा
C. स्थाई लाल
D. जलता-बुझता लाल

34. आप पीली बत्ती से सावधानीपूर्वक निकल सकते हैं अगर:

A. अगर कोई आपकालीन वाहन आपके लेन से गुज़र रहा है
B. कोई पैदल यात्री रास्ता पार नहीं कर रहा है
C. आप दाएँ मुड़ रहे हैं
D. आपका वाहन चौराहे के अंदर है

35. आप लाल बत्ती पर बाएँ मुड़ सकते हैं अगर :

A. अगर सामने से कोई ट्रैफ़िक नहीं आ रहा है
B. आप टू-वे सड़क से वन-वे पर मुड़ रहे हैं
C. आप वन-वे सड़क से दूसरे वन-वे सड़क पर मुड़ रहे हैं
D. आपके सामने की कार बाएँ मुड़ जाती है

36. अगर कोई ट्रैफ़िक बत्ती ख़राब है या काम नहीं कर रहा है तो आपको चाहिए कि:

A आप रुकें और उसकी मरम्मत होने तक वहाँ प्रतीक्षा करें
B रुकें और वहाँ पुलिस अधिकारी के आने की प्रतीक्षा करें
C. आप ऐसे चलते रहें जैसे यह कोई चारों रास्तों जी लगा स्टॉप संकेत हो
D. सामान्य रूप से आप जैसे चलते वैसे ही चलते रहिए

37. लाल बत्ती पर आप दाएँ मुड़ सकते हैं अगर आप:

A. पहले रुकें और ट्रैफ़िक और पैदल यात्रियों को गुज़रने दें
B. लाल तीर दाएँ मुड़ने को कहती है
C. बाँए लेन में हैं
D. पहले गति धीमी कर लीजिए

38. हरी बत्ती पर दाएँ मुड़ते हुए आपको अवश्य ही:

A. गाड़ी की सामान्य गति बनाए रखनी चाहिए
B. रुकना और आने वाले ट्रैफ़िक का इंतज़ार करना चाहिए
C. पैदल यात्रियों को रास्ता देना चाहिए
D. सामान्य ड्राइविंग गति को बढ़ा देनी चाहिए

39. जब स्कूल ज़ोन के स्पीड संकेत पर पीली बत्ती जल-बुझ कर रही होती है तो उस समय गाड़ी की गति _____ मील प्रति घंटा होनी चाहिए।

A. 25
B. 15
C. 20
D. 35

40. रेलरोड क्रॉसिंग पर अगर लाल बत्ती जल-बुझ कर रही है तो इसका मतलब है:

A. रुकिए, तबतक आगे नहीं बढ़िए जब तक कि सिग्नल पूरा नहीं होता
B. धीमे हो जाइए और अगर रास्ता साफ़ है तो आगे बढ़िए
C. सावधानी से आगे बढ़िए
D. आपको रास्ता दे दिया गया है

41. किसी लेन प्रयोग नियंत्रण सिग्नल पर इस हरे तीर का मतलब है:

A. आप इस लेन का प्रयोग कर सकते हैं
B. इस लेन में किसी तरह के ट्रैफ़िक की अनुमति नहीं है
C. आपको रास्ता दे दिया गया है
D. आपको इस लेन में अवश्य ही मिल जाना चाहिए

42. इस निशान का मतलब है:

A. आगे पैदल यात्री हैं
B. निर्माण क्षेत्र की समाप्ति
C. स्कूल क्रॉसिंग आगे है
D. फ़्लैग दिखाने वाला आगे है

43. इस निशान का अर्थ है कि:

A. आगे एक सामुदायिक सेवा समूह हाईवे से कचरे को उठा रहा है
B. आगे कार्य के क्षेत्र में कामगार सड़क के काफ़ी नज़दीक काम कर रहे हैं
C. बच्चे खेल रहे हैं
D. आगे पैदल यात्री के गुज़रने का रास्ता है

44. जब किसी काम वाले क्षेत्र में तीर के पैनल पर इनमें से किसी तरह के पैटर्न को बताता है तो इसका अर्थ होता है:

A. निशान पर लगे बल्ब जल गए हैं
B. सावधानी से गाड़ी चलाएँ
C. तुरंत लेन बदलें
D. अपने रेडियो पर ऐसा स्टेशन लगाएँ जो ट्रैफ़िक अपडेट दे

45. इस चित्र में केंद्रीय लेन का उपयोग इसलिए होता है:

A. नियमित यात्रा लिए
B. सिर्फ बांये मुड़ने के लिए
C. सिर्फ़ पासिंग के लिए
D. सिर्फ़ आपातकालीन वाहनों के लिए

46. आप गुज़र सकते हैं अगर दो लेनों को विभाजित करने वाली लाइन _____ :

A. सफेद रंग की टूटी लाइन है
B. दोहरी ठोस पीली लाइन है
C. ठोस पीली है
D. ठोस सफेद है

47. एक ही दिशा में जा रही ट्रैफ़िक जिन लेनों में जाती है वह _____ विभाजित होती है:

A. पीली
B. सफेद
C. लाल
D. काली

48. आप ऐसी केंद्रीय लाइन के किसी भी ओर से दूसरी कार को पास नहीं कर सकते जो _____।

A. ठोस और टूटी हुई पीली लाइन का मेल है
B. एकल टूटी हुई पीली लाइन है
C. दोहरी ठोस पीली लाइन है
D. एकल टूटी हुई सफेद लाइन है

49. आप ठोस पीली लाइन को पार कर सकते हैं:

A. उसी दिशा में आ रही ट्रैफ़िक से गुज़रने के लिए
B. सिर्फ़ दिन में ही
C. किसी भी समय
D. जब आप मुड़ रहे हैं

50. सड़क के दायें किनारे पर जो लाइन अंकित होती है वह _____:

A. टूटी हुई सफेद लाइन होती है
B. ठोस पीली लाइन होती है
C. ठोस सफेद लाइन होती है
D. टूटी हुई पीली लाइन होती है

51. विपरीत दिशा में जाने वाले ट्रैफ़िक लेन का विभाजन _____ होता है।

A. सफ़ेद से
B. लाल से
C. काले से
D. पीले से

52. जब आप यह काला और पीला निशान देखते हैं तो इसका मतलब होता है:

A. दायीं ओर की सड़क सिर्फ़ एक दिशा में जाने वाली ट्रैफ़िक के लिए है
B. दायीं ओर मुड़ना क्योंकि निर्माण कार्य चल रहा है
C. धीमा होना है क्योंकि आगे सड़क तीव्र मोड़ से दिशा बदलती है
D. आपके दाहिने ओर एक क्रॉस रोड है

53. जब आप यह निशान देखते हैं तो उसका अर्थ होता है :

A. सड़क पर आगे कुछ पड़ा है
B. दाहिने ओर से ट्रैफ़िक आ रही है
C. सड़क पर बायीं ओर तीव्र मोड़ है
D. आगे सड़कें मिल रही हैं

54. अगर आप किसी चौराहे पर हैं जिस पर कि रुकने का संकेत है, और अगर आप पेवमेंट पर सफेद रंग से पेंट की गई लाइन के पीछे से सामने की सड़क से आ रहे ट्रैफ़िक को नहीं देख पा रहे हैं तो आप:

A. पाँच सेकेंड रुकें और फिर आगे बढ़ें
B. आगे बढ़ने से पहले हॉर्न बजाएँ
C. अपनी खिड़की के शीशे नीचे करके, ट्रैफ़िक को सुनिए और तब आगे बढ़ें
D. धीमे आगे बढ़िए, ट्रैफ़िक और पैदल यात्रियों का ख़याल रखिए और तभी आगे बढ़िए जब रास्ता साफ़ हो

55. पोस्टेड गति सीमा बताती है:

A. न्यूनतम वैध गति सीमा
B. गति की वह सटीक सीमा जिस पर ही आपको यात्रा करनी चाहिए ताकि जुर्माना ना देना पड़े
C. सड़क और मौसम की आदर्श स्थिति के अनुरूप सर्वाधिक सुरक्षित गति सीमा
D. सभी तरह की सड़कों की स्थिति में सर्वाधिक सुरक्षित गति सीमा

56. ऐसा हाईवे जिस पर दोनों ओर से ट्रैफ़िक आ रहा है, उस पर इनमें से कौन सा निशान होता है?



A. 1
B. 2
C. 3
D. 4

57. केंद्रीय लेन से आप किस तरह की गतिविधि कर सकते हैं?

A. बाएँ मुड़ सकते हैं
B. यू-टर्न ले सकते हैं
C. धीमी गति से जा रही ट्रैफ़िक को पार कर सकते हैं
D. ऊपर के सभी

58. इनमें से कौन से निशान यह बताता है कि ड्राइवर को दाएँ रहना चाहिए?

A. 2
B. 1
C. 3
D. 4

अध्याय 2 – प्रश्नों के उत्तर

1. A
2. C
3. D
4. A
5. C
6. C
7. C
8. A
9. A
10. B
11. D
12. B
13. C
14. C
15. D
16. A
17. A
18. A
19. A
20. A
21. A
22. B
23. D
24. D
25. D
26. A
27. A
28. C
29. C
30. A
31. A
32. C
33. C
34. D
35. C
36. C
37. A
38. C
39. B
40. A
41. A
42. D
43. B
44. B
45. B
46. A
47. B
48. C
49. D
50. C
51. D
52. C
53. C
54. D
55. C
56. C
57. A
58. A

अध्याय 3:
ड्राइव करना सीखना

आपके सुरक्षित ड्राइवर बनने में मदद करने के लिए इस अध्याय में जानकारी दी गई है। इसमें निम्न विषय शामिल हैः

- सबसे पहले सुरक्षा चुनाव
- चालक पर असर
- रोजाना का ड्राइविंग कौशल
- विशेष परिस्थितियां और इमरजेंसी

सबसे पहले सुरक्षा चुनाव

कई बार आपको वाहन चलाने से पहले ही अपनी पसंद निर्धारित करनी होती है - और इसका संबंध गाड़ी चलाने के दौरान आपकी सुरक्षा से है। शुरुआत यह सुनिश्चित करने से कीजिए कि आपका वाहन "चलाने के उपयुक्त" है।

वाहन की जाँच: ड्राइव करने की तैयारी

1. **टायर की सुरक्षा** – टायर ड्राइविंग सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुनिश्चित करें कि आपके टायर का ऊपरी हिस्सा दुरुस्त है और आपकी कार में हवा का दबाव पर्याप्त है। वाहन में बैठने से पहले, वाहन के मैनुअल या वाहन ड्राइवर के दरवाजे की साइड पर दिए मानकों के अनुसार पीएसआई (पाउंड प्रति वर्ग इंच) स्तर की टायरों में दबाव की जांच करें। पीएसआई की जाँच करने के लिए एक टायर प्रेशर गेज का उपयोग करें। ठंडे टायरों के जांच करें, गाड़ी चलाने के कम से कम तीन घंटे बाद टायर "ठंडा" होता है। यदि आपका पीएसआई आपके वाहन के दरवाजे की साइड में दी गई संख्या से ऊपर है, तो टायर की हवा को निकालकर इसके बराबर कर दें। अगर कम है तो इसमें और हवा भरें (या एक टायर पेशेवर को आपकी मदद करने को कहें)।

   आप पेनी के सिक्के से परीक्षण का उपयोग करके टायर के ऊपरी तल्ले की गहराई को भी माप सकते हैं। हर महीने में एक बार, या इससे पहले कि आप लंबी सड़क यात्रा पर जाएं, अपने टायर की जाँच करें ताकि उसको हुए किसी तरह की नुकसान की जानकारी मिल सके। पेनी परीक्षण टायर को हुए नुक़सान की जाँच का एक आसान तरीका है।

   1. एक पेनी लीजिए और अब्राहम लिंकन के शरीर को अपने अंगूठे और तर्जनी की ऊँगली के बीच रखिए।
   2. अपनी टायर पर एक ऐसा स्थान चुनिए जो जहाँ वह वह सबसे ज़्यादा घिसा है और लिंकन के सिर को इसके खाँचे में घुसा दीजिए।
   3. अगर लिंकन का सिर ऊपरी तल्ले से घिर जाता है, तो इसका मतलब यह है कि आपकी कार का टायर असुरक्षित रूप से घिसा नहीं है। पर अगर आपका तल्ला इसके नीचे जाता है तो इसका मतलब यह है कि विपरीत स्थिति में आपके टायर की सड़क पर पकड़ मज़बूत नहीं हो सकती है।

   टायर बदलने के औज़ार अपने पास हमेशा तैयार रखें जैसे कि एक अतिरिक्त टायर, लग रेंच पाने, जैक, फ्लशलाइट, फ्लेअर्स और चमकीले तिपाहे, व्हील वेज, हवा निकले टायर को ठीक करने की किट जैसी वस्तुओं के अलावा ग्लव्ज़। टायर कैसे बदलें इस बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया पृष्ठ 63 पर जाएँ।
2. **द्रव** – सभी द्रवों का स्तर जाँचें जैसे, इंजिन ऑइल, विंडशील्ड वाशर और ईंधन का स्तर और वाहन मैनुअल के अनुसार इन्हें भरें।
3. **ड्राइवर की सीट को समायोजित करें** – सीट ऐसी हो कि पैडल और अन्य नियंत्रणों पर आपका पाँव आसानी से चला जाए और विंडशील्ड के बाहर दृश्य स्पष्ट हो। अपने कार के उपकरणों को समायोजित करने के लिए मैनुअल में दी गई सूचना का प्रयोग करें।
4. **अपना सीट बेल्ट लगाएँ** – अपनी सभी यात्रा के दौरान अपने लैप और कंधे के बेल्ट को हमेशा लगाएँ। पेनसिल्वेनिया में सीट बेल्ट, बच्चों को सीट पर बैठाने के नियम और एयर बैग संबंधी सुरक्षा के बारे में सूचना पर ध्यान दें।

अपना सीट बेल्ट लगाना

एकमात्र ऐसा प्रभावी उपाय है जिससे मृत्यु या चोट लगने के ख़तरे से बचा जा सकता है!

क्या आप जानते हैं?

2017 में, पेनसिल्वेनिया में दुर्घटनाओं में शामिल 80.2% लोग सीट बेल्ट पहने हुए थे। सभी आयु वर्गों में 16 से 24 वर्ष आयु वर्ग के सबसे अधिक ड्राइवरों को चोट लगी या उनकी मौत हुई थी और इस वर्ग में सबसे कम सीट बेल्ट का उपयोग किया गया था।

5. **अपनी खुली वस्तुओं को पीछे की जगह में रखें** – टक्कर होने की स्थिति में, आपके वाहन में रखी वस्तुएँ वाहन रुकने तक उतनी ही गति से चलती हैं जो वाहन की गति होती है। भारी वस्तुओं जैसे बैगपैक, लगेज और उपकरणों को संभवतया ट्रंक में रखें या फिर उसे वाहन के सीट बेल्ट से बाँधकर रखें। कभी भी अपने सामान को पिछली खिड़की के डेक पर नहीं रखें।
6. **रियरव्यू मिरर और साइड मिरर को समायोजित करें** –अपने वाहन के चारों ओर के न दिखाई देने वाले इलाके (ब्लाइंड स्पॉट) देखने के लिए, रियरव्यू और साइड मिरर को प्रत्येक ड्राइवर के लिए अलग-अलग समायोजित करना पड़ सकता है। रियरव्यू मिरर ऐसे सेट किया जाना चाहिए ताकि आप अपने वाहन के पीछे सीधे आता ट्रैफ़िक देख सकें। साइड मिरर को सेट किया जाना चाहिए ताकि जब आप बाएं / दाएं झुकें तो आप बस अपने वाहन के बाहरी किनारे को मुश्किल से देख सकें। अपनी सीट को समायोजित करने के बाद मिरर को सेट करें।

   नोट: गाड़ी चलाते समय रियरव्यू मिरर से किसी सामग्री को लटकाना कानून के खिलाफ है। आप रियरव्यू मिरर पर कुछ नहीं लटका सकते जिसकी वजह से फ्रंट विंडशील्ड से देखने में परेशानी हो। वाहन के पार्क होने पर केवल टैग, परमिट और प्लेकार्ड रियरव्यू मिरर से लटकाए जा सकते हैं।

7. **विंडशील्ड** – सामने के विंडशील्ड पर कुछ भी रखना जिससे कि ड्राइवर को सामने सड़क पर देखने में मुश्किल होती है, क़ानून के ख़िलाफ़ है।
8. **वेंटीलेशन का समायोजन** – आपको अपने वाहन में ताजी हवा की निरंतर आपूर्ति बनाए रखनी चाहिए। जब आप ड्राइव करते हैं तो यह आपको कार्बन मोनोऑक्साइड (कार से निकली गैस) विषाक्तता के प्रति सतर्क रहने में मदद करता है। कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के बारे में अधिक जानकारी के लिए अध्याय 6 देखें।
9. **सिर को स्थिर रखने वाले टेके का समायोजन** – सिर को स्थिर रखने की व्यवस्था आपके सिर के पीछे के हिस्से के नीचे को कुशन करता है और दुर्घटना की स्थिति में गर्दन की चोटों की गंभीरता को रोकता या कम कर सकता है। अपने सिर को स्थिर करने वाले टेके को समायोजित करें ताकि यह आपके कान की ऊँचाई तक जाए। निर्देशों के लिए गाड़ी के मैनुअल में निर्देशों को पढ़ें।
10. **अपना चश्मा/कांटैक्ट लेंस लगाएँ** – अगर आप नज़र वाला चश्मा लगाते हैं तो ड्राइविंग के समय उसे हमेशा लगाएँ। रात को धूप का चश्मा या टिंटेड लेंस वाला चश्मा ना लगाएँ।
11. **अपने वाहन के दरवाजे को लॉक रखें** – अपने दरवाजे लॉक रखने और अपनी सीट बेल्ट पहनना यह सुनिश्चित करेगा कि दुर्घटना में आप वाहन से बाहर नहीं फेंक दिए जाएँ। वाहन से बाहर फेंके जाने से आपकी मृत्यु की संभावना 75 प्रतिशत बढ़ जाती है। जब आप किसी चौराहे पर रुकते हैं या पार्किंग में गाड़ी ले जाते हैं, तो यह आपके कारजैक के धक्के या अन्यथा पीड़ित होने की संभावना को कम कर देगा।

ड्राइवर पर असर डालने वाले कारक

आपका वाहन चलने के लिए तैयार हो सकता है, लेकिन आपकी सुरक्षा ड्राइवर पर असर डालने वाले निम्नलिखित कारकों पर उतनी ही ज़्यादा निर्भर करती है।

असावधानी

पर्याप्त नींद नहीं होने और ड्राइविंग से ध्यान हटने की असावधानी इतनी बड़ी हो सकती है कि दुर्घटना हो सकती है।

क्या आप जानते हैं?

ड्राइवर की असावधानी और रोड और ट्रैफ़िक पर पर्याप्त ध्यान नहीं देना यातायात संबंधी 25 से 30 प्रतिशत दुर्घटना, जिसकी जानकारी पुलिस को दी जाती है, का कारण होता है। इस तरह हर साल लगभग 1.2 मिलियन दुर्घटनाएँ होती हैं।

ड्राइविंग में असावधानी

ऐसी कोई भी बात जो आपका 1) ध्यान ड्राइविंग से भटकाती है, 2) जो आपकी आँख को सड़क से दूर ले जाती है या 3) या आपके हाथ को व्हील से दूर ले जाती है, ध्यान का भटकना है। आप शीघ्रता से प्रतिक्रिया नहीं करेंगे अगर आप:

- खा-पी रहे हैं और धूम्रपान कर रहे हैं। ये सभी सुरक्षा समस्याएं पैदा करते हैं क्योंकि इनकी वजह से अक्सर आपको अपने हाथों को व्हील से दूर ले जाने और अपनी आंखों को सड़क से दूर ले जाने की आवश्यकता होती है। वाहन चलाते समय खाने या पीने वाले ड्राइवरों को अपने वाहन को नियंत्रित करने, लेन में बने रहने में मुश्किल होती है और अधिक बार ब्रेक लगाना पड़ता है।
- ऑडियो उपकरणों को समायोजित करना जैसे: रेडियो, कैसेट, सीडी, आइपॉड / एमपी 3 प्लेयर। नोट: हेडफ़ोन / ईयर पीस के टुकड़े केवल एक कान में संचार प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जा सकते हैं।
- सेल फोन पर बात करना (चाहे वह हाथ मुक्त रखता हो या नहीं)। एंटी-टेक्सटिंग कानूनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अध्याय 5 देखें।
- गाड़ी में बैठे अन्य यात्रियों के साथ बातचीत। यह किशोर चालकों के लिए वाकई बड़ी समस्या हो सकती है। **यदि वाहन में यात्री और ड्राइवर सब किशोर हैं, तो आँकड़ों के अनुसार, आपके अकेले ड्राइव करने या किसी वयस्क की उपस्थिति में ड्राइव करने की तुलना में दुर्घटना की आशंका ज़्यादा होती है।**
- वाहन में कोई चीज़ ढूँढना या किसी चीज़ को घुमाना।
- पढ़ना, लिखना या टेक्स्ट करना।
- निजी कार्य (जैसे बाल में कंघी करना, मेकअप) करना।
- दुर्घटना स्थल या काम के स्थल की ओर यूँ ही देखना।
- सड़क से दूर लोगों, वस्तुओं, या घटनाओं की ओर देखना।

क्या आप जानते हैं?

अनुसंधान में पाया गया है कि एक सामान्य, अबाधित चालक कई बार महत्वपूर्ण सड़क घटना जैसे कि एक अन्य चालक की गलती, को तीन (3) प्रतिशत बार इसे जान पाने में विफल रहता है। सेल फोन से फोन नम्बर डायल करने में कोई वयस्क 13 प्रतिशत बार इससे चूक जाता है। जबकि सेल फोन से फोन नम्बर डायल करने में कोई किशोर 53 प्रतिशत बार इससे चूक जाता है।

नींद का कम होना

जब आप थके हुए होते हैं, तो आप धीमी प्रतिक्रिया करते हैं, आपका निर्णय और आपकी दृष्टि क्षीण होती है, और आपको चीजों को समझने और याद

रखने में समस्या होती है। थकान होने के कारण ड्राइविंग पर वही प्रभाव पड़ता है जो शराब के प्रभाव में ड्राइविंग करते समय होता है। 18 घंटे तक जागने का आपके ड्राइविंग पर वही असर होता है जो आपके रक्त में .05 प्रतिशत अल्कोहल की मौजूदगी का होता है। लगातार 24 घंटे तक जागने के कारण आपकी ड्राइविंग पर वही प्रभाव होता है जो आपके रक्त में .10 प्रतिशत अल्कोहल के स्तर का। यदि आप काफी थके हैं, तो आपको पता भी नहीं चलेगा कि आप कब सो गए। पहिए के पीछे कुछ सेकंड के लिए भी नींद में होना आपकी जान ले सकता है। रात में आठ (8) घंटे से कम नींद लेने वाले किशोर चालकों से वाहन दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। **ड्राइविंग करते समय थकान महसूस होने लगे तो सबसे अच्छी बात यह है कि ड्राइविंग बंद कर दें।**

क्या आप जानते हैं?

- हर साल पूरे यूएस में ड्राइविंग के समय नींद आ जाने के कारण कम से कम 100,000 दुर्घटनाएँ होती हैं।
- इन दुर्घटनाओं में 1,500 लोग मरते हैं और 40,000 घायल हो जाते हैं।
- **नींद में होने के कारण जो 100,000 वाहन दुर्घटनाएँ होती हैं उसमें लगभग आधे ड्राइवर 15 से 24 साल की उम्र के होते हैं।**

स्वास्थ्य संबंधी कारक

आपके देखने, सुनने की क्षमता और आपकी स्वास्थ्य की स्थिति के कारणों से आपकी ड्राइविंग की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

- आप हर एक (1) या दो (2) वर्ष में अपने आँखों की जाँच कराएँ। आपका परिधीय (साइड) दृष्टि, दूरी के बारे में आपका अंदाज और कम रोशनी में देख पाने की आपकी क्षमता, रोग के कारण और उम्र बढ़ने की सामान्य प्रक्रिया की वजह से बिगड़ सकती है। जब तक कि आपकी दृष्टि की नियमित रूप से जांच न की जाए, आप हमेशा यह नहीं जान पाएंगे और इसको ठीक नहीं कर पाएँगे। यदि आपको चश्मा या कांटैक्ट लेंस पहनने की ज़रूरत है, तो सुनिश्चित करें कि आप हर बार ड्राइव करते समय उनका उपयोग करें।
- सुनने से आपको उन खतरों के बारे में पता चलता है जिन्हें आप नहीं देखते हैं, जैसे आपके ब्लाइंड स्पॉट पर किसी और वाहन की मौजूदगी। सुनना इसलिए भी महत्वपूर्ण है ताकि आप किसी आपातकालीन वाहन (पुलिस, अग्निशमन, एम्बुलेंस) के आने की आवाज़ को सुन सकें और रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन के आने का पता आपको लग सके।
- विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा स्थितियों, यहां तक कि गर्दन में तनाव या गले में खराश जैसी छोटी समस्याएं भी वाहन को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने की आपकी क्षमता पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं। सबसे खतरनाक स्वास्थ्य समस्याओं में अचानक बेहोशी, मधुमेह और हृदय की स्थिति सर्वाधिक ख़तरनाक बीमारियाँ हैं। पेनसिल्वेनिया में, अगर चिकित्सकों को ऐसे व्यक्तियों के बारे में पता चलता है जिसकी बीमारी उसकी ड्राइविंग को प्रभावित कर सकती है तो उन्हें ऐसे लोगों के बारे में पेनडॉट को सूचित करना चाहिए।

अल्कोहल और ड्राइविंग

क्या आप जानते हैं?

किसी व्यक्ति के शराब पीकर वाहन चलाने की वजह से अमरीका में हर आधे घंटे में एक (1) व्यक्ति की मौत होती है और हर दो (2) मिनट में एक (1) व्यक्ति घायल हो जाता है।

- पेनसिल्वेनिया और देश भर में, शराब पीकर वाहन चलाने वाले ड्राइवरों की वजह से सड़क पर चलने वाले हजारों लोगों की मौत होती है। सड़क दुर्घटना में मरने वाले लगभग 40 प्रतिशत लोगों की मौत का कारण शराब पीकर गाड़ी चलाना होता है।
- पेनसिल्वेनिया के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि 16 से 20 साल के उम्र के जिन 30 प्रतिशत ड्राइवरों की मौत मोटर वाहन दुर्घटनाओं में हुई वे सब शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे। यह इस तथ्य के बावजूद है कि यहां पेनसिल्वेनिया और अन्य अमरीकी राज्यों में इस बारे में ***शून्य सहनता क़ानून*** है जिसका मतलब यह कि यदि आप 21 वर्ष से कम आयु के हैं तो आप शराब नहीं पी सकते।
- यदि आप 21 वर्ष से कम आयु के ड्राइवर हैं और आपकी रक्त में अल्कोहल सांद्रता (बीएसी) .02 प्रतिशत या उससे अधिक है, तो आपको नशे के प्रभाव के तहत ड्राइविंग (डीयूआई) कर रहे हैं, ऐसा माना जाता है।
- यहां तक कि शराब की न्यूनतम मात्रा भी आपकी एकाग्रता, आपकी समझ, निर्णय और स्मृति को कम कर देगी, और आपके ड्राइविंग कौशल को नुकसान होगा। **कोई भी शराब पीकर सुरक्षित रूप से ड्राइव नहीं कर सकता है।**
- जैसे-जैसे शराब आपके रक्त में फैलती है, आपकी ड्राइविंग त्रुटियों में वृद्धि होगी। आपकी दृष्टि और निर्णय प्रभावित होंगे, आपकी प्रतिक्रियाएं धीमी हो जाएंगी, और आप अपने वाहन को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने की क्षमता खो देंगे। और, जहाँ शराब आपके कौशल को नष्ट करता है, वह आपको खतरनाक रूप से आत्मविश्वास से भर देता है। तो, शराब पीने वाले नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं और उन्हें इसका पता भी नहीं होता।
जैसे आप चौराहे के नज़दीक जाते हैं, संकेतों, सिग्नलों और फुटपाथ पर लगे निशानों पर नज़र रखिए जो आपको बताएँगे कि किस लेन से किस तरह की गतिविधि की अनुमति है। मुड़ने के लिए या चौराहे से आगे चलते रहने के लिए काफ़ी पहले सही स्थिति में आएँ।

लेन की दिशा के लिए संकेत और पेवमेंट पर बने संकेत



कई सड़कों पर संकेत या पेवमेंट पर संकेत हैं जो एक विशेष लेन का संकेत देते हैं जिसका उपयोग किसी विशेष ट्रैफ़िक व्यवस्था के लिए किया जाना है। यदि आप चौराहे के माध्यम से सीधे जाना चाहते हैं, पर आप 'ओनली' लेन के लिए चिह्नित लेन में चल रहे हैं तो अब आपको मोड़ लेना ही होगा। यदि आप मुड़ना चाहते हैं, लेकिन आप सीधे जाने वाले ट्रैफ़िक की में हैं, तो आपको चौराहे से सीधे आगे जाते रहना चाहिए। दायीं ओर के चित्र में जैसा दिखाया गया है, चौराहे पर लगे चिह्न और संकेत आपको यह बताते हैं कि आप अगर दाएँ लेन में हैं तो आप सिर्फ़ दाएँ ही मुड़ सकते हैं,और यदि बाएँ लेन में हैं तो या तो बायें मुड़ सकते हैं या चौराहे से सीधे जा सकते हैं।



बायीं ओर के चित्र में जो संकेत और चिह्न दिख रहे हैं उसमें बाएँ मुड़ने के लिए दो लेन हैं। आप दोनों ही लेन से बाएँ मुड़ सकते हैं। पर आपके पीछे जो ड्राइवर है वह भी उसी समय बाएँ मुड़ सकता है। मुड़ने के समय लेन नहीं बदलिए क्योंकि इससे आप उस ड्राइवर से टकरा जाएँगे जो आपके पीछे है। फिर, अपने पीछे के ड्राइवर का ध्यान रखें जो आपके मुड़ने के रास्ते में भटक सकता है। चिह्न और संकेत यहाँ बताते हैं कि अगर आप दाएँ लेन में हैं तो आपको दाएँ ही मुड़ना चाहिए। अगर आप बाएँ लेन में हैं तो बाएँ मुड़ेंगे। अगर आप बीच वाली लेन में हैं तो आप या तो बाएँ मुड़ सकते हैं या फिर चौराहे से सीधे जाइए।

ट्रैफ़िक संकेत और स्टॉप का संकेत

चौराहे पर आपकी सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि ट्रैफ़िक सिग्नल पर बत्ती हरी, पीली और लाल होने पर और सड़कों पर लगे दोतरफा तथा चौतरफा स्टॉप संकेतों पर आप किस तरह की प्रतिक्रिया करते हैं।

वन-वे, ग़लत रास्ता और प्रवेश नहीं करने के संकेत

शहरों की कई गलियाँ एक तरफ़ा सड़कें हैं। यदि आप चौराहे पर तैनात **वन वे** संकेत देखते हैं, तो आपको केवल एक (1) दिशा में एक विशेष सड़क पर यातायात का पता चल जाएगा। एक और तरीक़ा है यह जानने का कि कौन सा रास्ता एक रास्ता है - जब आप सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों को एक ही दिशा में ले जाते हुए देखते हैं।

आपको **वन-वे, ग़लत रास्ता**, और **प्रवेश नहीं करें** के संकेत एक ही साथ ऐसी सड़कों पर दिखाई देते हैं जिसको बंटा हुआ हाईवे काटता है। आप विभाजित हाईवे को दो (2) वन-वे सड़कों के रूप में देख सकते हैं। अधिकांश में एक भौतिक अवरोध है जो प्रत्येक दिशा में चलते हुए यातायात को अलग करता है। यह एक संकीर्ण कंक्रीट अवरोध हो सकता है, या यह सीमेंट का चौड़ा या घासयुक्त क्षेत्र हो सकता है। चौराहे के पास पहुंचते ही आपको आमतौर पर अपनी सड़क पर एक **विभाजित हाईवे** का साइन दिखाई देगा।

विभाजित हाईवे पर दाएं मुड़ना किसी अन्य चौराहे पर दाएं मुड़ने से अलग नहीं है। सुनिश्चित करें कि आपके पास अपने बाएं से आने वाले ट्रैफ़िक के सामने दाएँ मुड़ने के लिए पर्याप्त सुरक्षित जगह है।

हालांकि, एक विभाजित हाईवे पर बाएं मुड़ने में एक विशेष खतरा है। यदि आपको एहसास नहीं है कि आप एक विभाजित हाईवे पर जा रहे हैं, तो आपके भौतिक डिवाइडर पर जाने से पहले बाईं ओर मुड़ने और अपने बाएं से आने वाले ट्रैफ़िक के साथ आमने-सामने की टक्कर हो सकती है। आपको **प्रवेश नहीं करें** और **ग़लत रास्ता** के संकेतों का अवश्य ही ध्यान रखना चाहिए।

विभाजित हाईवे पर सही ढंग से बाएं मुड़ने के लिए, आपको "पहले" सड़क मार्ग को पार करने की आवश्यकता होती है जब आपके बाएं से आने वाले ट्रैफ़िक में एक सुरक्षित जगह आपको मिलती है, और अवरोध के दूसरी तरफ बाएं मुड़ें, जब "दूसरी" सड़क पर दाईं ओर से आने वाला ट्रैफ़िक में आपको अवसर दिखता है।

चौराहे में और उससे सुरक्षित गुज़रना

- **दो-तरफ़ा स्टॉप साइन के साथ एक चौराहे से निकलना** - आपको 30 मील प्रति घंटे की गति से सड़क पार करने के लिए दोनों दिशाओं में 6-सेकंड के अंतराल की या दाएं और बाएं लगभग एक ब्लॉक स्पष्ट जगह की आवश्यकता होती है। स्टॉप साइन पर, पहले बाईं ओर देखें, फिर सुरक्षित अंतराल के लिए अपने दाईं ओर देखें, और फिर आगे बढ़ने से पहले अपने बाईं ओर फिर से जल्दी से जांचें।
- **दाएँ मुड़ने के लिए** - यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई ट्रैफ़िक नहीं आ रहा है, बाएँ, सीधे आगे, दाएँ और फिर बाएँ देखिए। आपके बाएं से आने वाले किसी भी वाहन और अपने वाहन के बीच लगभग आठ (8) सेकंड का अंतर होने दें।
- **बाएं मुड़ने के लिए** - सुनिश्चित करें कि आपकी ओर आने वाले ट्रैफ़िक के सामने मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह है और सामने की सड़क पर यातायात बंद है। यदि आप एक छोटी सड़क से बड़ी सड़क पर मुड़ रहे हैं, तो आपके और दाईं ओर से आने वाले किसी भी वाहन के बीच 9 सेकंड का अंतर रखें।

जब बाएँ मुड़ रहे होते हैं तो विपरीत दिशा से बाएं मुड़ने वाले वाहनों से संभावित टक्कर से बचना ज़रूरी होता है। दाईं ओर दिए गए रेखाचित्र में, चौराहे के केंद्र में एक "X" की कल्पना करें। पहले मुड़ने से आप "X" तक पहुँचते हैं और आप बाएँ मुड़नेवाले अन्य ड्राइवरों से "टैंगल टर्न" को बचाते हैं। हमेशा सेंटरलाइन के निकटतम लेन में प्रवेशकर, आप विपरीत दिशा से आने वाले ट्रैफ़िक में हस्तक्षेप करने से भी बचते हैं जो उसी सड़क पर दाएं मुड़ रहे हैं।



सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण : तब तक बायीं ओर न मुड़ें जब तक आप यह ना देख लें कि सभी सड़कें जिन्हें आप पार करना चाहते हैं वे साफ़ हैं और आप सुरक्षित मुड़ सकते हैं।



- **जगहैंडल्ज़** - व्यस्त वाणिज्यिक क्षेत्रों में कुछ सड़कों पर भौतिक अवरोध लगे होते हैं जो विपरीत दिशाओं से आने वाले ट्रैफ़िक को बाँटते हैं और सिग्नलयुक्त चौराहे पर **बाएँ नहीं मुड़ें** या **यू-टर्न न लें** और **सभी मोड़ दाएँ लेन** से जैसे संकेतक होते हैं। इस स्थिति में, रोड को बाएँ मुड़ने के लिए इस तरह से डिज़ाइन किया गया होता है कि वह जग का हैंडल लगता है। सामने से आने वाली ट्रैफ़िक के सीधे सामने बाएँ मुड़ने के बदले आप दाएँ मुड़ने वाली लेन का प्रयोग करेंगे जो कि वापस बड़ी सड़कों को पार करने के लिए ट्रैफ़िक लाइट पर मुड़ती हैं और फिर उसके बाद बाएँ मुड़ती है।

- **गोलाकार चौराहा** - गोल चक्कर और ट्रैफ़िक वृत्त गोलाकार चौराहा होते हैं जिस पर ट्रैफ़िक घड़ी की उल्टी दिशा में घूमता है ताकि जो भी वृत्त के बाहर और अंदर आता है वह दायाँ मोड़ होता है। इसकी वजह से आमने-सामने, दाएँ-मुड़ने और बाएँ मुड़ने के कारण होने वाली दुर्घटना का ख़तरा समाप्त हो जाता है। गोलचक्कर के अपने विशेष नियम और अपने डिज़ाइन होते हैं जिसकी वजह से यह ट्रैफ़िक गोलाकार से अलग होते हैं।

  हम इस बात पर ध्यान देंगे कि इस प्रकार के गोलाकार चौराहों का उपयोग कैसे किया जाए क्योंकि इस तरह के गोल चौराहे बड़े, पुराने जमाने के चौराहों की जगह ले रहे हैं और कई स्थलों पर ट्रैफ़िक संकेतों वाले चौराहों के बदले हाई-स्पीड ट्रैफिक सर्कल बनाए जा रहे हैं क्योंकि इसमें सुरक्षा ज़्यादा है और इसके संचालन के फ़ायदे हैं। कई बार किसी इंटरचेंज के रैम्प के अंत में गोलचक्करों को निर्मित किया जाता है।

  गोलचक्कर पर प्रत्येक प्रवेश बिंदु पर **जगह देने** का संकेत होता है और जगह देने वाली लाइनों को हर प्रवेश बिंदु पर पेवमेंट पर रंग दिया जाता है। अधिकांश गोलचक्कर पर पहुँच पर गंतव्य का संकेत भी होता है ताकि आपको पता होता है कि जिस लेन पर आप चल रहे हैं वह आपको कहाँ ले जाएगा।



क्या आप जानते हैं?

गोलचक्कर पर दुर्घटना बार-बार उन ड्राइवरों की वजह से होती है जो प्रवेश करने से पहले रास्ता देने से चूक जाते हैं।

गोलाकार चौराहे का प्रयोग करें

नज़दीक जाना और प्रवेश करना :

1. जब आप किसी गोलचक्कर के नज़दीक होते हैं तो गति धीमी कर लीजिए क्रॉसवाक के पैदल यात्रियों को रास्ता दीजिए।
2. जगह देने वाली लाइन तक जाइए, दाएँ देखिए और गोलचक्कर में आ रहे ट्रैफ़िक पर नज़र रखिए, चक्कर लगा रहे ट्रैफ़िक को गुज़रने का अधिकार है।
3. गोलचक्कर में तब प्रवेश कीजिए जब ट्रैफ़िक में पर्याप्त जगह हो।

गोलचक्कर से बाहर आना:

1. एक बार जब गोलचक्कर में प्रवेश कर जाते हैं, तो अपने एग्ज़िट तक घड़ी की उल्टी दिशा में चलिए। अब आपको मुड़ने का अधिकार है।
2. आप जैसे एग्ज़िट के पास आते हैं, दाएँ मुड़ने के संकेत का प्रयोग करें।
3. क्रॉसवाक से गुज़र रहे पैदल यात्रियों का ध्यान रखिए और उन्हें रास्ता देने के लिए तैयार रहिए।
4. गोलचक्कर से बाहर निकलिए।

इनके लिए तैयार रहिए:

आपातकालीन वाहन - जब आपातकालीन वाहन आ रहे हों, तो गोलचक्कर में प्रवेश न करें। यदि राउंडअबाउट में हैं, तो तुरंत इससे बाहर निकलें और गाड़ी साइड में ले जाएँ। गोलचक्कर में गाड़ी कभी भी न रोकें।

साइकिल सवार – साइकिल सवार के पास पैदल यात्रियों के लिए वाहन बनने का विकल्प होता है जब वे गोलचक्कर का प्रयोग कर रहे होते हैं। जब वे एक वाहन की तरह होते हैं, तो उस समय वे वही नियम अपनाएँगे। गोलचक्कर में ऐसे साइकिल सवार को कभी ओवरटेक नहीं करें जो एक वाहन के रूप में जा रहा है।

पैदल यात्री – गोलचक्कर में प्रवेश करने और बाहर आते हुए मोटर चालकों को पैदल यात्रियों को रास्ता देना चाहिए। पैदल यात्री गोलचक्कर को पार करने के लिए क्रॉसवाक और स्प्लिटर द्वीप का प्रयोग करेंगे।

घुमाव पर चलना

घुमाव के बारे में सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि आप भौतिक शास्त्र के नियमों से जीत नहीं सकते। वाहन भारी होते हैं और उनमें काफ़ी जड़त्व होता है। इसका मतलब यह हुआ कि अगर आप घुमाव पर काफ़ी तेज़ी से गाड़ी चला रहे हैं तो आपकी गाड़ी सीधी दिशा में चलती रहेगी न कि घुमाव की दिशा में, भले ही आप धीमा होकर उसे अपनी लेन में रखने की कितनी भी कोशिश कर लें। या तो आप सड़क से बाहर फेंक दिए जाएँगे (बाएँ मुड़नेवाले घुमाव पर) या फिर आप ट्रैफ़िक के दूसरी लेन में चले जाँगे (दाएँ मुड़ने वाले घुमाव पर)। यह उस समय ही नहीं होगा जब आप धीमी गति से वाहन चला रहे हैं। अगर घुमाव काफ़ी तीव्र है और सड़क गीली है तो गति में सर्वाधिक कमी लाने की ज़रूरत होती है।

किशोर दुर्घटना संबंधी तथ्य

पेनसिल्वेनिया में 16-साल के ड्राइवरों से होने वाली दुर्घटनाओं में बार-बार होने वाली दुर्घटना है **एकल वाहन का सड़क से बाहर हो जाने की दुर्घटना।** 2013 से 2017 के बीच 3,291 दुर्घटनाएँ हुईं और इसमें 20 लोगों की जान गई।

फ़ोटो पेनसिल्वेनिया राज्य पुलिस ने उपलब्ध कराया है।

घुमाव पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए, आप धीमे हो जाइए यह ज़रूरी है।
घुमाव के शुरू होने से पहले ऐसा करें।

जब आप घुमाव के पास जाते हैं, आप आमतौर पर एक पीले हीरे की शक्ल में लिखी चेतावनी का संकेत देखेंगे जो दिखाएगा कि सड़क कैसे झुकती है। यदि सड़क 90-डिग्री के कोण पर झुकती है, तो आपको एक बड़े तीर के साथ एक आयताकार पीला संकेत दिखाई दे सकता है जो बाएं या दाएं ओर इशारा करता है। कुछ तीव्र घुमावों में शेवरॉन चेतावनी के संकेत होते हैं जो पूरे मोड़ पर रखे जाते हैं; ये रात में या खराब दृश्यता की स्थिति में बहुत मददगार होते हैं। अध्याय 2 में दिखाए गए विभिन्न प्रकार के वक्र चेतावनी संकेतों को ध्यान से देखें।

घुमाव पर ऐसे सुरक्षित वाहन चला सकते हैं:

1. दाएँ घुमाव पर अपनी लेन के केंद्र से थोड़ा दाएँ रहें और बाएँ घुमाव पर अपनी लेन के बीच में रहें।
2. घुमाव जितना ही तीव्र होगा, उतना ही ज़्यादा आपको अपनी गति धीमी करने की ज़रूरत होगी।
3. विपरीत दिशा से आ रही ट्रैफ़िक पर नज़र रखें। कोई तेज़ वाहन आपके लेन में आसानी से भटक सकता है।
4. अपने वाहन को कैसे आगे ले जाएँ इस बारे में दिशानिर्देश के लिए आगे देखिए, और घुमाव के अंदरूनी किनारे पर देखिए। यदि कहीं बहुत सारे घुमाव हैं तो हर घुमाव के अंदरूनी किनारे पर जितना दूर संभव हो सके, देखिए।

बाएँ मुड़ने वाले घुमाव पर तेज़ गति से चलाने का भौतिक शास्त्र



दाएँ मुड़ने वाले घुमाव पर तेज़ गति से चलाने का भौतिक शास्त्र



हाईवे और इंटरचेंज पर गाड़ी चलाना

हाईवे पर दुर्घटनाएं सबसे गंभीर हैं क्योंकि ट्रैफ़िक काफ़ी तेज गति से चलता है। जब आप लेन बदल रहे हैं, और जब भीड़ की वजह से यातायात अप्रत्याशित रूप से धीमा या बंद हो जाता है, तो आप हाईवे इंटरचेंज पर सबसे अधिक जोखिम में होते हैं।

हाईवेज में प्रवेश करना

हाईवे में प्रवेश करते समय आपका पहला महत्वपूर्ण निर्णय यह सुनिश्चित करना है कि आप गलती से निकास रैंप में न चले जाएँ और अन्य ट्रैफ़िक के आमने-सामने ड्राइव करने लगें। एग्जिट रैंप पर **वन-वे** संकेतों के साथ-साथ **प्रवेश नहीं करें** और **ग़लत रास्ता** के संकेत भी लगे होंगे। कभी-कभी, लेकिन हमेशा नहीं, प्रवेश रैंप पर एक हरे रंग का संकेत होगा जो **हाईवे प्रवेश** बताता है। यदि आपको अपने दाईं ओर एक सफेद रेखा और बाईं ओर एक पीले रंग की रेखा दिखाई देती है, तो आप सही दिशा में जा रहे हैं।

कुछ हाईवे के प्रवेश और निकास एक दूसरे के काफ़ी सटे होते हैं और उनके बीच केवल एक छोटी "वीविंग लेन" होती है। हाईवेज में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले ट्रैफ़िक को इस वीविंग लेन को आवश्यक रूप से साझा करना होगा। संभावित खतरा उन दो (2) चालकों से होता है जो एक ही समय में उस जगह का प्रयोग करना चाहते हैं। यदि आप हाईवे में प्रवेश करने वाले चालक हैं, तो आपको बाहर निकलने वाले चालक को रास्ता देना होगा। हाईवे के लिए प्रवेश रैंप में अक्सर त्वरण गलियां होती हैं। ये लेन मुख्य ट्रैफ़िक लेन के बगल में चलती हैं और आपको हाईवे में प्रवेश करने से पहले आपको यातायात की गति के बराबर की गति प्राप्त करने में मदद के लिए पर्याप्त लंबी होती है। जब हाईवे में प्रवेश के लिए रैंप पर ड्राइविंग करते हुए आप उपयुक्त जगह की तलाश कर रहे हैं तो अपने पीछे और अपने साइड मिरर में देखें।

हाईवेज से बाहर जाना

हाईवे से बाहर आने के लिए उचित लेन में काफ़ी पहले आइए। जब तक आप एग्ज़िट लेन में नहीं आ जाएँ तब तक गति कम न करें। यदि आपकी एग्ज़िट पीछे छूट जाती है तो अगली एग्ज़िट लें। हाईवे पर न रुकें और न पीछे जाएं। अंतिम सेकंड में बाहर निकलने की कोशिश करने के लिए कई लेनों में न भटकें। पीछे घूमने की कोशिश करने के लिए बीच की लाइन को पार न करें। इस तरह अपनी गाड़ी को इधर से उधर करना अवैध है और आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। एग्ज़िट रैंप पर एक चेतावनी संकेत होता है जो आपको अधिकतम सुरक्षित गति के बारे में बताता है।

हाईवेज पर यात्रा

हाईवेज पर आधी से अधिक दुर्घटना ऐसे वाहनों की होती है जो अधिक गति होने की वजह से/या वाहन चालकों के थके होने के कारण सड़क से बाहर निकल जाती हैं। **65 मील प्रति घंटे की गति का मतलब होता है लगभग 100 फ़ीट प्रति सेकेंड की गति और इस स्थिति में गाड़ी को सड़क से बाहर जाने में एक (1) सेकेंड से भी कम का समय लगता है।**

हाईवे पर जब आप धीमी चल रही गाड़ी से आगे निकलने के लिए लेन बदलते हैं तो एक बार में सिर्फ़ एक (1) ही लेन बदलिए, आप जितनी बार लेन बदलते हैं उतनी बार मुड़ने के संकेत का प्रयोग करें, दूसरे ड्राइवर इसे देखें इसके लिए इसे बार-बार ऑन कीजिए।

यदि आप देखते हैं कि कोई वाहन ऑन-रैंप से हाईवे पर प्रवेश करने वाला है, तो सामान्य शिष्टाचार का तक़ाज़ा है कि आप ड्राइवर को हाईवे पर आसानी से प्रवेश करने की अनुमति दें। भले ही प्रवेश करने वाले ड्राइवर के लिए यह ज़रूरी था कि वह सड़क के दाहिनी ओर होने के कारण आपको आगे जाने देता, लेकिन आपका शिष्ट व्यवहार यातायात को सुचारू रूप से आगे बढ़ाता है। लेकिन, पहले यह सुनिश्चित करें कि आपके वाहन के चारों ओर रास्ता साफ़ है।

हाईवे पर ड्राइविंग करते समय एक और असावधानी "हाईवे सम्मोहन" के कारण होती है। यह तब होती है जब आप लंबे समय तक सड़क पर सीधे आगे बढ़ते हैं, अपने आगे, पीछे और अग़ल-बग़ल में सक्रिय पैनी नज़र रखना बंद कर देते हैं। अगर आप इस तरह "ज़ोन आउट" करते हैं, तो अपने आगे धीमी हो रही या रुकने वाली ट्रैफ़िक से आपके टकराने की आशंका बाढ़ जाती है। हाईवे पर होने वाली घातक दुर्घटनाओं में, 20 प्रतिशत वाहन के पीछे होने वाली टक्कर होती हैं। इनमें से अधिकांश दुर्घटनाओं के लिए ड्राइवर की असावधानी और आगे वाली गाड़ी से बहुत कम दूरी बनाकर चलना शामिल है।

पार्किंग

अगर जिस सड़क पर आप जा रहे हैं वहाँ कोई कर्ब है, तो उसके जितना नज़दीक संभव हो पार्क करें, पर उससे 12 इंच से ज़्यादा दूरी पर न रहें। अगर कोई कर्ब नहीं है तो सड़क से जितना नीचे उतर सकते हैं दूर हो जाएँ।

जब आपको सड़क पर पार्क करना ज़रूरी होता है, तो आप अपना फ़ोर-वे फ़्लैशर का प्रयोग करें और गुज़रनेवाले ट्रैफ़िक को पर्याप्त जगह दें। सुनिश्चित करें कि दोनों ही दिशाओं में आपका वाहन 500 फ़ीट से दिखाई दे जाए।

हमेशा ही गाड़ी को जा रही ट्रैफ़िक की दिशा में पार्क करें। सुनिश्चित करें कि आपका वाहन घूमे नहीं। अपने पार्किंग ब्रेक को "पार्क" पर शिफ़्ट करें अगर आपकी गाड़ी में ऑटमैटिक शिफ़्ट है, या फिर "रिवर्स" या "फ़र्स्ट" में इसे शिफ़्ट करें अगर इसमें मैन्यूअल शिफ़्ट है। अगर आपकी गाड़ी किसी पहाड़ी पर पार्क है तो अपने पहिए को ऐसे घुमाएँ जैसे रेखाचित्र में दिखाया गया है। जब आप गाड़ी को पहाड़ी की ढलान पर पार्क करते हैं जिस पर कर्ब हो या न हो, तो भी आपको स्टीयरिंग व्हील को घुमा देना चाहिए ताकि गाड़ी के चक्के दायीं ओर हों।

पहाड़ी पर अपने वाहन को कैसे पार्क करें



आपातकाल और जब कोई पुलिस ऑफ़िसर आपको ऐसा करने को कहे उस स्थिति को छोड़कर, इन स्थानों पर अपनी गाड़ी कभी न तो रोकें, खड़ी करें या पार्क करें :

- सड़क पर वहाँ जहाँ पहले से ही कोई वाहन रुकी हुई है या किसी गली के अवरोध पर या उसके किनारे (डबल पार्किंग)।
- साइडवाक पर।
- किसी इंटरसेक्शन के अंदर।
- क्रॉसवाक पर।
- अगर किसी सड़क पर खुदाई या अन्य काम चल रहा है उसके किनारे या उसके सामने।
- किसी भी पुल या एलिवेटेड संरचना पर या किसी हाईवे टनल में।
- किसी भी रेलरोड ट्रैक पर।
- विभाजित हाईवे के क्रॉसओवर्स सहित सड़क के बीच में।
- रेलरोड क्रॉसिंग पर नज़दीक़तम रेल ट्रैक के 50 फ़ीट के भीतर।
- ऐसी किसी जगह पर जहाँ आधिकारिक संकेत से इस बात की मनाही है।
- ऐसी किसी जगह जहाँ आधिकारिक संकेत रुकने से मना करता है।
- सार्वजनिक और निजी ड्राइववे के सामने।
- फ़ायर हायड्रंट के 15 फ़ीट के अंदर।
- किसी चौराहे पर क्रॉसवाक के 20 फ़ीट के अंदर।
- किसी फ़्लैशिंग, रुकने, रास्ता देने के संकेत या रोडवे के साइड में लगे ट्रैफ़िक नियंत्रण की युक्तियों के 30 फ़ीट के अंदर।
- किसी फ़ायर स्टेशन के प्रवेश ड्राइववे के 20 फ़ीट के भीतर।
- जहाँ पर आपका वाहन सड़क से गुज़रने वाले वाहनों को जाने में दिक्क़त हो।
- सीमित पहुँच वाले हाईवे पर इसकी मनाही है बशर्ते कि ट्रैफ़िक नियंत्रण अधिकारी आपको ऐसा करने को कहे।

समानांतर पार्किंग के लिए टिप्स

दाहिने ओर के कर्ब पर पार्किंग के तरीक़े को इस रेखाचित्र में से समझाया गया है



1. सामने वाली गाड़ी के बराबर जाकर गाड़ी लगाएँ और उससे दो (फ़ीट) की दूरी पर रुकें।	2. अपने पहिए को तीव्रता से दाएँ घुमाएँ और गाड़ी की ओर धीरे-धीरे पीछे करें।	3. जैसे ही आपकी गाड़ी का अगला दरवाज़ा आगे स्थित पिछले बम्पर को पार करता है, शीघ्रता से अपने पहिए को सीधा करें और सीधा पीछे जाएँ	4. एक बार जब आगे के वाहन से आगे बढ़ जाते हैं, पहिए को तेज़ी से बाएँ घुमाएँ और पीछे खड़ी गाड़ी की ओर धीमे ले जाएँ।	5. पहिए को तेज़ी से दाएँ घुमाएँ और पार्किंग के बीच की ओर गाड़ी ले जाएँ।

अगर आप जिस सड़क में हैं उस पर कोई कर्ब है, तो आपको इसके यथासंभव नज़दीक पार्क करनी चाहिए पर 12 इंच से ज़्यादा दूर नहीं। अगर उस पर कर्ब नहीं है तो आप अपनी गाड़ी को सड़क से जितना नीचे दूर संभव हो अवश्य ले जाएँ।

अपनी गाड़ी को छोड़ने से पहले, इंजन को बंद कर दें, चाबी निकाल लें और सभी दरवाज़ों को लॉक कर दें। गाड़ी से निकलने से पहले अपने पीछे से आ रहे ट्रैफ़िक पर नज़र रखें।

पेनडॉट समानांतर पार्किंग प्रशिक्षण संबंधी हमारे वीडिओ को देखने के लिए निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करें।
https://www.youtube.com/watch?v=iZs-q6PmC7E

विशेष परिस्थितियां और इमरजेंसी

निम्नलिखित पृष्ठ इस बारे में आपको जानकारी प्रदान करते हैं कि सुरक्षित ढंग से किस प्रकार से वाहन चलाएं और इन विशेष परिस्थितियों में कुचल जाने के अपने जोखिम को कम करें - हाईवे के कार्य-क्षेत्रों में, रेलमार्ग क्रासिंगों पर, और जब आप पदयात्रियों, साइकिल चालकों, ट्रकों, बसों या आपातस्थिति वाहनों से टकराते हैं - और उस समय जब आपको अवश्य ही सड़क के झगड़े और वाहन चलाने की विभिन्न आपातस्थितियों का सामना करना होगा।

मोटरचालकों हेतु अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए विशेष घटनाओं और आपातस्थितियों के बारे में जानकारी उपयोगी है। मोटरचालक प्रस्थान करने से पूर्व यह देखने के लिए कि क्या उसका यात्रा मार्ग साफ है www.511PA.com की तरह के माध्यम की जाँच करके अवांछित विलंबों या यहाँ तक कि संभाव्य रूप से असुरक्षित सड़क मार्ग की दशाओं से बचने का चुनाव कर सकता है।

कार्य क्षेत्र (वर्क झोन्स)

कार्य क्षेत्र निर्माण, रखरखाव या जनोपयोगी कार्य गतिविधियों वाले क्षेत्र हैं और इनकी पहचान संतरी रंग की चैनल वितरण करने वाली डिवाइसों से की जाती है, जैसे कि शंकु या अन्य अस्थायी यातायात नियंत्रण डिवाइसेस। आपका सामना यातायात को निर्देशित करने वाले और परावर्तक कपड़े पहनने वाले फ्लैगर से हो सकता है। चेतावनी संकेतक, अग्रिम चेतावनी वाहन या परिवर्तनशील संदेश बोर्डों को कार्य क्षेत्र के निकट न्यूनतम 200 फीट पर रखा जा सकता है। जब आप पहले संकेत को देखें तो सड़क, वाहनों, उपकरण और उन लोगों पर एकदम से ध्यान दें जिनसे आप टकरा सकते हैं। कुछ कार्य क्षेत्रों में पेनसिल्वेनिया राज्य पुलिस साथ में होती है।

सचल परिचालन कार्य, जैसे कि लाइन पेंटिंग, दरार की भराई और घास की कटाई मोटरचालकों को चेतावनी देने के लिए परिचालन कार्य के पीछे दिखावटी वाहनों का कई बार उपयोग करते हैं कि आगे कार्य क्षेत्र है और चालक दल के लिए सुरक्षा के रूप में भी काम करता है। जहाँ कार्य चल रहा हो उससे आगे न जाएं जब तक कि ऐसा निर्देशित न किया गया हो।

सक्रिय कार्य क्षेत्र वह होता है जहाँ पर या सड़क मार्ग के निकट मजदूर होते हैं। **निर्माण मज़दूरों पर सदैव नजर रखें** और सँकरी लेनों, खुरदरी पेवमेंट, असमान लेनों और अचानक लेन बदलने के लिए तैयार रहें।

क्या आप जानते हैं?

अमेरिका में प्रत्येक वर्ष राजमार्ग के मजदूरों और मोटरचालकों समेत तकरीबन 40,000 लोग कार्य क्षेत्रों में वाहन दुर्घटनाओं के कारण घायल होते हैं या मारे जाते हैं।

कार्य क्षेत्रों में यातायात दुर्घटना का मुख्य कारण लापरवाही और तेज गति होती है।

ड्राइवरों को अवश्य ही कार्य क्षेत्रों में मजदूरों और निर्माण वाहनों को रास्ते पर आगे निकल जाने का अधिकार प्रदान करना होगा। कानूनन, इन क्षेत्रों से होकर वाहन चलाते समय आपको अपने वाहन की हेडलाइटें अवश्य ही चालू करके रखनी होंगी, दिन के समय भी लाइटों को जलाना होता है। सक्रिय कार्य क्षेत्र में अपनी हेडलाइटों का उपयोग नहीं करने पर आपके ऊपर जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा, तेज गति समेत सक्रिय कार्य क्षेत्रों में कुछ उल्लंघनों के लिए जुर्मानों को दोगुना कर दिया जाता है। इसके अलावा, कुछ उल्लंघन ऐसे होंगे जिनमें ड्राइवर के लाइसेंस को निलंबित किया जा सकता है।

कार्य क्षेत्रों में और उसके निकट सुरक्षित वाहन चालन के बारे में एक नया वीडियो जस्ट ड्राइव पा वेबसाइट, www.justdrivepa.org, पर शीघ्र उपलब्ध होगा और स्कूल-आधारित ड्राइवर शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

जब आप कार्य क्षेत्र के करीब पहुँचते हैं तो धीमे या रुके हुए यातायात के लिए तैयार रहें और सुरक्षा के इन नियमों का पालन करें:

- अपनी यात्रा की योजना बनाएं। अगर आप कार्य क्षेत्र के इर्दगिर्द वैकल्पिक रास्ते का चुनाव करते हैं तो आप यात्रा में विलंबों से बच सकते हैं।
- कार्य क्षेत्रों में अपने क्रूज नियंत्रण का उपयोग नहीं करें।
- पीछा करने की अपनी दूरी को दोगुना कर दें; कार्य क्षेत्रों में दुर्घटना का सर्वाधिक आम प्रकार पिछले सिरे की टक्कर होती है।
- जैसे ही आप स्वयं को यह बताने वाला संदेश देखते हैं कि आपकी लेन आगे बंद है, वैसे ही लेनों को बदलने के लिए तैयार हो जाएं।
- कार्य क्षेत्र में ठोस सफेद रेखा को पार नहीं करें; अपनी लेन में बने रहें।
- जब आप कार्य क्षेत्र से होकर वाहन चलाते हैं तो सावधानीपूर्वक आगे बढ़ें और सुरक्षित गति पर चलते रहें; सड़क के कार्य को देखने के लिए वाहन धीमा न करें या रोकें नहीं।
- मजदूरों से दिशा पूछने के लिए कार्य क्षेत्र के भीतर रुके नहीं।
- फ्लैगर्स का कहा मानें - उनके अधिकार पारंपरिक यातायात नियंत्रण डिवाइसों से अधिक होते हैं।

याद रखें: कार्य क्षेत्र के फ्लैगर्स पुलिस गिरफ्तारी फॉर्म का उपयोग करके असुरक्षित मोटर चालकों, तेज गति से चलने वालों और आक्रामक ड्राइवरों की सूचना पुलिस को दे सकते हैं!

रेलमार्ग क्रासिंग्स

अधिकतर रेलमार्ग क्रासिंग्स केवल उन्नत चेतावनी संकेत और क्रॉसबक से ही सुरक्षित होती हैं। अधिकतर क्रासिंग्स के पास यातायात को रोकने के लिए गेट नहीं होते। आपको समस्त रेलमार्ग क्रासिंग्स के समीप पहुंचते समय विशेष रूप से सतर्क रहना होगा।

बहुत अधिक ट्रेन यातायात से रहित परिचित क्रासिंग्स सर्वाधिक खतरनाक हो सकती हैं। अगर आप अक्सर इस प्रकार की क्रॉसिंग का उपयोग करते हैं और प्रायः ट्रेन नहीं देखते हैं तो आप यह मानना शुरू कर देते हैं कि ट्रेनें कभी गुजरती ही नहीं; ऐसा विश्वास करना खतरनाक हो सकता है।

रेलमार्ग क्रासिंग्स पर इन बिंदुओं को याद रखें:

- जब आप रेलमार्ग क्रासिंग के निकट पहुँचते हैं तो सदैव बाएं, दाएं और फिर दाएं देखें। क्रॉसिंग के सक्रिय होने और संकेतों के नहीं चमकने पर भी इस काम को करें - हो सकता है कि वे काम न कर रहे हों।
- अगर आप एक से अधिक पटरी पर रेलमार्ग क्रासिंग पर रुक जाते हैं तो ट्रेन के गुजरते ही वाहन स्टार्ट न करें। पार करने से पहले उस समय तक प्रतीक्षा करें जब तक आप दोनों पटरियों को साफ-साफ न देख लें यहाँ तक कि एक (1) पटरी होने पर भी ट्रेन के गुजर जाने के बाद तुरंत पार करना शुरू नहीं करें - दूसरी ट्रेन के लिए दोबारा जाँच करें जो कि हो सकता है करीब आ रही हो।
- जब आप रेलमार्ग क्रॉसिंग के करीब पहुंचते हैं या उसमें प्रवेश करते हैं तो कभी भी किसी से आगे निकलने की कोशिश न करें।
- पटरियों को पार कर रहे किसी दूसरे वाहन का आँख मूंदकर अनुसरण नहीं करें। अगर आप किसी दूसरे वाहन का अनुसरण कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित करने के लिए जाँच करें कि इसके पहले कि आप पटरियों पर वाहन चलाएं आपके पास पूरा रास्ता पार करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। अगर आपके आगे यातायात धीमा हो जाता है तो पार करना शुरू करने से पहले उसके साफ होने की प्रतीक्षा करें। **कभी पटरियों पर नहीं फँसें।**
- अगर आप रेलमार्ग क्रॉसिंग पर फँस जाने की गलती कर बैठते हैं और ट्रेन आ रही होती है तो त्वरित गति से वाहन को छोड़ दें और पटरी से उतनी दूर चले जाएं जितनी दूर जा सकें।

क्या आप जानते हैं?

अमेरिका में प्रत्येक डेढ़ घंटे पर ट्रेन की वाहन या पदयात्री से भिड़ंत होती है। आपके किसी दूसरे वाहन के साथ दुर्घटना के मुकाबले ट्रेन से जुड़ी दुर्घटना में मरने के आसार 40 गुना अधिक होते हैं।

पदयात्रियों, साइकिल सवारों और मोटरसाइकिल चालकों तथा मोपेड चालकों के साथ सड़क को साझा करना

पदयात्री और साइकिल चालक, वाहन चालक के रूप में आपके सम्मान के हकदार हैं। ये सभी समूह दुर्घटना में चोट के प्रति अधिक रक्षित नहीं होते हैं फिर भी उन्हें भी सार्वजनिक सड़कों का उपयोग करने का उसी तरह से अधिकार होता है, जैसे कि आपको है। निम्नलिखित सुरक्षा टिप्स को याद रखें।

पदयात्री

- चौराहों पर या क्रासवाक में पदयात्रियों को पार हो जाने दें।
- लाल बत्ती पर दाँएं मुड़ो का अर्थ रुको, सभी दिशाओं में देखो और फिर जब सुरक्षित हो तो मुड़ो। पदयात्रियों को देखें और क्रासवाक पार करने के लिए उन्हें पर्याप्त समय दें।
- समीप में जब बच्चे हों तो सदैव गति धीमी कर दें और अतिरिक्त सावधानी बरतें। वे खतरे को समझने में विफल रह सकते हैं और बिना देखे भागकर आपके सामने आ सकते हैं।
- आपको अवश्य ही स्कूल क्षेत्र की गति सीमा का पालन करना चाहिए और जब लाल संकेत चमक रहे हों तो स्कूल बसों के लिए रुकना चाहिए। स्कूल क्षेत्रों और स्कूल बस स्टॉप वे जगहें होती हैं जहाँ पर बच्चों की काफी भीड़ होती है।
- बुजुर्ग पदयात्रियों और अपंग पदयात्रियों के मामले में धीरज से काम लें। सड़क पार करने के लिए उन्हें अतिरिक्त समय चाहिए होता है।
- गाड़ी को पीछे करते समय सदैव ही अपने रास्ते में पदयात्रियों को देख लें।
- नेत्रहीन पदयात्रियों को रास्ते पर आगे निकल जाने का अधिकार प्रदान करें (वाहन धीमा कर लें और रुक जाने के लिए तैयार हो जाएं), फिर उनके पास चाहे सफेद छड़ी या गाइड कुत्ता हो या दूसरे लोग हाथ पकड़कर उन्हें पार करा रहे हों।
- पीछे से रुके हुए वाहन के करीब जाते समय गति धीमी कर लें और तब तक आगे न निकलें जब तक आश्वस्त न हो जाएं कि उसके सामने से कोई भी पदयात्री पार नहीं कर रहे हैं।
- जब पदयात्री आपको देख लेते हैं तो किसी भी समय और विशेषरूप से अचिह्नित या मध्य-ब्लॉक स्थानों पर यातायात की रेखा में पदयात्री को हाथ हिलाना कभी भी सुरक्षित नहीं होता।

साइकिल चालक

सुरक्षा टिप्स (अधिक जानकारी के लिए अध्याय 5 देखें)

- साइकिल के करीब पहुँचते समय या उससे आगे निकलते समय सुरक्षित गति तक वाहन धीमा कर लें।
- साइकिल सवार से आगे निकल जाने के बाद तेजी से गति धीमी न करें या रुकें नहीं। तेजी से रुकने से आपके वाहन से साइकिल सवार टकरा सकता है।
- साइकिल सवारों के करीब अपना हॉर्न नहीं बजाएं जब तक कि दुर्घटना से बचने के लिए आपके लिए ऐसा करना आवश्यक न हो।

और अधिक जानकारी के लिए पेनसिल्वानिया साइकिल चालक के मैनुअल (PUB 380) को यहाँ देखा जा सकता हैः
http://www.dot.state.pa.us/public/pubsforms/Publications/Pub%20380.pdf

मोटरसाइकिल चालक तथा मोपेड चालक

- कानून के अनुसार आपको मोटरसाइकिल सवार/मोपेड चालक को एक (1) संपूर्ण लेन का उपयोग करने देना होगा।
- अधिकतर मोटरसाइकिल/वाहन या मोपेड/वाहन दुर्घटनाएं चौराहों पर होती हैं। प्रायः, गतिमान मोटरसाइकिल/मोपेड के सामने से वाहन बाईं ओर को मुड़ते हैं जबकि वाहन चालक को रास्ते पर आगे निकल जाने का अधिकार देना चाहिए था।
- यह मानकर नहीं चलें कि मोटरसाइकिल/मोपेड मुड़ रही है जबकि आप देखते हैं कि मुड़ने का उसका संकेत चमक रहा है। मोटरसाइकिल/मोपेड का मुड़ने का संकेत हो सकता है स्वतः ही बंद न हो, जैसे कि वाहन में होता है। मोटरसाइकिल/मोपेड के सामने तब तक न जाएं जब तक कि आप देख न लें कि वह वास्तव में मुड़ रही है।
- वे बाधाएं जो मोटरचालक के लिए मामूली साबित हो सकती हैं, मोटरसाइकिल/मोपेड चालक के लिए घातक हो सकती हैं। लेनों या गति में एकाएक परिवर्तन करने के लिए मोटरसाइकिल/मोपेड चालकों के लिए तैयार रहें जबकि वे सड़क पर खतरे से बचने का प्रयास करते हैं।
- अनुसरण करने की 4 सेकेंड या अधिक की उसी दूरी की अनुमति दें जिसकी आप अन्य वाहनों के लिए अनुमति देते हैं। जब सड़क या मौसम की दशाएं खराब हों तो मोटरसाइकिल/मोपेड के पीछे अनुसरण करने की अपनी दूरी में वृद्धि करें।

पेनडॉट का मोटरसाइकिल सुरक्षा वीडियो देखने के लिए निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करें।
https://www.youtube.com/watch?v=SZjHD9iIz-o

ट्रकों और बसों के साथ सड़क को साझा करना

यदि आप वाहन, ट्रक, बस या अन्य बड़े वाहन के साथ सड़क साझा कर रहे हैं तो सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि यातायात के नियमों का पालन करें, सड़क के नियमों का पालन करें और प्रतिरक्षात्मक ढंग से वाहन चलाएं। ट्रकों और बसों के साथ सड़क को साझा करने के विशेष नियम होते हैं और नीचे कुछ सुझाव दिए गए हैं जिनका आप अपनी यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए उपयोग कर सकते हैं। अधिक सुरक्षित राजमार्गों की कुंजी ट्रक या बस के अंध बिंदु (नो-झोन) को जानना है। नो-झोन ट्रकों और बसों के इर्दगिर्द खतरे के क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ पर दुर्घटनाओं के आसार अधिक होते हैं।

ट्रक से आगे निकलना

समतल हाईवे पर वाहन के मुकाबले ट्रक से आगे निकलने के लिए केवल तीन (3) से पाँच (5) सेकेंड का समय लगता है। चढ़ाई पर ट्रक अक्सर गति कम कर देते हैं, अतः वाहन के मुकाबले उनसे आगे निकलना आसान होता है। ढलान पर ट्रक का संवेग उसे तेजी से भगाने का कारण बनेगा अतः आपको अपनी गति बढ़ानी पड़ सकती है।

जब वाहन आगे निकलने के बाद बहुत जल्दी आगे बढ़कर रास्ता काटते हैं और फिर अकस्मात गति धीमी कर लेते हैं तो ट्रक चालक बचने के लिए बहुत कम समय या स्थान में धीमा होने के लिए बाध्य होते हैं।

सुनिश्चित करें कि पासिंग लेन में आपके वाहन और आपके आगे के किसी वाहन के बीच काफी सारी जगह है जिससे आप उस समय फँसें नहीं जबकि ट्रक आपकी लेन में आना शुरू करते हैं। ट्रक के अंध बिंदु में फँसे बिना तेजी से आगे निकल जाएं। हिलने के प्रभावों से निपटने के लिए स्टीयरिंग पर दोनों हाथों को रखें। हो सकता है कि आप पासिंग लेन के बाईं तरफ बने रहना चाहें। यथाशीघ्र अपना स्थान पार कर लें और दूसरे वाहन के किनारे नहीं रुके रहें। सुनिश्चित करें कि केवल तभी पीछे की ओर जाना है जब आप अपने रियरव्यू मिरर में ट्रक के सामने वाले हिस्से को देखते हैं। जब आप ट्रक से आगे निकल आते हैं तो अपनी गति को बनाए रखें। घुमावों पर आगे निकलने के बारे में दो बार सोचें जहाँ पर गलती का अधिक खतरा और भिड़ंत की अधिक संभावना होती है।

तथ्यः ट्रक से आगे निकलते समय स्वयं को काफी सारा समय दें। सुरक्षित ढंग से ट्रक से आगे निकलने के लिए हाईवे की गति पर 30 सेकेंड तक का समय लग सकता है। जब आप आगे निकलते हैं तो इस काम को तेजी से करें। ट्रक के किनारे-किनारे लगातार वाहन नहीं चलाएं - आप ट्रक चालक के अंध बिंदु में हैं। आगे निकल जाने के बाद लेन को केवल तभी बदलें जब आप अपने रियरव्यू मिरर में ट्रक की हेडलाइटें या सामने की ग्रिल को देख सकें।

ट्रक का आगे निकलना



ट्रक के अंध बिंदुओं का उदाहरण (नो-झोन)।

जब ट्रक आपके वाहन से आगे निकलता है तो आप अपनी लेन के एकदम किनारे रहकर ट्रक ड्राइवर की मदद कर सकते हैं। अगर आप अपनी गति को किंचित कम करते हैं और फिर अपनी गति को स्थिर बनाए रखते हैं तो आप ट्रक ड्राइवर के लिए इसे आसान बनाएंगे। किसी भी दशा में, जब ट्रक आपसे आगे निकल रहा हो तो आपनी गति में वृद्धि न करें। ट्रकों के पास यात्री वाहनों के मुकाबले अपने वाहन के दोनों ओर काफी बड़ा नो-झोन होता है। जब आप इन नो-झोन में वाहन चलाते हैं तो आप ट्रक ड्राइवरों के द्वारा देखे नहीं जा सकते। अगर आप ट्रक के अंध बिंदु में हैं और यह आपके लेन में आने लगता है, शांत बने रहें और ट्रक के सामने के सापेक्ष अपने वाहन की स्थिति को ध्यान में रखें। निर्णय लें कि भिड़ंत से बचने के लिए गति बढ़ानी है या धीमी करनी है। शोल्डर लेन के बचाव मार्ग के रूप में विचार करें।

जब आप सामने की ओर से आ रहे ट्रक से मिलते हैं, ट्रक के तरफ के किनारे पर दुर्घटना से बचने और अपने वाहन तथा ट्रक के बीच हवा के हिलचाल को कम करने के लिए किनारे से यथासंभव दूर रखें। याद रखें कि हवा के हिलचाल वाहनों को अलग ले जाते हैं। यह उन्हें एक साथ नहीं ले आते। अपने वाहन और अपने से आगे के किसी वाहन के बीच काफी सारी दूरी बनाए रखें।

ट्रक का अनुसरण करना

अपने आकार के कारण ट्रकों को रुकने के लिए लंबी दूरी की आवश्यकता होती है। तथापि, बहुत करीब से पीछा करने वाला वाहन हो सकता है कि पर्याप्त तेजी से रुकने में सक्षम न हो जिससे कि ट्रक के पीछे टकराने से बच सके। अगर आप ट्रक का अनुसरण कर रहे हैं तो उसके नो-झोन के बाहर बने रहें। बहुत करीब से अनुसरण करने से बचें और अपने वाहन को इस तरह से रखें ताकि ट्रक ड्राइवर अपने बगल के शीशों से उसे देख सके। फिर आपके पास आगे की सड़क का अच्छा दृश्य होगा और ट्रक ड्राइवर रुकने या मुड़ने के लिए काफी सारी चेतावनी दे सकता है। आपके पास प्रतिक्रिया करने और सुरक्षित ढंग से रुकने के लिए अधिक समय होगा। ट्रक या बस का अनुसरण करते समय अगर आप अपने सामने के वाहन के बगल के शीशों को नहीं देख सकते हैं तो बड़े वाहन का ड्राइवर आपको नहीं देख सकता।

पहाड़ी के स्टॉप पर पहुँचते समय अपने और ट्रक के बीच काफी सारी जगह छोड़ें। ड्राइवर जब ब्रेक पर से अपने पैर हटाता है तो ट्रक पीछे की ओर आ सकता है।

जब अब रात में ट्रक या किसी वाहन का अनुसरण करते हैं तो अपनी हेडलाइटों को सदैव मद्धिम रखें। पीछे के वाहन से तेज रोशनी ट्रक ड्राइवर को उस समय अंधा बना देगी जब वह ट्रक के किनारे के बड़े शीशों से प्रतिबिंबित होगी।

तथ्यः आपको ट्रक के पिछले अंध बिंदु से बाहर रखने के लिए कम से कम (4) सेकेंड चाहिए होते हैं और सही दूरी की गणना करने के लिए आसान पद्धति इस प्रकार से हैः ट्रक जैसे ही सड़क किनारे की स्थिर वस्तु को पार करता है, गिनती गिनना शुरू करें, एक हजार एक, एक हजार दो, आदि। आपको एक हजार चार पर उस समय पहुँचना चाहिए जबकि आपका सामने का बंपर उसी वस्तु पर पहुंच जाता है। अगर आप एक हजार चार से पहले पहुँच जाते हैं तो आप ट्रक के पीछे बहुत करीब चल रहे हैं।

मोड़

ट्रक के मुड़ने के संकेतों पर करीब से ध्यान दें। ट्रक चालकों को अवश्य ही चौड़ा मोड़ लेना चाहिए ताकि ट्रक का पिछला हिस्सा या ट्रैक्टर ट्रेलर का पिछला हिस्सा कोने या किन्हीं अन्य खड़ी बाधाओं को पार कर सके। कई बार कोनों को पार करने के लिए अन्य लेनों के स्थान का उपयोग किया जाता है। दुर्घटना से बचने के लिए उस समय तक आगे नहीं निकलें जब तक कि मुड़ने की क्रिया पूरी न हो जाए। पुनश्च, मुड़ने के संकेतों पर करीब से ध्यान दें। *(नीचे दिए गए उदाहरण को देखें।)*


दाएं चौड़े मोड़ का उदाहरण

तथ्यः ट्रक चौड़ाई में मुड़ता है। ऐसा जान पड़ सकता है कि ट्रक सीधे जा रहे हैं या बांई ओर को मुड़ रहे हैं जबकि वे वास्तव में दाहिनी ओर मुड़ रहे होते हैं। ट्रेलर के किनारे-किनारे अंध बिंदुओं के साथ मिलकर - मुड़ते हुए ट्रक से आगे गुजरने की यह तकनीक खतरनाक कोशिश है। ट्रक चालक उनके और कर्ब के बीच में आ गए वाहनों को देख नहीं सकते हैं। धीमें रहें और ट्रक चालकों को मुड़ने के लिए काफी सारी जगह दें।

बड़े आकार के सामान।

बड़े आकार के सामानों के साथ-साथ पॉयलट वाहन चलते हैं। बड़े आकार के सामान के आवागमन उसी तरह से परिचालन करते हैं जैसे कि ट्रैक्टर ट्रेलर्स और उन्हें उन्हीं नियमों के तौर पर लिया जाना चाहिए जैसे कि ट्रकों को लिया जाता है। अधिकतर बड़े आकार के सामान निर्धारित लेनों के भीतर परिचालित होते हैं; तथापि उनकी अत्यधिक चौड़ाई के चलते सड़क-पटरी की बाधाएं उनके पीली या सफेद लाइन को पार करने का कारण बन सकती हैं।

अधिक आकार के सामानों और/या धीमे चलते वाहनों के मोटरचालकों को चेतावनी देने में मदद करने के लिए पॉयलट वाहन कानूनन आवश्यक हैं। उन्हें उसी रूप में पहचानने में सहायता करने के लिए विशेष संकेतों और प्रकाशों को प्राप्त करने के लिए पॉयलट वाहन आवश्यक होते हैं और चालकों को मालूम होना चाहिए कि जब उन्हें देखा जाता है तो वे बड़े आकार के वाहन के पास जा रहे होते हैं। जब आप इन वाहनों को देखें तो कृपया अलावा सावधानी बरतें।

पीछे आते समय दुर्घटनाएं

पीछे आने की तैयारी कर रहे ट्रक के पीछे से कभी भी पार करने की कोशिश न करें। अक्सर, जब ट्रक चालक ट्रक को सड़क से लदान क्षेत्र में पीछे जाने की तैयारी कर रहा होता है तो अस्थायी रूप से सड़कमार्ग को जाम कर देने के सिवाय और कोई चारा नहीं होता। यहीं पर कुछ चालक और पदयात्री ट्रक के पीछे से गुजरने का प्रयास करते हैं जबकि उन्हें ट्रक को अपना काम पूरा करने के लिए कुछ सेकेंड का समय देना चाहिए। ट्रक के पीछे करीब से गुजरते हुए चालक या पदयात्री ट्रक के नो-झोन में प्रवेश करता है और दुर्घटना हो सकती है।

ब्रेक लगाना

वाहनों के हाइड्रॉलिक ब्रेकों के विपरीत ट्रकों और बसों में एयर ब्रेक हो सकते हैं और इन्हें लगाने पर वाहन दूर तक जाकर रुकता है। अच्छे टायरों और समुचित रूप से समायोजित ब्रेकों के साथ लदा हुआ ट्रक जो 65 मील प्रति घंटा की रफ्तार पर साफ, शुष्क सड़क पर दौड़ रहा हो, पूरी तरह से रुकने के लिए न्यूनतम 600 फीट की दूरी चाहता है (यात्री वाहन के लिए 400 फीट की रुकने की दूरी की तुलना में)। यह बहुत जरूरी है कि ऐसे में सड़क मार्ग में प्रवेश करने से बचा जाए और यदि आप सड़क मार्ग छोड़कर जा रहे हैं तो बड़े वाहन के सामने की लेनों में लेन बदलने से बचें।

बचाव रैंप

लंबे ढलानों पर ट्रकों के लिए विशेष "बचाव" या "सहायक" रैम्प हो सकता है। इन रैम्पों का केवल ऐसे बड़े वाहनों द्वारा उपयोग किया जाना होता है जो नियंत्रण से बाहर होते हैं या ब्रेक की खराबी के कारण रुक नहीं सकते हैं। इन रैंपों के करीब कभी भी नहीं रुकें या गाड़ी पार्क नहीं करें।

बसें

बसें भी ऐसा वाहन होती हैं जो साधारण वाहन के मुकाबले सड़क पर अधिक स्थान लेती हैं। बस या ट्रक के साथ सड़क साझा करते समय बस या ट्रक के साथ सड़क साझा करते समय इन्हीं कार्यविधियों का अनुसरण किया जाना चाहिए।

स्कूल बसें

जब आप स्कूल बस के निकट वाहन चलाते हैं तो पेनसिल्वेनिया के ऐसे विशेष नियम हैं जिनका आपको अवश्य ही उनका पालन करना चाहिए।

जब स्कूल बस रुकने की तैयारी कर रही होती है तो उसकी पीली रोशनियाँ चमकने लगेंगी। बस जब अपने चमकने वाली लाल रोशनियों के साथ रुकती है और उसकी रुकने वाली भुजा विस्तारित होती है तो आपको बस से 10 फीट दूर अवश्य रुक जाना चाहिए, फिर आप चाहे इसके पीछे हों या उसी सड़क मार्ग पर उसकी ओर आ रहे हों या ऐसे चौराहे के समीप पहुँच रहे हों जिस पर स्कूल बस रुकी हुई हो। लाल रोशनियों के चमकना बंद करने, रोकने वाली भुजा के वापस लेने और बच्चों के सुरक्षित स्थान पर पहुँच जाने तक रुके रहें (नीचे तस्वीर देखें)।

समस्त वाहन अवश्य रुकें!

चमकती हुई लाल रोशनी और रुकने की विस्तारित भुजा वाली स्कूल बस के लिए नहीं रुकने पर आपका ड्राइवर लाइसेंस 60 दिन निलंबित रहेगा, आपके ड्राइविंग रिकार्ड पर पाँच (5) प्वाइंट चढ़ेंगे और जुर्माना लगेगा।



स्कूल बस के लिए रुकने की आवश्यकता का केवल एक अपवाद है। अगर आप स्कूल बस के करीब पहुँच रहे हैं जो अपनी चमकती लाल रोशनियों और रुकने की विस्तारित भुजा के साथ रुकी हुई है और आप विभाजित हाईवे (अर्थात कंक्रीट/धातु अवरोधक, गाइड रेल्स या पेड़/चट्टानें/धाराएं/घास की मध्यरेखा) की विपरीत दिशा में वाहन चला रहे हैं तो आपको रुकने की जरूरत नहीं। अपनी गति को कम करें और सावधानी के साथ वाहन चलाते रहें।

इस ग्राफिक को देखें जो पेनसिल्वानिया के स्कूल बस रुकने के नियम को समझाने में मदद करता है।
https://www.penndot.gov/TravelInPA/Safety/TrafficSafetyAndDriverTopics/Pages/School-Bus-Safety.aspx

आपातस्थिति (इमर्जेंसी) वाहन और स्थितियाँ

कुछ वाहनों के पास सायरन और चमकती हुई लाल रोशनी या चमकती हुई लाल रोशनी और नीली रोशनियों को संयोजन होता है। रोशनियाँ आपातस्थिति वाहनों को यातायात से होकर तेजी से आगे निकलने और आपातस्थिति की जरूरत को पूरा करने में सहायता करती हैं। आपातस्थिति वाहनों में दमकल विभाग के वाहन, पुलिस कारें, एंबुलेंसें, रक्त पहुँचाने वाले वाहन और बचाव संगठनों के विशेषरूप से सज्जित वाहन शामिल हैं। उन पर नजर रखें।

जब आप सायरन सुनते हैं या लाल रोशनियों या लाल एवं नीली रोशनियों के संयोजन को चमकाते हुआ किसी भी दिशा से पास आते वाहन को देखते हैं तो आप अवश्य हीः

- कर्ब पर चढ़ जाएं या सड़क के किनारे चलें जाएं और रुक जाएं।
- कर्ब के करीब या यथासंभव उसके निकट वाहन चलाएं। एकतरफा सड़कों पर निकटतम सड़क किनारे की तरफ वाहन चलाएं और रुक जाएं।
- चौराहों पर रास्ता छोड़ कर रहें।
- आपातस्थिति वाहन के आपसे आगे निकल जाने के बाद पुनः वाहन चलाना शुरू करें, उससे कम से कम 500 फीट दूर बने रहें।
- सुनिश्चित करें कि दूसरा आपातस्थिति वाहन नहीं आ रहा है।

आपातस्थिति के दौरान सभी चालक किसी वर्दीधारी पुलिस अधिकारी, शेरिफ, कांस्टेबल या दमकल पुलिस समेत किसी समुचित वर्दीधारी व्यक्ति के निर्देश का अवश्य पालन करें।

सायरनों को गंभीरतापूर्वक लें और एंबुलेंस, दमकल ट्रक या पुलिस वाहन के लिए रास्ता छोड़ दें। एक दिन हो सकता है आप सहायता के लिए फोन कर रहे हों या दाँव पर मित्र या परिवार के सदस्य का जीवन हो।

रास्ता छोड़ कर हट जाएं (स्टीर क्लियर) कानून

रास्ता छोड़ कर हट जाएं कानून, जो 8 सितंबर 2006 को प्रभावी हुआ था, मोटरचालकों को ऐसी लेन में जाने को आवश्यक बनाता है जो आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षेत्र के करीब नहीं है। आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षेत्र सड़क पर या उसके निकट ऐसा क्षेत्र होता है जहाँ पुलिस, शेरिफ, कोरोनर्स, चिकित्सा परीक्षकों, दमकल कर्मियों, दमकल पुलिस, अग्नि मार्शलों, बचाव कर्मियों, आपातकालीन चिकित्सा सेवा कर्मियों, टो कर ले जाने वाले और रिकवरी कर्मियों, खतरनाक सामग्री प्रतिक्रिया टीम सदस्यों और/या हाईवे निर्माण एवं रखरखाव कर्मियों द्वारा सेवा प्रदान की जाती है। चालक अगर यातायात या अन्य दशाओं के कारण खिसक नहीं सकते हैं तो उन्हें अवश्य ही अपनी गति धीमी कर लेनी चाहिए। उन मामलों में जहाँ पर प्रवर्तन अधिकारी मौजूद न हो, कानून मोटरचालकों द्वारा उल्लंघनों की सूचना देने की सुविधा सड़क कर्मियों और आपातस्थिति प्रतिक्रियाकर्ताओं को प्रदान करता है। विधि प्रवर्तन इन रिपोर्टों के आधार पर दंडात्मक आदेश जारी कर सकता है। खिसक लेने या धीमा कर लेने में विफल रहना समरी अपराध होता है, जिसके कारण पहली बार 250 डालर तक का जुर्माना लगाया जाता है, दूसरी बार के अपराध पर 500 डालर और तीसरे एवं उसके बाद के अपराध के लिए 1000 डालर का जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा, कार्य क्षेत्र के इलाकों में होने वाले यातायात के उल्लंघनों के लिए जुर्माना दोगुना हो जाएगा। अगर इस कानून के उल्लंघन के कारण किसी दूसरे व्यक्ति को गंभीर चोट आती है या उसकी मौत होती है तो उसके कारण 90 दिन के लिए लाइसेंस का निलंबन होगा और 1000 डालर तक जुर्माना लगेगा। अगर इस कानून के उल्लंघन के कारण हाईवे मजदूर या आपातस्थिति उत्तरदाता को गंभीर चोट आती है या उसकी मौत होती है तो उसके कारण 1 वर्ष के लिए लाइसेंस का निलंबन होगा और 10000 डालर तक जुर्माना लगेगा।

घोड़े से खींचे जाने वाले वाहन और घुड़सवार

ऐसे क्षेत्रों में ध्यान में रखने वाली कुछ महत्वपूर्ण चीजें हैं जहाँ आपका सामना घोड़े से खींचे जाने वाले वाहनों या घुड़सवारों से हो सकता है। घोड़े से खींचे जाने वाले बहुत से वाहन गहरे रंग के होते हैं और इसलिए शाम, सुबह या रात में उन्हें देखना मुश्किल होता है। घोड़े से खींचे जाने वाहन का अनुसरण करते समय या उसके पीछे रुकने पर सुनिश्चित करें कि दोनों के बीच काफी सारी जगह है। (2) वाहन। रुकने के बाद घोड़े से खींचे जाने वाले वाहन अक्सर पीछे की ओर चले आते हैं और बहुत करीब आ जाने पर घोड़े से खींचे जाने वाले वाहन के चालक की आपको देखने की क्षमता सीमित हो जाती है। जब आप आगे बढ़ने की तैयारी करते हैं तो यह पर्याप्त स्थान भी मुहैया कराएगा। जब आप वाहन से खींचे जाने वाले वाहन या घुड़सवार को पीछे छोड़ते हैं तो बहुत तेजी से वाहन नहीं चलाएं या अपना हार्न नहीं बजाएं क्योंकि ऐसा करने से घोड़े डर सकते हैं। इसके अलावा, दाहिनी लेन में पीछे रास्ता छोड़ जाने से पहले गुजरने के बाद घोड़े को डराने से बचने के लिए सुनिश्चित कीजिए कि आपके वाहन और घोड़े के बीच पर्याप्त जगह है। सदैव याद रखें, सड़क पर होते समय सभी लोगों के अधिकार समान होते हैं।

खुली बॉडी वाले ट्रक में यात्री

खुली बॉडीवाला पिकअप ट्रक या खुला समतल ट्रक 35 मील प्रति घंटे से अधिक की गति पर नहीं चलाया जा सकता, जबकि कोई व्यक्ति ट्रक के तल पर स्थित हो। ट्रक के तल पर जब 18 वर्ष से कम उम्र का बच्चा बैठा हो तो इस तरह के ट्रक को नहीं चलाया जा सकता।

इस कानून के अपवाद हैंः

- किसान का बेटा, जिसे खेत के हिस्सों के बीच या किसान के मालिकाने अथवा उसके द्वारा परिचालित खेतों पर ले जाया जा रहा है ताकि खेत या खेतों पर काम संपन्न किया जा सके।
- एक बच्चे को खेत पर काम करने के लिए तैनात किया गया है, जिसे बच्चे के नियोक्ता या नियोक्ताओं के मालिकाने या उनके द्वारा परिचालित खेत के हिस्सों या खेतों के बीच ले जाया जा रहा है।
- वैध शिकार लाइसेंस रखने वाला बच्चा, जिसे शिकार शिविर और शिकार साइट के बीच या शिकार के मौसम के दौरान शिकार के स्थलों के बीच ले जाया जा रहा है।
- एक बच्चा, जो आधिकारिक रूप से स्वीकृत परेड का प्रतिभागी है, केवल परेड की अवधि के दौरान।

बर्फ (स्नो) हटाने वाली गाड़ी

जाड़े में बर्फ हटाने वाली गाड़ी के ड्राइवरों के शीशों में बहुत ही सीमित दृश्यता होती है। गाड़ी को अक्सर मुड़ना होता है और उनके चालक अपने पीछे देख नहीं सकते हैं। सुरक्षित दूरी पर अनुसरण करने को सुनिश्चित करें। इससे नमक, बर्फ काटने वाले तरल-पदार्थों और बर्फ की गाड़ी से फेंके गए फिसलन रोकने वाले गोलों से क्षति होने से आपके वाहन को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा, इन वाहनों में पंखों जैसे पट्ट हो सकते हैं जो दोनों तरफ कई फीट आगे बढ़े हुए हो सकते हैं। खराब मौसम में या रात के समय चालकों के लिए इन्हें देखना मुश्किल होता है और ये साइड की दुर्घटनाओं से संबद्ध होते हैं। सुरक्षित रहने के लिए, आपको गाड़ी से आगे निकलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, न तो बांई ओर से और न ही दाईं ओर से।

सड़क पर आक्रोश से निपटना

सड़क पर किसी दूसरे पर अपना गुस्सा **कभी भी नहीं** उतारें। कई बार सड़क पर आक्रोश की घटनाएं चालकों के बीच महज गलतफहमी के कारण उत्पन्न होती हैं। एक चालक यह निर्णय लेने में क्षणिक गलती कर सकता है कि दूसरे चालक ने आक्रामक कृत्य को देखा है, हालांकि किसी का भी ऐसा इरादा न था।

जब कोई आपका रास्ता काटता है या आपके आगे घुस आता है तो इसे व्यक्तिगत **कभी भी नहीं** लें। बस उसे जाने दें और दूसरे चालक की अनदेखी करें।

क्या आप जानते हैं?

प्रत्येक वर्ष पीए में हाईवे की तकरीबन 1,500 मौतों में से लगभग 60 प्रतिशत यानि तकरीबन 900 का कारण आक्रामक वाहन-चालन होता है।

अगर कुछ हो जाता है तो **प्रतिशोध नहीं लें।** दूसरे चालक के साथ "विवाद" पर ध्यान देना, अपनी गाड़ी चलाने से गंभीर भटकाव है। आप यातायात संकेतों, सिग्नल और दूसरे वाहनों या पदयात्रियों के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त करने में कम सक्षम होते हैं, जैसा कि दुर्घटना से बचने के लिए आवश्यक होता है।

किसी दूसरे चालक को सबक सिखाने की कोशिश न करें। अपने सही होने पर जोर न दें फिर आप चाहे सही क्यों न हों। आपकी मौत भी हो सकती है, ठीक है!

अगर आपका सामना आक्रामक चालक से हो जाए तो ये रहीं कुछ टिप्स जिनसे आपको सुरक्षित बने रहने में मदद मिल सकती हैः

- आक्रामक चालक के रास्ते से बाहर निकलने का हर प्रयास करें।
- पासिंग लेन को अवरुद्ध न करें। अगर कोई आगे जाने की मांग करता है तो उसे जानें दें।
- गति को बढ़ाकर आक्रामक चालक को चुनौती न दें। इससे चालक का गुस्सा और बढ़ जाएगा और आप खतरे में पड़ जाएंगे।
- शत्रुवत चालक के साथ नजर से नजर मिलाने से बचें।
- भाव-भंगिमाओं की अनदेखी करें और पलटकर नजर न दिखाएं।
- अगर आपके पास हैंड्स फ्री डिवाइस है और इस काम को सुरक्षित रूप से कर सकते हैं या साथ में यात्री है तो पुलिस या 911 को फोन करें।

अगर आक्रामक चालक आपका पीछा करता है तो घर न जाएं। इसके बजाय, पुलिस स्टेशन, बड़े स्टोर या ऐसे अन्य स्थान पर जाएं जहाँ पर आप सहायता प्राप्त कर सकें और वहाँ पर गवाह होंगे।

वाहन चालन की आपातस्थितियों से निपटना

अगर आप उन अधिकांश चालकों में से है तो आपको इसे व्यवहार में लाने का मौका नहीं मिलेगा कि आपातस्थिति के घटित होने से पहले उसमें आप किस तरह से कदम उठाते। लेकिन, वाहन चालन की कुछ महत्वपूर्ण स्थितियों में क्या किया जाए इसे जानने से भी अंतर आ सकता है। जब कुछ गलत होता है तो गलत कदम उठाने या कोई कदम नहीं उठाने से अपने वाहन को दुर्घटनाग्रस्त कर देने के आपके अवसर बढ़ जाएंगे।

क्या आप जानते हैं?

12,000 दुर्घटनाओं की समीक्षा में 37 प्रतिशत चालकों ने दुर्घटना से बचने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

आपातस्थिति से अपना रास्ता निकालना

जब आपके पास टक्कर से बचने के लिए ब्रेक लगाने या स्टीयरिंग घुमाने का विकल्प हो तो खतरे से बचने के लिए ब्रेक लगाने के मुकाबले प्रायः स्टीयरिंग घुमाना बेहतर होता है, खासकर 25 मील प्रति घंटा से ऊपर की गति पर। ऐसा इसलिए कि घुमाने के लिए आपका प्रतिक्रिया समय ब्रेक लगाने के लिए आपके प्रतिक्रिया समय से तेज होता है। लेकिन, आपातस्थिति में अपने वाहन को नियंत्रण में बनाए रखने के लिए स्टीयरिंग घुमाने का अच्छा कौशल आप में अवश्य होना चाहिए।

सामान्य नियम के रूप में, आपको स्टीयरिंग व्हील को दोनों हाथों से पकड़कर रखना चाहिए। आपातस्थितियों में यह विशेषरूप से महत्वपूर्ण होता है क्योंकि बचाव में स्टीयरिंग के लिए एक बार जब आप वस्तु से आगे निकल जाते हैं तो आपके लिए स्टीयरिंग व्हील को तेजी से एक (1) दिशा में कम से कम आधा मोड़ना होता है और फिर विपरीत दिशा में व्हील को वापस कमोबेश पूरी गोलाई में मोड़ना होता है। आप फिर यात्रा की अपनी मूल दिशा में बढ़ना जारी रखने के लिए मध्य स्टीयरिंग में लौट आते हैं। तेज गतियों पर अपने वाहन को बाएं या दाएं ले जाने के लिए कम स्टीयरिंग शक्ति की जरूरत पड़ती है।



दाहिनी तरफ जैसा दिखाया गया है, स्टीयरिंग व्हील को थामे रखने की आदत डालें। अगर आप घड़ी के फलक के रूप में स्टीयरिंग व्हील के बारे में सोचते हैं तो आपके हाथों को या तो 9 और 3 बजे की घड़ी की स्थिति या 8 और 4 बजे की स्थिति में थामे रखना चाहिए, जो भी सर्वाधिक आरामदेह हो। रिम के अंदर दबाने की बजाय स्टीरिंग व्हील के फलक के साथ-साथ अपने अंगूठों को ऊपर बनाए रखें।

व्हील पर इस अवस्था में अपने हाथों को बनाए रखकरः

- आपके आपातस्थिति स्टीयरिंग कौशल के दौरान अधिक सुधार करने की जरूरत कम होगी, जिससे आप नियंत्रण खो देते या सड़क से रास्ता छोड़ जाते।
- अगर आप दुर्घटना में शामिल हैं तो इस बात के कम आसार हैं कि एयर बैग आपकी भुजाओं और हाथों को आपके चेहरे पर धकेल दे, या संभवतः उनमें चोट लग जाए।
- लंबी ड्राइवों के दौरान आपकी भुजाएं अधिक सहज रहेंगी और कम थकेंगी।

घड़ी की दस (10) और दो (2) बजे की हाथ की स्थिति स्वीकार्य है; तथापि, अगर आपका एयर बैग तैनात है तो आपको चोट लगने का जोखिम है। मोड़ने के लिए स्टीयरिंग व्हील का उपयोग करने के दो (2) तरीके हैं। "हाथ पर हाथ" पद्धति में चालक विपरीत दिशा को पकड़ने के लिए स्यीयरिंग व्हील के उस तरफ पहुँचता है और चोटी के ऊपर से व्हील को खींचता है, आवश्यकता के अनुसार दोहराता है। "धक्का देने-खींचने" की पद्धति में, एक (1) हाथ स्टीयरिंग व्हील पर ऊपर की ओर धक्का देता है जबकि दूसरा हाथ चोटी की ओर सरकता है और फिर व्हील को नीचे की ओर खींचता है, मुड़ने की क्रिया के पूर्ण होने तक इस काम को दोहराता है।

अगर आप टक्कर से बच नहीं सकते तो इसे याद रखेंः दुर्घटना में चोट का निवारण मुख्य रूप से अपनी सीट बेल्ट को समुचित रूप से धारण करने पर अधिकतर निर्भर करता है, आपके सिर के अंकुश समुचित रूप से समायोजित होने चाहिए, आपके वाहन में एयर बैग होनी चाहिए और आपकी एयर बैग से कम से कम (10) इंच की दूरी पर स्थित होनी चाहिए।

अगर आपको एकाएक ब्रेक लगानी पड़े

अगर आपको हड़बड़ी में अपनी ब्रेक लगानी पड़े तो आपकी सुरक्षा यह जानने पर निर्भर करती है कि क्या आपके वाहन में परंपरागत या एंटी-लॉक ब्रेक (एबीएस) है और उनका उपयोग कैसे करें।

- **एबीएस के बिना** ब्रेकों को बारंबार दबाएं और छोड़ें। ब्रेकों को पंप करने से आपका वाहन धीमा हो जाएगा और उसे नियंत्रण में रखेगा। ब्रेकों पर जोर डालने से आपके पहिए लॉक हो सकते हैं जिसके कारण आपका वाहन फिसल सकता है।
- **एबीएस लगा हो** तो ब्रेक पर दृढ़ और सतत दबाव को बनाए रखें - आपका वाहन फिसलेगा नहीं। **ब्रेक पैडल को पंप नहीं करें।** यांत्रिक आवाजों और/या हल्के स्पंदनों के द्वारा चिंतित न हों।

आपके वाहन में किस प्रकार की ब्रेक प्रणाली है इसे जानने के लिए आपको अपने निर्माता के मैनुअल को देखना चाहिए। आपातस्थिति में पहुँचने से पहले इस काम को करें। **यह जानने पर कि आपातस्थिति में अपने ब्रेकों को कैसे लगाएं आपकी जान बच सकती है।**

अगर आपका वाहन फिसलना शुरू कर दे।

अगर आपका वाहन गीले या बर्फीले रोड पर फिसलना शुरू कर दे तो जिस दिशा में आप जाना चाहते हैं उसी दिशा में देखें और स्टीयरिंग घुमाएं। अगर आपके वाहन का पिछला हिस्सा बाईं ओर फिसल रहा है तो पहिए को बाईं ओर घुमाएं। अगर आपके वाहन का पिछला हिस्सा दाईं ओर फिसल रहा है तो पहिए को दाईं ओर घुमाएं। जब आप फिसलन को ठीक करने के लिए स्टीयरिंग घुमाते हैं तो इसके कारण विपरीत दिशा में एक और फिसलन हो सकती है लेकिन दूसरी फिसलन पहली फिसलन जितनी बुरी नहीं होगी। दूसरी फिसलन को उसी तरीके से रोकने के लिए तैयार रहें - उसी दिशा में स्टीयरिंग को घुमाकर जिस दिशा में आपका वाहन फिसल रहा है। इसके पहले कि आप अपने वाहन पर पूरी तरह से फिर से नियंत्रण कायम करें इन "सुधारों" में से कुछ को अपनाएं, फिसल रहे हों तो अपनी ब्रेकों का उपयोग नहीं करें। अगर आप ब्रेक लगाते हैं तो फिसलन एकदम से बदतर होगी। आप अपने पहियों को लॉक करने और समस्त स्टीयरिंग नियंत्रण खो देने का जोखिम लेते हैं।



बाढ़ग्रस्त सड़कमार्ग

बाढ़ग्रस्त सड़कमार्गों पर यहाँ तक कि धीमी गतियों पर भी छह (6) इंच जितना कम पानी भी आपके अपने वाहन या ट्रक पर से नियंत्रण खो बैठने का कारण बन सकता है और कुछ छोटे वाहनों को उलटा भी सकता है। दो (2) फीट पानी स्पोर्ट यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) समेत अधिकतर वाहनों को बहा ले जाएगा। एक बार वाहन जब सड़क मार्ग से गहरे में पानी में बह जाता है तो वह पलट सकता है और पानी से भर जाता है जिससे उसके अंदर ड्राइवर और यात्री फँस जाते हैं। **अगर सड़क पर पानी बह रहा हो तो सबसे सुरक्षित तो यह होगा कि कोई दूसरा मार्ग तलाश लें।**

नोटः खतरनाक दशाओं के चलते हाईवे या सड़क बंद होने के संकेतों या यातायात नियंत्रण डिवाइसों को अनदेखा कर वाहन चलाना कानून के विरुद्ध है। कानून और संबंधित जुर्मानों पर अधिक जानकारी के लिए अध्याय 5 देखें।

अगर आपका एक्सीलरेटर चिपक जाता है

अगर एक्सीलरेटर (गैस पेडल) चिपक जाता है तो आपका वाहन तेज से तेज गति पर भागता रह सकता है।

अगर ऐसा हो तोः

1. अपनी नजर सड़क पर रखें। आप यह देखने के लिए पेडल को कुछ बार थपकी दे सकते हैं कि क्या वह सामान्य दशा में वापस आ सकता है या आप इसे अपने पैर के अंगूठे से उठाने में सफल हो सकते हैं लेकिन अपने हाथों से पेडल को मुक्त करने की कोशिश करने के लिए नीचे नहीं झुकें।
2. पेडल अगर चिपका हुआ बना रहे तो तुरंत न्यूट्रल में चले जाएं और ब्रेकों का उपयोग करें। इसके कारण आपका इंजन गति पकड़ेगा लेकिन आपके पहियों से शक्ति अलग कर दी जाएगी।
3. स्टीयरिंग पर ध्यान रखें और जब आप सुरक्षित गति तक धीमे हो जाएं तो सड़क से नीचे आ जाएं। रुकें, इंजन को बंद कर दें और अपनी आपातस्थिति की जलती-बुझती रोशनियों को चालू कर दें।

नोट: अगर आपको त्वरित गति से धीमा करने या बंद करने की जरूरत है तो अपने इग्निशन को "बंद" कर दें। इसे मोड़कर "बंद" नहीं करें क्योंकि आप फिर आर स्टीयरिंग नहीं घुमा पाएंगे। फिर अपनी ब्रेकें नहीं लगाएं। आपके इग्निशन के बंद रहने पर स्टीयरिंग घुमाने और ब्रेक लगाने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत पड़ेगी।

अगर आपके वाहन की ब्रेक खराब हो जाती है

नए वाहनों में स्प्लिट ब्रेकिंग प्रणाली ब्रेक की संपूर्ण खराबी की संभावना को कम करती है। अगर आपकी ब्रेक प्रणाली की चेतावनी रोशनी चालू हो जाती है तो हो सकता है कि आपने चार (4) पहियों में से दो (2) को ब्रेक लगाई हो, संभवतः एक (1) सामने का पहिए या एक (1) पीछे का पहिया। इससे आपको सड़क किनारे गाड़ी उतारने या अगले सर्विस स्टेशन तक जाने में सुविधा होगी। वाहन के धीमा होना शुरू होने से पहले आप महसूस करेंगे कि ब्रेक पैडल हमेशा के मुकाबले आगे चला गया है और आपको पैडल पर जोर लगाना पड़ेगा। आपकी रुकने की दूरी में वृद्धि हुई है, अतः आपका वाहन किस दिशा में जा रहा है इसे ध्यान रखें। निचले गियर में जाने से आपकी गाड़ी को धीमा होने में मदद मिलेगी।

अगर आपके पास पुराना वाहन है और आपकी ब्रेक एकाएक खराब हो जाती है तो आपको

1. निचले गियर में चले जाना चाहिए और धीमा करके रुक जाने के लिए जगह देखनी चाहिए।
2. ब्रेक के पैडल को अनेक बार त्वरित गति से पंप करें। इससे वाहन को रोकने के लिए पर्याप्त ब्रेक दबाव अक्सर निर्मित हो जाता है।
3. ब्रेक पैडल को पंप करने से अगर काम नहीं बनता तो पार्किंग (आपातस्थिति) का उपयोग करें। पार्किंग ब्रेक रिलीज को थामकर रखें ताकि अगर पिछला पहिया लॉक हो गया हो और आपने फिसलना शुरू कर दिया हो तो आप पार्किंग ब्रेक को छोड़ सकें।
4. आप जिस ओर जा रहे हों वहाँ पर अपनी आँखों को केंद्रित रखें और सड़क पर से उतरने के लिए सुरक्षित स्थान की तलाश करें। गाड़ी घुमाने के लिए खुले स्थान की तलाश करें या चढ़ावदार सड़क की ओर वाहन को घुमा दें।
5. अगर वाहन अभी भी न रुक रहा हो और आपके लिए दुर्घटना का खतरा हो तो अंतिम उपाय के तौर पर अपने इग्निशन को "बंद" कर दें। इसे "लॉक" की स्थिति में नहीं मोड़ें क्योंकि इससे आपकी स्टीयरिंग भी लॉक हो जाएगी। फिर, अपने सबसे निचले गियर में चले जाएं। इससे आपके ट्रांसमिशन को क्षति पहुँच सकती है अतः इस काम को खुद को दुर्घटना से दूर रखने वाले अंतिम प्रयास के रूप में करें।

आपके अपने वाहन को रोक देने के बाद, मदद की गुहार लगाएं। वाहन चलाने की कोशिश न करें।

अगर आपका टायर फट जाता है

कई बार टायर के फटने से पहले तेज आवाजें शुरू हो जाती हैं लेकिन प्रायः आप पहले से नहीं जान पाएंगे कि टायर कब फटेगा। आप अपने टायरों को अच्छी अवस्था में बनाए रखकर और समुचित रूप से फुलाकर रखकर टायर फटने के विरुद्ध सुरक्षा करनी चाहिए।

जब सामने का टायर फटता है तो आपकी स्टीयरिंग व्हील में कंपन होगा और आप महसूस करेंगे कि वाहन एकाएक एक तरफ चला गया है। जब पिछला टायर फटता है तो वाहन का एक कोना एकाएक गिर जाएगा और आप महसूस करेंगे कि वाहन का पिछला हिस्सा आगे-पीछे लड़खड़ा रहा है।

अगर आपका कोई टायर फट जाता है तो निम्नलिखित काम करेंः

1. स्टीयरिंग व्हील को सख्ती से पकड़कर रखें।
2. अपनी ब्रेक से दूर बने रहें! टायर फटने के बाद ब्रेक लगाने से वाहन फिसलेगा और आप उस पर से नियंत्रण गवाँ बैठेंगे।
3. गैस पैडल पर से अपने पैर को धीरे-धीरे हटाएं।
4. स्टीयरिंग को उधर ले जाएं जिधर जाना चाहते हों लेकिन आराम से स्टीयरिंग को घुमाएं - बड़े या झटकेदार ढंग से स्टीयरिंग को न घुमाएं।

आप चपटे (हवा निकले) टायर पर उतनी दूर तक जा सकते हैं जितनी कि जरूरत हो ताकि सड़क के किनारे के सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर उसे बदल सकें। अगर आपको अपने ब्रेक का उपयोग करना हो तो उन्हें हल्के से दबाएं। वाहन को धीमा होकर रुक जाने दें। टायर को बदलने से पहले सुनिश्चित करें कि वाहन सड़क से दूर है।

चपटे टायर को कैसे बदलें

उन औजारों को हर समय अपने वाहन में रखें जिनकी आपको अपने टायर को बदलने के लिए आवश्यकता पड़ेगी, जैसे कि बदली टायर, लुग पाना, जैक, स्क्रू ड्राइवर, फ्लैशलाइट, रोशनी के फ्लेअर्स और परावर्तक त्रिकोण, व्हील वेजेस, चपटा टायर मरम्मत किट, दस्ताने आदि।

टायर बदलने के लिए मूलभूत निर्देश। **नोट:** वाहन दर वाहन प्रक्रिया अलग हो सकती है, अतः कृपया वाहन निर्माता के मैनुअल को देखें।

1. वाहन को ऐसी समतल सतह पर खड़ा करें जो यातायात से दूर हो और यथासंभव सड़क से दूर हो।
2. पार्किंग ब्रेक लगाएं और शेष बचे अच्छे टायरों में से किसी एक के सामने और पीछे दोनों तरफ ईंटों, लकड़ी के पच्चर या पहिए के टेकन को रखकर वाहन को सुरक्षित बनाएं।
3. वाहन में अगर व्हील कवर या हबकैप है तो स्क्रू ड्राइवर या लुग पाना के चपटे सिरे का उपयोग करके सावधानीपूर्वक इसका परीक्षण करें।
4. जब वाहन जमीन पर हो तो लुग पाना के सिरे का उपयोग करके लुग नटों को ढीला करें जो वाहन के लुग नटों में फिट बैठता हो। इस चरण के दौरान, लुग बोल्टों से लुग नटों को पूरी तरह से नहीं निकालें।
5. वाहन के फ्रेम या स्प्रिंग के नीचे जैक को ठोस जमीन पर और/या जैक के समुचित स्थापन के लिए वाहन निर्माता के मैनुअल को देखकर निरापद ढंग से रखें। टायर के जमीन से लगभग 6 इंच ऊपर आ जाने तक जैक से वाहन को उठाएं।
6. लुग नटों को पूरी तरह से निकालें और उन्हें सुरक्षित स्थान में रखें (व्हील कवर या हब कैप के अंदर अच्छा काम करता है)। खराब टायर को दोनों हाथों से पकड़कर निकालें और लुग बोल्टों से इसे सीधा और समान मात्रा में खींचें।
7. व्हील लुग बोल्टों में बदली व्हील/टायर को स्थापित करें और हाथ से समस्त लुग नटों को लगाएं। नटों के लुग्स पर सही तरीके से कस दिए जाने के बाद, नटों को कसने के लिए लुग पाने का उपयोग किया जा सकता है; लेकिन केवल न्यूनतम दबाव का उपयोग करें (इस बार नटों को पूरी तरह से नहीं कसें)।
8. जमीन पर वाहन को धीरे-धीरे नीचे ले जाएं पर इस चरण में जैक को वाहन के नीचे से न हटाएं।
9. कसने के समुचित क्रम और कसने के विशेष निर्देश के लिए वाहन चालक के मैनुअल को देखने के बाद लुग पाना का उपयोग करके लुग नटों को कसें।
10. वाहन के गाड़ी के पीछे संदूक आदि रखने के स्थान में जैक, टायर/पहिया, औजार और सुरक्षा उपकरण को निरापद ढंग से रखें।

वाहन के पास अगर पहिए की कवर या हब कैप्स हैं तो निर्माता के मैनुअल को स्थापन के लिए निर्देश मुहैया कराना चाहिए। वाहन के पास अगर सेंटर कैप्स हैं तो सेंटर कैप को पहिए के सामने रखें और हथेली के निचले हिस्से का उपयोग करके उसे उसके स्थान पर बराबर बिठाएं। वाहन चलाना शुरू करने से पहले पहिए की कवर या सेंटर कैप की सुरक्षा की जाँच करें।

अगर आपका वाहन पेवमेंट से खिसककर शोल्डर पर आ जाता है

सड़क किनारे के साथ-साथ "गिरावट" को महसूस करने के बाद, जहाँ पर शोल्डर (ढाल) पेवमेंट के मुकाबले नीचे है, अगर आप नहीं जानते कि स्टीयरिंग पर फिर से नियंत्रण कैसे प्राप्त किया जाए तो इसके कारण गंभीर दुर्घटना हो सकती है। अगर आप सड़क के किनारे के बहुत करीब वाहन चला रहे हैं या अगर आप मोड़ से होकर बहुत तेज गाड़ी चलाते हैं और अपने सामने वाले टायर को सड़क से बाहर जाने देते हैं तो "गिरावट" हो सकती है।

"गिरावट" काफी आम है, विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। ये वहाँ भी हो सकती है जहाँ सड़क को फिर से समतल बनाया जा रहा है और पेवमेंट पर उभरा हुआ भाग है।

अगर आप नहीं जानते कि इससे कैसे उबरा जाए तो "गिरावट" त्वरित गति से आपातस्थिति बन सकती है। याद करने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीजें हैं: तेजी से स्टीयरिंग नहीं घुमाएं और अकस्मात ब्रेक नहीं लगाएं। अगर आप वापस सड़क पर आने के लिए व्हील को तेजी से घुमाते हैं तो इसके कारण वाहन किनारे की तरफ झटके से निकलता है और सामने से आते यातायात के सामने पड़ जाता है। अगर आप पेवमेंट पर दो (2) पहियों और मुलायम पेवमेंट पर दो (2) पहियों पर रहते हुए सख्ती से ब्रेक लगाते हैं तो संभवतः वाहन फिसलकर नियंत्रण से बाहर चला जाए।

अगर आप पेवमेंट से नीचे चले जाते हैं तो आपको इन कामों को करना चाहिए

1. जब दाहिनी ओर के आपके दो पहिए दोनों ही पटरी से नीचे चले जाते हैं तो गति धीमी करने के लिए गैस पैडल हल्के से छोड़ दें। **एकाएक ब्रेक नहीं लगाएं।** अगर आपको पेवमेंट पर खतरे से बचने के लिए ब्रेक लगाना ही पड़े तो व्हील्स को लॉक होने से बचाने के लिए क्रमिक, नियंत्रित ब्रेकिंग का उपयोग करें।
2. स्टीयरिंग व्हील पर मजबूत पकड़ बनाए रखें और दो (2) पहियों को सड़क मार्ग और दो (2) पहियों को सड़क से दूर रख (किनारे की गिरावट में झूलता हुआ) सड़क मार्ग के समानांतर करें। पेवमेंट के किनारे से टायरों को रगड़ने से दूर रखें। शांत बने रहें और स्टीयरिंग व्हील पर दृढ़ पकड़ बनाए रखें। मुलायम या गीली पेवमेंट आपके वाहन को दाहिनी ओर खींचेगी। **सड़क पर वापस आने की कोशिश करते समय तेजी से स्टीयरिंग न घुमाएं।**
3. क्रमशः धीमा करते जाएं जब तक कि आप बहुत धीमी गति से न चलने लगे हों - 25 मील प्रति घंटा से कम और अच्छा हो कि 10 मील प्रति घंटे के करीब - और आपका वाहन आपके नियंत्रण में होगा।
4. उस लेन में जिसमें आप फिर से प्रवेश करेंगे पीछे से आ रहे यातायात की जाँच करें। बांये मुड़ने के अपने संकेत को चालू कर दें।
5. पेवमेंट पर, जब ट्रेफिक साफ हो तो दाएं पहियों को आसान करने के लिए हल्के से बाईं ओर स्टीयरिंग घुमाएं। जैसे ही आप महसूस करते हैं कि आपके पहिए वापस सड़क पर आ गए हैं, सीधा करने के लिए आराम से दाहिनी ओर स्टीयरिंग घुमाएं।
6. एक बार जब आप सुरक्षित रूप से पेवमेंट पर वापस आ गए हों और आपका वाहन पूरी तरह से आपके नियंत्रण में हो, यातायात के बहाव से मेल खाती गति बना लें।

अगर आपकी लेन में सामने से कोई दूसरा वाहन चला आ रहा है

सबसे पहले, ध्यान खींचने के लिए अपना हार्न बजाएं। अगर दूसरा चालक खिसक नहीं जाता तो संभव होने पर दाहिनी ओर हो कर बचने की कोशिश करें। अगर आप बांई ओर को घूमते हैं और अंतिम क्षण में दूसरा चालक अपनी गलती ठीक कर लेता है तो भी आप दुर्घटनाग्रस्त होंगे। अगर टक्कर टालना संभव नहीं हो तो दृढ़ता और नियमित रूप से ब्रेक लगाएं। प्रत्येक मील प्रति घंटा आप गति को जितनी कम करेंगे वह असर को कम करेगा।

शवयात्रा

अगर आप सड़क पर शवयात्रा को देखते हैं तो शवयात्रा के वाहनों को आगे जाने दें। एक बार जब अग्रणी वाहन चौराहे को पार कर लेता है तो शेष शवयात्रा चौराहे से होकर आगे जा सकती है, अन्य यातायात को अवश्य ही रास्ता छोड़ देना चाहिए। शवयात्रा को गुजर जाने दें और शवयात्रा की लेन के अंदर और बाहर न जाएं जब तक कि पुलिस अधिकारी या अंतिम संस्कार के दौरान अंत्येष्टि निदेशक का एजेंट या कर्मचारी आपको अन्यथा निर्देश नहीं देता है।

शवयात्रा के सभी वाहनों की हेडलाइटों और आपातस्थिति की जलती बुझती रोशनियों को अवश्य ही चालू रहना चाहिए और उन्हें झंडा या अन्य संकेत लगाकर रखना चाहिए जो उन्हें शवयात्रा का हिस्सा बताते हों। इसके अलावा, शवयात्रा के दौरान उसमें शामिल वाहनों के पास वाहन पर प्रदर्शित चमकती या घूमती बैंगनी रोशनी हो सकती है।

शवयात्रा के चालक लाल बत्ती या रुकने के संकेत से होकर आगे बढ़ सकते हैं, जब अग्रणी वाहन तब चौराहा पार करता है जब बत्ती हरी थी। ठहरने के संकेत के मामले में चौराहे से होकर गुजरने से पहले अग्रणी वाहन को सबसे पहले पूरी तरह से रुक जाना चाहिए। शवयात्राओं को आपातस्थिति वाहनों को अवश्य रास्ता देना चाहिए।

अध्याय 3 समीक्षा प्रश्न

1. किशोर चालकों के दुर्घटना में शामिल होने के आसार अधिक होते हैं जबकिः

A. वे यात्री के रूप में अपने पालतू जानवरों के साथ गाड़ी चला रहे होते हैं
B. वे वयस्क यात्रियों के साथ वाहन चला रहे होते हैं।
C. वे किशोर यात्रियों के साथ वाहन चला रहे होते हैं।
D. वे बिना किसी यात्री के वाहन चला रहे होते हैं।

---

2. ऐसे चालक जो वाहन चलाते समय खाते और पीते हैंः

A. वाहन चालक की कोई त्रुटियाँ नहीं होतीं
B. धीमी गति से चलाने में परेशानी होती है
C. बेहतर चालक हैं क्योंकि वे भूखे नहीं हैं
D. अपने वाहनों को नियंत्रित करने में परेशानी होती है

---

3. वाहन चलाते समय धूम्रपान तैयार करना और धूम्रपान करना

A. वाहन चालन की योग्यताओं को प्रभावित नहीं करता
B. चालक की सतर्कता को बनाए रखने में मदद करता है
C. ध्यान भटकाने वाली गतिविधियाँ हैं
D. ध्यान भटकाने वाली गतिविधियाँ नहीं हैं

---

4. पेनसिल्वानिया में 16 वर्ष की उम्र के चालकों के लिए दुर्घटना के प्रमुख प्रकारः

A. एक वाहन के रास्ते पर सड़क से नीचे चले जाना
B. अंतरराज्यीय मार्ग पर साइड पर चलना
C. साइड की सड़क पर पीछे की ओर वाहन चलाना
D. हाईवे के शोल्डर पर वाहन चलाना

---

5. साइकिल सवार से आगे गुजरते समय आपकोः

A. साइकिल सवार को सजग करने के लिए अपना हॉर्न बजाएं
B. जितना हो सके बाईं ओर रहें
C. लेन के मध्य में बने रहें
D. अपनी चौतरफा जलती-बुझती रोशनियों को चालू कर दें

---

6. जब आप ऐसे इलाके से होकर वाहन चलाते हैं जहाँ पर बच्चे खेल रहे हों तो आपको सोचना चाहिए किः

A. उन्हें मालूम है कि क्रास करना कब सुरक्षित है
B. वे सड़क क्रास करने से पहले कर्ब पर रुक जाएंगे
C. वे बिना नजर डाले आपके सामने से निकल सकते हैं
D. जब तक वे वयस्क के सड़क क्रास नहीं करेंगे

---

7. अगर आप मोटरसाइकिल के पीछे वाहन चला रहे हैं तो आपको अवश्य हीः

A. मोटरसाइकिल को पूरी लेन का उपयोग करने दें
B. मोटरसाइकिल के बगल में पेवमेंट पर वाहन चलाएं
C. मोटरसाकिल को केवल आधी लेन का उपयोग करने दें
D. उसी लेन में गुजरें जहाँ पर मोटरसाइकिल चल रही है

---

8. मोटरसाइकिल के पीछे यात्रा करते समयः

A. कम से कम 2 कार की लंबाई की पीछे रहने की दूरी रखें
B. कम से कम 2 सेकेंड की पीछे रहने की दूरी रखें
C. कम से कम 4 सेकेंड की पीछे रहने की दूरी रखें
D. कम से कम 4 मोटरसाइकिल की लंबाई की पीछे रहने की दूरी रखें

9. आपको सफेद छड़ी का उपयोग करने वाले पदयात्री के निकट वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिएः

A. वे बहरे हैं
B. वे मानसिक रूप से अशक्त हैं
C. वे अंधे हैं
D. उन्हें चलने में समस्या है

10. ऐसे अंधे पदयात्री के निकट जो सफेद छड़ी लिए हुए हैं या रास्ता दिखाने वाले कुत्ते का उपयोग कर रहा है, वाहन चलाते समय आपको चाहिए किः

A. गति कम कर दें और रुकने के लिए तैयार हो जाएं
B. अधिकृत रास्ता अपनाएं
C. सामान्य रूप से आगे बढ़ें
D. तेजी से वाहन चलाकर निकल जाएं

11. किसे रास्ते का अधिकार छोड़ना चाहिए जब चालक मुड़ रहा हो और पदयात्री यातायात बत्ती के बिना पार कर रहा है?

A. जिस किसी ने भी अंत में शुरू किया था
B. चालक को
C. जो कोई भी धीमी गति से चल रहा है
D. पदयात्री को

12. वाहन के पीछे संतरी त्रिकोण इंगित करता है कि वाहनः

A. रेडियोधर्मी सामग्रियाँ लिए जा रहा है
B. चौड़ा मोड़ लेता है
C. सामान्य यातायात के मुकाबले धीमी गति पर यात्रा करता है
D. अक्सर रुकता रहता है

13. रात में, देखना सबसे मुश्किल होता हैः

A. सड़क के संकेत
B. पदयात्री
C. अन्य मोटरचालकों
D. सड़क की बत्तियाँ

14. जब आपके पीछे का ट्रक चालक आपके वाहन से आगे निकल जाना चाहता है तो आपकी गति होनी चाहिएः

A. स्थिर बने रहें, या गति धीमी कर लें
B. लेन बदल लें
C. बदलें
D. वृद्धि करें

15. ट्रक के साथ सड़क को साझा करते समय यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि आमतौर पर ट्रकः

A. कारों के मुकाबले रुकने के लिए लंबी दूरी लेते हैं
B. ढाल पर कारों के मुकाबले गुजरने के लिए कम समय लेते हैं
C. कारों के मुकाबले मुड़ने के लिए कम घेरे की जरूरत पड़ती है
D. कारों के मुकाबले ढाल को पार करने के लिए कम समय की जरूरत पड़ती है

16. अगर आप एक से अधिक ट्रैक वाली रेलमार्ग क्रॉसिंग पर रुकते हैंः

A. उस समय तक प्रतीक्षा करें जब तक कि दोनों पटरियाँ आपको भलीभाँति दिखाई न पड़ने लगें
B. रेलपटरी पर रुकें और एक और ट्रेन की बाट जोहें
C. ट्रेन जैसे ही गुजरती है वैसे ही अच्छी तरह से देखभाल लें
D. जब कोई पटरी खाली हो तो अच्छी तरह से देखभाल लें

17. अगर आप एक ऐसे ट्रक का अनुसरण कर रहे हैं जो चौराहे पर दाहिनी ओर को मुड़ने से पहले बाईं ओर को झूलता है तो आपको याद रखना चाहिए कि यह बहुत ही खतरनाक हैः

A. दाईं तरफ मुड़ने के लिए ट्रक और कर्ब के बीच में से निकलने की कोशिश करना
B. ट्रक के मोड़ को पूरा कर लेने तक अपनी ब्रेक को लगाकर रखें
C. "4-सेकेंड" की पीछा करने वाली दूरी के नियम का उल्लंघन करता है
D. ट्रक चालक पर अपना हॉर्न बजाएं

18. सिर्फ उस समय आपको स्कूल बस के लिए रुकना नहीं होता जिसकी लाल बत्तियाँ चमक रही हों और रुकने वाली भुजा विस्तारित है जब आपः

A. विभाजित हाईवे की विपरीत दिशा में गाड़ी चला रहे हैं
B. बस के पीछे हैं
C. किसी भी बच्चे को मौजूद नहीं देखते
D. बाईं तरफ सुरक्षित ढंग से आगे बढ़ सकते हैं

19. जब स्कूल बस की रोशनी चमक रही हो और उसकी रुकने वाली भुजा विस्तारित हो, तो आप अवश्य हीः

A. बस से कम से कम 10 फीट दूर रुक जाएं
B. बच्चे अगर बस से निकले हैं तो पार कर जाएं
C. बस अगर अवरोधक की उल्टी तरफ हो तो रुक जाएं
D. बस के करीब धीरे-धीरे वाहन चलाएं

20. ट्रेन के गुजर जाने के बाद, आपको चाहिएः

A. पास आती ट्रेनों के लिए दोबारा जाँच करें और सावधानी के साथ आगे बढ़ें
B. हरी बत्ती के लिए प्रतीक्षा करें
C. पटरियों के पार आगे बढ़ें
D. हार्न बजाएं और आगे बढ़ें

21. जब दूसरा चालक संभवतः इसकी अपेक्षा न कर रहा हो और आपको वाहन को धीमा करने या रुक जाने की जरूरत हो तो आपको चाहिएः

A. कुछ मिनट के लिए अपने ब्रेक पैडल त्वरित गति से टैप करें
B. अपनी आपातस्थिति ब्रेक का उपयोग करें
C. अपने अंध बिंदु (ब्लाइंड स्पॉट) में यातायात के लिए अपने कंधे के ऊपर से देखें
D. अपना हार्न बजाने के लिए तैयार हो जाएं

22. जब आप मुड़ने की योजना बना रहे हों तो आपको अपने मुड़ने के संकेतों को सक्रिय कर देना चाहिएः

A. केवल तब जब अन्य चालक आपका अनुसरण कर रहे हों
B. ठीक तभी जब आपके कार का सामने वाला हिस्सा चौराहे पर पहुँचता है
C. आपके चौराहे पर पहुँचने से 3 से 4 सेकेंड पहले
D. चौराहे पर पहुँचने से पहले 2 कार की लंबाई

23. किसी दूसरे वाहन से आगे निकलने से पहले आपको चाहिए किः

A. चालक को सतर्क करने के लिए हेडलाइटों को चमकाएं
B. चालक को सचेत करने के लिए अपनी चौतरफा जलती-बुझती रोशनियों को चालू करें
C. यह दिखाने के लिए कि आप लेन बदल रहे हैं मुड़ने का समुचित संकेत दें।
D. चालकों का ध्यान खींचने के लिए अपना हॉर्न बजाएं

24. आपका अंध बिंदु (ब्लाइंड स्पॉट) सड़क का क्षेत्र हैः

A. अपने सिर को आगे किए बिना आप देख नहीं सकते
B. सीधे आपके वाहन के पीछे
C. आप अपने रियर व्यू शीशे में देखते हैं
D. आप अपने बगल वाले शीशे में देखते हैं

25. किसी दूसरे वाहन से आगे निकलने से पहले आपको संकेत देना चाहिएः

A. लेन को बदलने से ठीक पहले
B. किसी भी समय
C. लेन को बदलने के बाद
D. पर्याप्त पहले ताकि दूसरे लोग आपकी योजनाओं को जानें

26. अनेक लेन वाले हाईवे पर लेन को बदलने से पहले आपको चाहिएः

A. अपना हॉर्न बजाएं
B. अपनी हेडलाइटों को चालू करें
C. अपनी गति को कम करें
D. अपने शीशों और अंध बिंदुओं की जाँच करें

27. जब आप सड़क मार्ग पर पार्क करते हैं तो आपको चाहिएः

A. अपने चौतरफा जलती-बुझती बत्तियों का उपयोग करें
B. कोण पर पार्क करें
C. अपने मुड़े हुए संकेत को चालू रखें
D. अपनी लाइटों को चालू रखें

28. वाहन पीछे करने से पहले, आपको चाहिए किः

A. यह देखने के लिए अपने शीशों पर निर्भर करें कि क्या पीछे जाने के लिए रास्ता साफ है
B. अपनी लाइटों को चमकाएं
C. यह देखने के लिए अपने दरवाजे को खोलें कि क्या पीछे जाने के लिए रास्ता साफ है
D. अपने सिर को मोड़ें और पिछली खिड़की से होकर देखें।

29. दुर्घटनाओं से बचने में मदद के लिए, आपको चाहिए कि

A. सड़क पर अन्य चालकों को बराबर देखते रहें
B. सड़क पर अन्य चालकों की अनदेखी करें
C. बगल की सड़कों और पीछे की सड़कों पर वाहन चलाएं
D. व्यस्ततम घंटों के दौरान वाहन चलाने से बचें

30. चालकः

A. वाहन को धीमा कर रहा है या रोक रहा है
B. बाएं मुड़ना
C. दाएं मुड़ना
D. अपने दरवाजे को खोलना

31. अगर आपका मुड़ने का संकेत विफल हो जाता है तो आपको उपयोग करना चाहिए _____ संकेत कि आप मुड़ रहे हैं।

A. अपना हार्न
B. अपनी हेडलाइटें
C. हाथ के संकेत
D. आपकी आपातस्थिति की जलती-बुझती रोशनियाँ

32. सीमित पहुँच वाले हाईवे पर 40 मील प्रति घंटा से कम पर यात्रा करते समय, आपको चाहिए किः

A. कर्ब पर वाहन चलाएं
B. अपनी उच्च बीमों का उपयोग करें
C. दूसरों को सतर्क करने के लिए अपना हॉर्न बजाएं
D. अपने चौतरफा जलती-बुझती बत्तियों का उपयोग करें

33. आपको अपना हार्न बजाना चाहिए जब आपः

A. चौराहे से होकर यात्रा कर रहे हैं
B. साइकिल सवार से आगे निकल रहे हैं
C. ऐसे बच्चे को देखो जो सड़क पर बस दौड़ने ही वाला है
D. समानांतर पार्किंग कर रहे हैं

34. जब दूसरे वाहन _____ फीट की दूरी से दिखाई न पड़ रहे हों तो आपको अवश्य ही अपनी हेडलाइटों का प्रयोग करना चाहिए।

A. 1000
B. 1500
C. 1800
D. 1200

35. अगर उच्च बीमों का उपयोग करने वाला वाहन आपकी तरफ आता है तो आपको चाहिएः

A. अपनी उच्च बीमों को चालू कर दें
B. अपनी हेडलाइटों को बंद करें
C. अपना हॉर्न बजाएं
D. अपनी उच्च बीमों को फ्लैश करें

36. अगर उच्च बीमों का उपयोग करने वाला वाहन आपकी तरफ आता है तो आपको सड़क की तरफ देखना चाहिए _____ :

A. दोनों तरफ
B. बीच में
C. दाहिनी तरफ
D. बाईं तरफ

37. आप अपना हार्न बजा सकते हैं जब आपकोः

A. त्वरित गति से रुकना हो
B. किसी दूसरी कार से आगे निकल रहे हैं
C. अपनी कार पर से नियंत्रण खो दिया है
D. साइकिल सवार से आगे निकल रहे हैं

38. आपकी ब्रेक लाइटें दूसरे चालकों को बताती हैं कि आपः

A. मुड़ने जा रहे हैं
B. अपनी आपातस्थिति ब्रेक चालू रखें
C. लेन बदल रहे हैं
D. धीमा कर रहे हैं या रुक रहे हैं

39. मुड़ने से पहले, आपको चाहिए किः

A. अपने संकेत का उपयोग करें
B. पहिए को मोड़ें
C. अपनी गति में वृद्धि करें
D. लेनों को बदल लें

40. चालकः

A. बाएं मुड़ना
B. धीमा कर रहा है
C. रोक रहा है
D. दाएं मुड़ रहा है

41. चालकः

A. बाएं मुड़ना
B. रोक रहा है
C. धीमा कर रहा है
D. दाएं मुड़ रहा है

42. अगर किसी दूसरी कार के आपको टक्कर मारने का खतरा है तो आपको चाहिए किः

A. अपना हॉर्न बजाएं
B. अपनी बांहों को हिलाएं
C. अपनी आपातस्थिति रोशनियों का उपयोग करें
D. अपनी हेडलाइटों को चमकाएं

43. अगर आप वाहन चलाते समय थका-थका महसूस करना शुरू करते हैं तो सबसे अच्छा काम हैः

A. थोड़ी-बहुत कॉफी पी लें
B. अपनी खिड़की को खोलें
C. वाहन चलाना बंद कर दें
D. रेडियो को चालू कर दें

44. वह प्रभाव जो नींद का अभाव सुरक्षित वाहन चलाने की आपकी योग्यता पर डालता है, वैसा ही है जैसे किः

A. वह प्रभाव जो अल्कोहल डालता है
B. वह प्रभाव जो एमफिटेमीन डालती है
C. वह प्रभाव जो गुस्सा डालता है
D. वह प्रभाव जो किशोरों के साथ वाहन चलाने पर पड़ता है

45. किशोरों को उनींदेपन में वाहन चलाने में दुर्घटना के जोखिम से बचने के लिए प्रत्येक रात्रि कम से कम _____ की नींद लेनी चाहिए।

A. 7 घंटे
B. 6 घंटे
C. 8 घंटे
D. 9 घंटे

46. अगर कोई दूसरा चालक यातायात में आपका रास्ता काटता है तो आपको चाहिए किः

A. चालक के पास पहुँचें और उस पर चिल्लाएं
B. दूसरे चालक की अनदेखी करें
C. चालक पर अपनी हेडबीमों को चमकाएं
D. चालक से आगे निकलकर वापस उसके पास पहुँचें

47. अगर आपके पीछे कोई आक्रामक ढंग से वाहन चला रहा है तो आपको चाहिए किः

A. आक्रामक चालक के रास्ते से बाहर निकलने का प्रयास करें
B. चालक जब आपसे आगे निकल रहा हो तो उसकी ओर घूरें
C. जब वे आपसे आगे निकल रहे हों तो गति बढ़ा दें
D. पासिंग लेन को अवरुद्ध करें।

48. औसत व्यक्ति के लिए एक पेय में अल्कोहल को संसाधित करने के लिए शरीर को कितने मिनट की आवश्यकता होती है?

A. 15
B. 60
C. 90
D. 30

49. _____ आपके ध्यान, बोध, निर्णय और स्मरणशक्ति को सीमित करता है।

A. रक्त में अल्कोहल का स्तर कानूनी सीमा अधिक होता है तो
B. अल्कोहल नहीं करता
C. यहाँ तक कि अल्कोहल की कम से कम मात्रा
D. रक्त में अल्कोहल का स्तर .05 से अधिक होता है तो

50. अल्कोहल के साथ मादक-द्रव्यों का सेवन करनाः

A. दुर्घटना होने के जोखिम में वृद्धि करता है
B. स्वयं में अल्कोहल से अधिक खतरनाक नहीं है
C. वाहन चलाने की आपकी योग्यता पर अल्कोहल के प्रभाव को कम करता है
D. वाहन चलाने की आपकी सामान्य योग्यता पर कोई असर नहीं पड़ता है

51. जब आपके शरीर में अल्कोहल जमा होता है तो वह

A. आपकी प्रतिक्रियाओं को धीमा करता है
B. आपके आत्मविश्वास में कमी लाता है
C. स्वयं को अधिक तीव्र गति से चयापचय को शुरू करने देता है
D. वाहन चलाने की आपकी त्रुटियों में कमी लाता है

52. अगर आपके रक्त में अल्कोहल की मात्रा .04 है, तो आप:

A. अल्कोहल का सेवन नहीं किए हुए व्यक्ति के मुकाबले दुर्घटना के आसार 2-7 गुना अधिक होते हैं
B. रक्त में अल्कोहल की कानूनी सीमा से अधिक है लेकिन वाहन चलान के लिए ठीक है
C. एकदम से आश्वस्त हो सकते हैं कि आप सुरक्षित रूप से ड्राइव करेंगे
D. अपनी कार चलाने के पहले आपको खूब कॉफी पीनी चाहिए

53. जब आप दमकल के इंजन के सायरन की आवाज को सुनते हैं तो आपको अवश्य हीः

A. अपना वाहन धीमा कर लें जब तक यह आपसे आगे नहीं निकल जाता
B. अपनी जलती-बुझती रोशनियों के साथ वाहन चलाएं
C. सड़क के किनारे पर गाड़ी ले जाएं और रुकें
D. गति बढ़ाएं और निकटतम निकास लें

54. अगर आपका एक टायर फट गया हो तो आपको चाहिएः

A. स्टीयरिंग व्हील को स्वतंत्र रूप से गति करने दें
B. कार को धीमा हो कर रुक जाने दें
C. तब तक ड्राइविंग जारी रखें, जब तक आप गैरेज में नहीं पहुंच जाते
D. कार को तुरंत रोकने के लिए सख्ती से ब्रेक लगाएं

55. अगर आपकी कार हाईवे पर खराब हो जाती है, तो आपको चाहिए कि:

A. अपनी कार में बैठें और मदद की प्रतीक्षा करें
B. अन्य ड्राइवरों को चेतावनी देने के लिए अपनी चौतरफा जलती-बुझती बत्ती का उपयोग करें
C. गुजर रहे मोटर चालकों पर अपना हॉर्न बजाएं
D. आने वाले ट्रैफ़िक पर अपने हेडलाइट्स को फ्लैश करें

56. जब आप जलती-बुझती रोशनी के साथ आपातकालीन वाहन देखते हैं, तो आपको अवश्य ही:

A. अपने वाहन की गति कम कर लेनी चाहिए और अपनी लेन में चलते रहना चाहिए
B. अपनी लेन में गाड़ी चलाते रहें
C. कर्ब की ओर जा कर रुक जाएं
D. आप जहाँ हैं वहीं रुक जाएं

57. जब आप एकतरफा सड़क पर वाहन चला रहे हों और जलती-बुझती रोशनी के साथ आपातस्थिति वाहन आपकी कार के पीछे है, आपकोः

A. अपनी जलती-बुझती रोशनियों के साथ वाहन चलाएं
B. सड़क के किनारे की ओर जा कर रुक जाएँ
C. गति बढ़ाएं और निकटतम निकास लें
D. जब तक वाहन आपके पास से गुजर न जाएं गति कम करके रखें

58. अपने सायरन के साथ आपातस्थिति वाहन के आपसे आगे निकल जाने के बाद आपको अवश्य हीः

A. पुलिस की कार के करीब चलाएं
B. पुलिस की गाड़ी जितनी तेज चलाएं
C. आपातस्थिति वाहन के पीछे 500 फीट से अधिक निकट वाहन चलाने से बचें
D. कर्ब के निकट बहुत धीरे-धीरे चलें

59. कार्य क्षेत्रों पर दुर्घटनाएं अधिकतर निम्नलिखित का परिणाम होती हैंः

A. टायर का फटना
B. सड़क पर पानी के छिड़काव के कारण फिसलन
C. गीले पेंट पर ड्राइविंग के बाद स्टीयरिंग पर से नियंत्रण खो बैठना
D. लापरवाही और तेज गति

60. जब कार्य क्षेत्र से होकर वाहन चलाया जाता है तो सुरक्षा की यह अच्छी परिपाटी होती हैः

A. ट्रैफ़िक को स्वतंत्र रूप से बढ़ने देने के लिए अपने सामने वाले वाहन के करीब ड्राइव करें
B. पीछा करने की अपनी सामान्य दूरी को छोटा करें - लगभग आधा
C. अपने क्रूज़ नियंत्रण को चालू करें
D. पीछा करने की अपनी सामान्य दूरी को दोगुना कर दें

61. दो लेन के, दोतरफा सड़कों या राजमार्गों पर आपको बाएं मुड़ने की शुरुआत करनी चाहिएः

A. मध्य रेखा के करीब
B. बाहर की रेखा के करीब
C. लेन के मध्य में
D. लेन में कहीं भी

62. अनेक लेन वाली सड़कों और राजमार्गों पर बाएं मुड़ने के लिए आपको निम्नलिखित से शुरुआत करनी चाहिएः

A. चौराहे के बीच से
B. दाहिनी लेन
C. बायीं लेन
D. कोई भी लेन

63. दो-लेन की सड़क पर, दाहिनी ओर आप दूसरे वाहन से आगे जा सकते हैं, जबः

A. एकल लेन प्रवेश रैंप पर ड्राइविंग
B. जिस चालक को आप पीछे छोड़कर निकल रहे हैं वह पोस्ट की गई गति सीमा से धीमे चल रहा है
C. कभी नहीं
D. आप जिस ड्राइवर से आगे निकल रहे हैं, वह बाईं ओर मुड़ रहा है

64. दो-लेन की सड़क पर किसी धीमी गति से चल रहे वाहन से आगे निकलने के लिए जरूरी है:

A. आप मध्य रेखा को पार नहीं करें
B. आने वाले यातायात पर अपनी रोशनी फेंकें
C. कर्ब का उपयोग करें
D. उस लेन का उपयोग करें जो सामने से आने वाले यातायात से संबंधित है

65. पेवमेंट पर लगे निशान आपको बताते हैं कि आगे चौराहे परः



A. मध्य लेन का यातायात सीधे जा सकता है या बाएं मुड़ सकता है
B. आप मध्य लेन से केवल बाएं मुड़ सकते हैं
C. मध्य लेन एक लेन में मिल जाती है
D. मध्य लेन के यातायात को अवश्य ही बांई ओर को मुड़ना चाहिए

66. गति प्रबंधन और मोड़ों के बारे में याद रखने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीज हैः

A. जब आप मोड़ पर पहुँचते हैं तो पोस्ट की गई गति सीमा में वाहन चलाएं और फिर मोड़ के सबसे तीखे हिस्से में गति धीमी कर लें।
B. मोड़ में प्रवेश करने से पहले आप गति धीमी कर लें
C. मोड़ पर पहुँचने से पहले धीरे से गति बढ़ा दें
D. मोड़ से पहले, मोड़ भर में और उसके बाद सड़क मार्ग की पोस्ट की गई गति सीमा में वाहन चलाएं।

67. यातायात परिपथ या यातायात सर्किल में प्रवेश करने वाले चालकों कोः

A. प्रवेश करने से पहले रुकना चाहिए
B. यातायात परिपथ या यातायात सर्किल में जो चालक पहले से हैं इन्हें आगे जाने देना चाहिए
C. अगर वे पहले पहुंचें तो उन्हें रास्ते का अधिकार होता है
D. अगर दो लेन हैं तो उन्हें रास्ते का अधिकार है

68. कानूनन चौराहे पर रास्ते का अधिकार किसे है _____ ।

A. किसी को नहीं
B. बाएं मुड़ रहे चालक को
C. सीधे जा रहे चालक को
D. दाएं मुड़ रहे चालक को

69. चौराहे पर ठहरने के स्टॉप संकेत के साथ आपको रुक जाना चाहिए औरः

A. बहुत कम फासला रख पीछे चलने वाली कारों के लिए अपने रियरव्यू शीशे को देखें
B. जब आपके आगे का वाहन जाए तो जाएं
C. पहले दाएं देखें, फिर बाएं, फिर पुनः दाएं
D. पहले बाएं देखें, फिर दाएं, फिर बाएं

70. प्रवेश रैंप से हाईवे में प्रवेश करते समय आपको सामान्यतः चाहिए किः

A. आगे निकल जाने के लिए यातायात की गति से ऊपर प्रवेश करें
B. अन्य वाहनों से बचने के लिए धीरे-धीरे प्रवेश करें
C. पहले रुकें, फिर धीरे-धीरे यातायात में प्रवेश करें
D. यातायात की गति में तेजी लाएं

71. हाईवे से बाहर निकलते समय आपको गति धीमी कर लेनी चाहिएः

A. मुख्य सड़क पर, निकास लेन से ठीक पहले
B. एक बार जब आप टोल बूथ को देख लेते हैं
C. एक बार जब आप निकास लेन में चले गए
D. जब आप पहली बार बाहर निकलने का संकेत देखते हैं

72. फ्रीवे प्रवेश रैम्प पर वाहन चलाते समय आपको इसके द्वारा फ्रीवे के यातायात में अंतराल (गैप) देखना चाहिएः

A. केवल इनसाइड रियरव्यू मिरर में देख रहे हैं
B. साइडव्यू मिरर में ही देख रहे हैं
C. रियरव्यू और साइडव्यू मिरर दोनों में देख रहे हैं
D. अपने दर्पणों में देख रहे हैं और अपने कंधे के ऊपर से देखने के लिए अपने सिर को मोड़ रहे हैं

73. यदि आप फ्रीवे से बाहर निकलना चाहते हैं, लेकिन आप अपने निकास से चूक गए हैं तो आपको चाहिएः

A. अगले निकास पर जाएं, और वहां से फ्रीवे से बाहर निकलें
B. मध्यरेखा से यू-टर्न लें
C. कंधे तक स्टीयरिंग घुमाएं और अपनी कार को वापस निकास तक ले जाएं
D. वापस अपने निकास पर रक्षा के लिए पुलिस अधिकारी को रुकने का संकेत करें

74. आप अनेक लेन वाले चौराहे पर बाएं मुड़ने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं और सामने का यातायात आपके दृश्य को बाधित कर रहा है, आपको चाहिए किः

A. जब पहली लेन जिसे आपको पार करना है, साफ हो तो तेजी से बढ़ चलें
B. अपने मोड़ के साथ आगे जाने से पहले उन सभी लेनों को देख सकने में सक्षम होने तक प्रतीक्षा करें, जिन्हें आपको पार करना है
C. चौराहे के उस पार आपको हाथ हिलाने के लिए सामने वाले चालक की प्रतीक्षा करें
D. सामने वाला यातायात जैसे ही साफ होता है वैसे ही उसकी प्रत्येक लेन में अपनी कार किनारे लगाएं

75. जब कोई संकेत, सिगनल्स या पुलिस आपको नहीं बताते कि चौराहे पर क्या करना है, कानून कहता है किः

A. दाईं तरफ के चालकों को अवश्य ही बाईं तरफ के चालकों को रास्ता देना चाहिए
B. यह बताने वाला कोई कानून नहीं है कि किसे रास्ता देना होगा
C. सीधे जाने वाले वाहन चालकों को चौराहे पर बाएं मुड़ने वाले ड्राइवरों को अवश्य ही रास्ता देना चाहिए
D. बाएं मुड़ने वाले ड्राइवरों को चौराहे से सीधे जाने वाले ड्राइवरों को अवश्य ही रास्ता देना चाहिए

76. "हाईवे सम्मोहन" ऐसी चालक स्थिति है जो निम्नलिखित से उत्पन्न हो सकती हैः

A. लंबे समय तक सड़कमार्ग को घूरना
B. आराम करने के लिए बार-बार रुकना
C. अपनी यात्रा से पहले रात को बहुत अधिक सोना
D. एक्सप्रेसवे पर छोटी यात्राएं

77. जब बहु-लेन हाईवे पर आगे निकलना हो तोः

A. सुनिश्चित करें कि पासिंग लेन साफ है
B. केवल दाईं ओर से गुजरें
C. आने वाले यातायात के लिए देखें
D. संकेत देने की आवश्यकता नहीं है

78. "चार-सेकंड का नियम" इस बात को संदर्भित करता है कि हमें कैसेः

A. अन्य कारों के लिए रास्ता देना चाहिए
B. रुकने के संकेतों पर मुड़ना चाहिए
C. किसी दूसरी कार का अनुसरण करना चाहिए
D. चौराहा पार करना चाहिए

79. स्पेस कुशन को बनाए रखना सर्वश्रेष्ठ होता हैः

A. केवल अपने वाहन के पीछे
B. केवल अपने वाहन के बाईं और दाईं ओर
C. केवल वाहन के सामने
D. वाहन के सभी तरफ

80. स्पेस कुशन रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि यहः

A. अन्य वाहनों से विचलित होने से रोकता है
B. आपको परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया करने का समय देता है
C. यातायात को सुरक्षित गति पर चलने देता है
D. अन्य ड्राइवरों को सतर्क रखता है

81. यहाँ रुकने के लिए ज्यादा कुशन देः
- A. ऊपर की ओर को
- B. चौराहे पर
- C. रुकने के संकेत पर
- D. टोल प्लाजा पर

82. मुड़ते समय, आपको अवश्य ही अपनी गति_____ ।
- A. बढ़ानी चाहिए
- B. बनाए रखनी चाहिए
- C. बदलते रहना चाहिए
- D. कम करनी चाहिए

83. यातायात में वाहन चलाते समय, यह सबसे सुरक्षित होता है किः
- A. सतर्क बनाए रखने के लिए अपनी गति को घटाते-बढ़ाते रहें
- B. यातायात के प्रवाह की तुलना में तेज ड्राइव करें
- C. यातायात के प्रवाह की तुलना में धीमी गति से ड्राइव करें
- D. यातायात के प्रवाह के साथ ड्राइव करें

84. इस राज्य में अधिकतम गति सीमा _____ मील प्रति घंटा है।
- A. 55
- B. 50
- C. 60
- D. 70

85. उस समय पोस्ट की गई गति सीमा से कम पर वाहन चलाएंः
- A. किसी भी कारण से वाहन चलाने की स्थितियाँ सामान्य से खराब हैं
- B. अन्य गति सीमा से नीचे ड्राइव करते हैं
- C. हाईवे में प्रवेश करना हो जहां अन्य कारें हैं
- D. आप चार लेन की सड़क पर हैं

86. यातायात को पार करने के लिए आपको जितने स्थान की आवश्यकता पड़ेगी वह निर्भर करती हैः
- A. सड़क और मौसम की स्थिति और आने वाले यातायात
- B. रुकने के संकेत की उपस्थिति
- C. मुड़ने के अपने संकेतों का उपयोग करने
- D. आपके पीछे कारें

87. रुकने की आपकी क्षमता इसके द्वारा प्रभावित होती हैः
- A. सिग्नल रोशनी
- B. सड़क पर अन्य कारें
- C. दिन का समय
- D. सड़क की हालत

88. उस गति के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही है, जिस पर आप यात्रा कर रहे हैं?
- A. ड्राइव करने के लिए सुरक्षित गति कई स्थितियों पर निर्भर करती है
- B. धीरे-धीरे ड्राइविंग करना हमेशा सुरक्षित होता है
- C. गति सीमा हमेशा एक सुरक्षित गति होती है
- D. गति को त्वरित करना हमेशा खतरनाक होता है

89. आगे सड़क पर आ रही किसी चीज के लिए तैयार रहने हेतु, आपको चाहिएः
- A. लगातार पूरी सड़क और सड़क के किनारों पर ध्यान रखें
- B. हर समय सीधे सामने नजर बनाए रखें
- C. ब्रेक पैडल पर हल्के से बाएं पैर को रखकर वाहन चलाएं
- D. सड़क के बीच की ओर ध्यान बनाए रखें

90. हाईवे की गति पर, सूखी सड़क पर, अनुसरण करने की सुरक्षित दूरी कम से कम हैः

A. आपके आगे की कार से पीछा करने की 3 सेकेंड की दूरी
B. आपके आगे की कार से पीछा करने की 2 सेकेंड की दूरी
C. आपके आगे की कार से पीछा करने की 4 सेकेंड की दूरी
D. आपके आगे की कार से पीछा करने की 2 कार की लंबाई की दूरी

91. यातायात में वाहन चलाते समय आपात (या "पैनिक") रुकने की जरूरत से बचने के लिए आप क्या कर सकते हैं?

A. अपनी उपस्थिति से दूसरों को मालूम कराने के लिए अपना हॉर्न बजाएं
B. आगे देखें और अनुसरण करने की सुरक्षित दूरी बनाए रखें
C. दाईं लेन में ही ड्राइव करें
D. यातायात के प्रवाह की तुलना में धीमी गति से ड्राइव करें

92. जब बाईं ओर से सामने से कार आ रही है और दाईं ओर से साइकिल सवार चला आ रहा हो तो आपको चाहिएः

A. पेवमेंट पर चले जाएं
B. अंतर को विभाजित करें
C. कार को गुजर जानें दें और फिर बाइक को पीछे छोड़कर आगे निकल जाएं
D. जल्दी से बाइक से आगे निकलें

93. अगर सामने से आता ड्राइवर आपकी लेन में आपकी तरफ नजदीक आ रहा है तो आपको चाहिएः

A. स्टीयरिंग दाएं घुमाएं, अपना हॉर्न बजाएं और गति तेज कर दें
B. स्टीयरिंग बाईं ओर घुमाएं, अपना हॉर्न बजाएं और ब्रेक लगाएं
C. स्टीयरिंग दाईं ओर घुमाएं, अपना हॉर्न बजाएं और ब्रेक लगाएं
D. अपनी लेन के मध्य में रहें, अपना हॉर्न बजाएं और ब्रेक लगाएं

94. अगर आपके वाहन का पिछला हिस्सा बाईं ओर फिसलना शुरू होता है तो आपको चाहिएः

A. स्टीयरिंग बाईं ओर घुमाएं
B. अपनी ब्रेक मारें
C. तेजी लाएं
D. स्टीयरिंग दाईं तरफ घुमाएं

95. यातायात दुर्घटना में जख्मी होने या मारे जाने के अपने जोखिम को कम करने के लिए सर्वाधिक प्रभावी काम जो आप कर सकते हैं, हैः

A. अपनी सीट बेल्ट पहने
B. अपनी ड्राइविंग को सप्ताह के दिनों तक सीमित रखें
C. मल्टी-लेन राजमार्गों पर सही लेन में रहें
D. अपनी ड्राइविंग को दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच सीमित करें

96. फिसलनभरी सड़कों पर वाहन चलाते समय, आपको चाहिएः

A. और अधिक धीमे-धीमे मोड़ लें
B. लेनों को तेजी से बदलें
C. तेजी से गति बढ़ाएं
D. सख्ती से ब्रेक लगाएं

97. गीली सड़क मार्ग पर वाहन चलाने के बारे में निम्नलिखित में से सच क्या है?

A. जैसे-जैसे आप तेजी से गाड़ी चलाते हैं, आपके टायर कम प्रभावी होते जाते हैं
B. पानी अच्छे टायरों वाली कारों को प्रभावित नहीं करता है
C. गहरा पानी कम खतरनाक होता है
D. जैसे-जैसे आप अपनी गति कम करते जाते हैं, वैसे वैसे सड़क मार्ग अधिक फिसलन भरा होता जाता है

98. फिसलनभरी सड़कों पर वाहन चलाते समय, आपको चाहिएः

A. वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें
B. सूखी सड़कों पर ड्राइव करें
C. अनुसरण करने की दूरी में वृद्धि करें
D. पुल या चौराहों को पार करने से बचें

99. गीली सड़कों पर वाहन चलाते समय, आपको चाहिएः

A. गति सीमा में गाड़ी चलाएं
B. गति सीमा की तुलना में थोड़ा तेज ड्राइव करें
C. गति सीमा से 5 से 10 मील धीमे ड्राइव करें
D. आगे वाले वाहन के करीब रहें

100. गीली सड़कों पर वाहन चलाते समय, आपको चाहिएः

A. पीछा करने की दूरी को 5 या 6 सेकेंड तक बढ़ाएं
B. पीछा करने की दूरी को 2 सेकेंड तक घटाएं
C. पीछा करने की दूरी के बारे में चिंतित न हों
D. 4-सेकंड की पीछा करने की दूरी का नियम बनाए रखें

101. सड़कें अधिक तेजी से जम जाती हैं जब वे होती हैंः

A. समतल
B. घुमावदार
C. धूप में
D. छाया में

102. सड़कें बहुत अधिक फिसलनभरी बन जाती हैंः

A. जब एक घंटे या इससे अधिक समय से बारिश हो रही हो
B. बारिश के बाद वाले दिन
C. तूफानी बारिश के पहले 10 से 15 मिनट में
D. बारिश थमने के तुरंत बाद

103. हाइड्रोप्लेनिंग यानि पानी भरी सतह पर फिसल जाना प्रायः इस कारण होता हैः

A. अत्यधिक स्टॉप्स
B. अकस्मात स्टॉप्स
C. अचानक मोड़
D. अत्यधिक गति

104. हाइड्रोप्लेनिंग यानि पानी भरी सतह पर फिसलन कम करने में कैसी ड्राइविंग मदद कर सकती हैः

A. उथले पानी के माध्यम से
B. और तेज
C. और धीमी
D. गहरे पानी के माध्यम से

105. जब धुंध में वाहन चलाते हैं तो आपको अपने_____ का उपयोग करना चाहिए।

A. निचले बीम हेडलाइट्स
B. उच्च बीम हेडलाइट्स
C. पार्किंग की बत्तियां
D. खतरे की जलती-बुझती बत्तियाँ

106. दिन के दौरान वाहन चलाने की तुलना में रात्रि के समय वाहन चलाना कैसा हैः

A. कम खतरनाक
B. न तो अधिक और न कम खतरनाक
C. अधिक खतरनाक
D. आपकी आँखों के लिए आसान

107. ऐसी चीज जो आप करें तो आप दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं _____ ।

A. अपनी आँखें सड़क से हटा लें
B. अपने हाथों को व्हील से दूर ले जाएं
C. अपना ध्यान ड्राइविंग कार्य से हटाएं
D. ऊपर की सभी

108. जिन चालकों का ध्यान बँटा हुआ होता है उन्हें दुर्घटना का जोखिम अधिक होता है जब वे निम्नलिखित का उपयोग कर रहे होते हैंः

A. सीडी प्लेयर
B. रेडियो
C. सेल फोन
D. ऊपर के सभी

109. जब आप ऐसे यातायात में हैं जो रेल पटरी को पार कर रहा है जहाँ पर कोई सिग्नल या गेट नहीं हैः

A. आपको अपना रास्ता तय करने का अधिकार है और आपको ट्रेनों की जांच करने की आवश्यकता नहीं है
B. आप ट्रैक पार करने वाले धीमे ड्राइवरों से आगे निकल सकते हैं
C. इसके पहले कि आप पार करना शुरू करें आपको यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बिना रुके हुए पटरियों के पार निकल जाने के लिए पूरी जगह है
D. ऊपर के सभी

110. ऐसी रुकी हुई स्कूल बस के करीब पहुँचते समय जिसकी लाल बत्तियाँ जल-बुझ रही हों और जिसकी रोकने वाली भुजा विस्तारित हो, आपको चाहिए किः

A. बस से 5 फीट की दूरी पर रुकें
B. यदि आप देखें कि बच्चे मौजूद हैं तो ही रुकें
C. रुकें और तब तक रुके रहें जब तक आगे बढ़ना सुरक्षित न प्रतीत हो।
D. रुकें और तब तक रुके रहें जब तक लाल बत्तियाँ चमकना न बंद कर दें और रुकने वाली भुजा वापस न ले ली गई हो।

अध्याय 3 – प्रश्नों के उत्तर

1. C
2. D
3. C
4. A
5. B
6. C
7. A
8. C
9. C
10. A
11. B
12. C
13. B
14. A
15. A
16. A
17. A
18. A
19. A
20. A
21. A
22. C
23. C
24. A
25. D
26. D
27. A
28. D
29. A
30. A
31. C
32. D
33. C
34. A
35. D
36. C
37. C
38. D
39. A
40. D
41. A
42. A
43. C
44. A
45. C
46. B
47. A
48. B
49. C
50. A
51. A
52. A
53. C
54. B
55. B
56. C
57. B
58. C
59. D
60. D
61. A
62. C
63. D
64. D
65. A
66. B
67. B
68. A
69. D
70. D
71. C
72. D
73. A
74. B
75. D
76. A
77. A
78. C
79. D
80. B
81. A
82. D
83. D
84. D
85. A
86. A
87. D
88. A
89. A
90. C
91. B
92. C
93. C
94. A
95. A
96. A
97. A
98. C
99. C
100. A
101. D
102. C
103. D
104. C
105. A
106. C
107. D
108. D
109. C
110. D

अध्याय 4 :
ड्राइविंग रिकार्ड सूचना

यह अध्याय आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। पेनडॉट पेनसिल्वेनिया में हर लाइसेंसप्राप्त ड्राइवर के लिए ड्राइविंग रिकॉर्ड रखता है। चालक लाइसेंसिंग ब्यूरो पुलिस और अदालतों से प्राप्त हर ड्राइवर पर विभिन्न अपराधों और सजाओं की रिपोर्ट रखता है। आप हमारी वेबसाइट पर अपने ड्राइविंग रिकॉर्ड की एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं www.dmv.pa.gov आपको अपने ड्राइवर का लाइसेंस नंबर, जन्म तिथि, आपके सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक और अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी की आवश्यकता होगी।

पेनसिल्वेनिया पॉइंट प्रणाली

पॉइंट प्रणाली का उद्देश्य ड्राइविंग की आदतों में सुधार करने और सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित करने में मदद करना है। अंक को ड्राइविंग रिकॉर्ड में जोड़ा जाता है, जब एक ड्राइवर को कुछ ड्राइविंग उल्लंघनों का दोषी पाया जाता है। जब एक ड्राइविंग रिकॉर्ड छह (6) या अधिक पॉइंट तक पहुंच जाता है, तो पेनडॉट सुधारात्मक कार्रवाई करना शुरू कर देता है।

जब पहली बार ड्राइविंग रिकॉर्ड छह (6) या अधिक पॉइंट तक पहुंचता है, तो ड्राइवर को एक लिखित विशेष पॉइंट परीक्षा लेने के लिए लिखित सूचना प्राप्त होगी। जब ड्राइविंग रिकॉर्ड छह (6) पॉइंट से कम हो जाता है और दूसरी बार छह (6) या अधिक पॉइंट तक पहुंच जाता है, तो ड्राइवर को विभागीय सुनवाई में भाग लेना होगा। आगे छह (6) या अधिक पॉइंट के संचय के कारण अतिरिक्त विभागीय सुनवाई और / या आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार का निलंबन होगा।

इन आवश्यकताओं के अलावा, 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के ड्राइविंग विशेषाधिकार को निलंबित कर दिया जाएगा यदि वह व्यक्ति छह (6) या अधिक पॉइंट जमा करता है या पोस्ट की गई गति सीमा से अधिक यानि 26 मील प्रति घंटे या अधिक गति से ड्राइविंग का दोषी पाया जाता है। प्रथम स्थगन 90 दिनों की अवधि के लिए होगा। किसी भी अतिरिक्त घटना के कारण 120 दिनों का निलंबन होगा

यातायात के विशेष उल्लंघनों के लिए दिए गए अंकों की संख्या दिखाने वाली तालिका को www.dmv.pa.gov, में "दि पेनसिल्वेनिया पॉइंट प्रणाली" फैक्ट शीट में पर देखा जा सकता है।

सुरक्षित ड्राइविंग द्वारा पॉइंट को हटाना

लगातार 12 महीनों तक ड्राइविंग रिकॉर्ड से तीन (3) पॉइंट निकाले जाते हैं जिसमें कोई व्यक्ति निलंबन या निरस्तीकरण के अधीन नहीं होता है या उसने कोई उल्लंघन नहीं किया है, जिसके परिणामस्वरूप अंकों के असाइनमेंट या ड्राइविंग विशेषाधिकार का निलंबन या निरस्तीकरण होता है। एक बार ड्राइविंग रिकॉर्ड शून्य हो जाता है और लगातार 12 महीनों तक शून्य पॉइंट पर रहता है, तो अगले पॉइंट संचय को पहले संचय के रूप में माना जाता है।

निलंबन और रद्द होना

यदि आपको निम्नलिखित ट्रैफ़िक उल्लंघनों में से किसी एक का दोषी ठहराया जाता है, तो आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित या रद्द कर दिया जाएगा *(यह केवल एक आंशिक सूची है)*:

- दवाओं या शराब के प्रभाव में रहते हुए वाहन का संचालन करना।
- वाहन से जुड़ा घोर अपराध *(फेलोनी)*।
- वाहन द्वारा मानवहत्या।
- लापरवाही से वाहन चलाना।
- राजमार्गों पर बहुत तेज़ जाना।
- एक पुलिस अधिकारी से बचकर भागना।
- जब आपका ड्राइविंग लाइसेंस पहले से ही निलंबित या निरस्त हो गया है फिर भी ड्राइविंग करना।
- पहचाने जाने से बचने के लिए रोशनी के बिना ड्राइविंग।
- जब आप किसी दुर्घटना में शामिल वाहन चला रहे हों तो उस स्थिति में नहीं रुकना *(हिट-एंड-रन अपराध)*।
- ड्राइविंग से जुड़ा दूसरा या कोई अन्य अपराध, 5 साल की अवधि के भीतर वैध ड्राइवर लाइसेंस के बिना।
- ऐसी स्कूल बस को देखकर नहीं रुकना जो अपनी दोनों ओर की लाल बत्ती जला-बुझा रही है *(60-दिन का निलंबन)*।
- रेलमार्ग पर क्रॉसिंग गेट या बैरियर का अनुपालन करने में विफलता *(30-दिन का निलंबन)*।

यदि आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित, निरस्त, और / या अयोग्य (पाबंदी) क़रार दिया जा रहा है, तो एक लिखित सूचना आपको डाक से भेजी जाएगी जिसमें पाबंदी लागू होने की तिथि दर्ज होगी । आपके ड्राइवर लाइसेंस और/या शिक्षार्थी का परमिट या कैमरा कार्ड, सूचना के आधार पर सूचीबद्ध अनुमोदन की प्रभावी तिथि तक ब्यूरो ऑफ ड्राइवर लाइसेंसिंग में जमा कराया जाना चाहिए अन्यथा राज्य पुलिस और स्थानीय पुलिस को चालक का लाइसेंस लेने के लिए सूचित किया जाएगा।

सभी निलंबन, वापसी और अयोग्य (पाबंदी) ठहराने की सूचना में सूचीबद्ध दंड प्रभावी तिथि पर शुरू होंगे, भले ही चालक का लाइसेंस या पावती फॉर्म क्यों न जमा किया गया हो। इनमें से किसी भी वस्तु को प्रभावी तिथि से पहले जमा कर देने से पाबंदी की प्रक्रिया समय से पहले शुरू नहीं हो सकेगी। कानूनन, ड्राइविंग लाइसेंस या पावती फॉर्म को अवश्य ही जमा कराना होगा। आप इस पाबंदी के ख़िलाफ़ उस कोर्ट ऑफ़ कॉमन प्लीज़ (सिविल डिवीजन) में अपील जमा कर सकते हैं जो आपके निवासस्थान वाले काउंटी के तहत आते हैं। विभाग द्वारा नोटिस भेजे जाने की तिथि के 30 दिनों के भीतर अपील दायर की जानी चाहिए। अनुमोदन की सेवा के अलावा, आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को बहाल करने से पहले सभी बहाली आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को बहाल करने के बाद, आपका ड्राइविंग रिकॉर्ड पांच (5) पॉइंट दिखाएगा, भले ही आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को निलंबित करने से पहले आपके रिकॉर्ड पर दिखाई देने वाले पॉइंट कुछ हों। ऐसा उस स्थिति में नहीं होगा जब :

- छह (6) पॉइंट के दूसरे संचय के लिए सुनवाई के परिणामस्वरूप 15 दिन का निलंबन।
- सम्मन का जवाब देने में विफल रहने पर निलंबन।

बीमा के बिना ड्राइविंग

- पेनसिल्वेनिया राज्य के कानून के अनुसार, **आपको हर समय अपने पंजीकृत वाहन पर ऑटोमोबाइल देयता बीमा बनाए रखना चाहिए।**
- यदि पेनडॉट पाता है कि आपका वाहन 31 दिनों या उससे अधिक समय तक बीमा कवरेज के बिना था, तो आपका पंजीकरण तीन (3) महीनों के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, यदि आपने बीमा के बिना अपना वाहन चलाया है या उसे चलाने की अनुमति दी है, तो आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार भी तीन (3 महीने) की अवधि के लिए निलंबित कर दिया जाएगा।
- अपना ड्राइविंग विशेषाधिकार और पंजीकरण बहाल करने के लिए, आपको निम्नलिखित दस्तावेज़ जमा कराने होंगें :
  - ✦ सबूत कि आपका वाहन इस समय बीमित है।
  - ✦ आवश्यक बहाली शुल्क।

अगर पुलिस आपको रोकती है तो आपको क्या करना चाहिए

कानून प्रवर्तन अधिकारी पेनसिल्वेनिया मोटर वाहन कानून का उल्लंघन करने के आरोप में ऐसे व्यक्ति के ख़िलाफ़ लिखित ट्रैफ़िक सम्मन जारी करते हैं। स्टॉप के समय आपको अधिकारी के निर्देशों का पालन करना चाहिए नहीं तो आपको गिरफ्तार किया जा सकता है। आपको पता होना चाहिए कि जब कोई पुलिस अधिकारी पुलिस की गाड़ी के ऊपर चमकती लाल और नीली बत्ती को सक्रिय करता है तो वह यह संकेत दे रहा है कि आप अपनी गाड़ी को एक साइड पर लगा लें। कई मौक़ों पर ऐसा भी पुलिस वाहन होता है जो चिन्हित नहीं होता है और उस पर सिर्फ़ चमकती लाल बत्ती ही लगी होती है।

जब कभी कोई पुलिस वाहन आपके पीछे आकर रुक जाता है, तो अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए पुलिस आपको ये करने की सलाह देती है :

- अपने टर्न सिग्नल को सक्रिय करें और सड़क के दाहिने किनारे तक जितना संभव हो उतना सुरक्षित रूप से ड्राइव करें, रुकें, और अपने वाहन को सुरक्षित रूप से यातायात से दूर पार्क करें।
- अपने इंजन और रेडियो को बंद करें, और अपनी खिड़की के शीशे को नीचे करें ताकि आप अधिकारी के साथ संवाद कर सकें।
- अगर रात है तो जैसे ही आप रुकते हैं, तो इससे पहले कि अधिकारी आपके पास आए, सबसे पहले अपने वाहन के अंदर की बत्ती को जलाएँ।
- अपनी और अपने यात्रियों की हरकतों को सीमित करें - वाहन में किसी भी चीज को उठाने की कोशिश नहीं करें।
- यदि आप किसी भी तरह का आग्नेयास्त्र ले जा रहे हैं, तो तुरंत अधिकारी को सूचित करें।
- अपने हाथों को स्टीयरिंग व्हील पर रखें, और किसी भी यात्री को अपने हाथों को इस तरह रखने को कहें ताकि वे स्पष्ट रूप से दिख सकें।
- अधिकारी के गाड़ी के पास आते समय अपने वाहन के दरवाजे बंद रखें, और अपने वाहन के अंदर रहें, जब तक कि अधिकारी आपको बाहर निकलने के लिए न कहे।
- अपनी सीट बेल्ट को तब तक बांधे रखें जब तक कि अधिकारी ने आपको उचित रूप से संयमित स्थिति में न देख ले।
- जब तक अधिकारी आपसे अपना ड्राइवर लाइसेंस, पंजीकरण और बीमा कार्ड दिखाने के लिए नहीं कहता तब तक प्रतीक्षा करें। अधिकारी को अपना बटुआ न सौंपें - केवल वही वस्तुएँ दें जिसकी मांग की गई है।
- हमेशा विनम्र बने रहें। अधिकारी आपको बताएगा कि आपने क्या गलत किया। आपको केवल चेतावनी भर दी जा सकती है या आपको ट्रैफ़िक उल्लंघन के लिए बुलाया जा सकता है। यदि आप सम्मन से असहमत हैं, तो आप अदालत की सुनवाई के हकदार हैं जहां आप अपने तर्क प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिकारी के साथ घटनास्थल पर बहस करना आपके हित में नहीं है। यदि आपको लगता है कि आपके साथ पेशेवर तरीके से व्यवहार नहीं किया गया है, तो आपको ट्रैफ़िक रुकने के बाद उपयुक्त पुलिस विभाग से संपर्क करना चाहिए, और पर्यवेक्षक की सेवा प्राप्त करने का आग्रह करना चाहिए।

याद रखें, पुलिस लाइट्स लाल और नीले रंग की हो सकती हैं, या केवल चिह्नित पुलिस वाहनों पर लाल हो सकती हैं। आप इन लाइटों के अलावा चमकती सफेद रोशनी भी देख सकते हैं। **यदि वाहन केवल नीली बत्ती चमकाती है, तो वह पुलिस अधिकारी नहीं है**। अगर आपको लाल और नीली बत्तियाँ जलती-बुझती दिखती हैं या केवल लाल बत्तियाँ जलती-बुझती हैं और आप अभी भी निश्चित नहीं हैं कि आपको अपनी गाड़ी साइड करने के लिए कहने वाला व्यक्ति वास्तव में एक पुलिस अधिकारी है, तो आप निकटतम अच्छी तरह से प्रकाशित जगह जहाँ पर ज़्यादा लोग हैं, पर यह जताइए कि गाड़ी को साइड में लगाने के अधिकारी के आग्रह को आपने समझ लिया है और इसलिए अपने फ़्लैशर्स को चालू करके और कम गति से गाड़ी चलाएं। आप अधिकारी से उसका पहचान पत्र दिखाने को कह सकते हैं, और उसे ऐसा करना चाहिए यदि वह व्यक्ति जिसने आपको रोका है वर्दी में नहीं है या उसके पास कोई चिह्नित वाहन नहीं है। अचिह्नित वाहनों में अधिकांश अधिकारी पुलिस की वर्दी में होते हैं, और पुलिस अधिकारियों के पास हमेशा एक फोटो आईडी कार्ड और बैज होता है।

दुर्घटनाएं

यदि आप दुर्घटना में शामिल नहीं हैं या यदि आपातकालीन सहायता अभी तक नहीं आई है, तो किसी दुर्घटना होने की स्थिति में आप वहाँ नहीं रुकें। अपना ध्यान अपनी ड्राइविंग पर रखें और ऐसे लोगों की तलाश में रहें, जो सड़क पर या उसके आसपास हों। पुलिस, अग्निशमन, एंबुलेंस, टो ट्रक और अन्य बचाव वाहनों के रास्ते को अवरुद्ध न करें।

यदि आप किसी दुर्घटना में शामिल हैं, तो आपको निम्नलिखित कार्य करने चाहिए:

1. दुर्घटनास्थल पर या उसके पास अपना वाहन रोकें। यदि आप कर सकते हैं, तो अपने वाहन को सड़क से दूर ले जाएं ताकि आप यातायात को अवरुद्ध न करें। जब ट्रेफ़िक रुक जाता है या शुरुआती क्रैश के कारण ट्रेफ़िक धीमा हो जाता है तब कई क्रैश हो जाते हैं।
2. अगर किसी को चोट लगी है या कोई मर गया है तो पुलिस को बुलाइए। यदि वाहनों के चालक आहत हैं और पुलिस को फोन नहीं कर सकते हैं, तो दुर्घटनास्थल पर या उसके पास मौजूद गवाहों को मदद के लिए फोन करना चाहिए।
3. किसी भी वाहन को टो करने की आवश्यकता होने पर पुलिस को बुलाएं।
4. दुर्घटना में शामिल अन्य ड्राइवर (रों) से नीचे सूचीबद्ध जानकारी प्राप्त करें:
   - नाम और पते
   - टेलीफोन नंबर
   - पंजीकरण संख्या
   - बीमा कंपनी के नाम और पॉलिसी नंबर
5. दुर्घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों और दुर्घटना के गवाहों के नाम और पते लें।
6. यदि दुर्घटना में कोई पार्क किया गया वाहन शामिल है या संपत्ति को नुकसान हुआ है, तो तुरंत रुकें और मालिक को खोजने का प्रयास करें। यदि उस गाड़ी का मालिक नहीं मिल रहा है जिसको क्षति पहुँची है, तो वहाँ ऐसी जगह एक नोट लिखकर छोड़ दीजिए जिसे सब देख सकें और पुलिस को फोरन बुलाइए। नोट में दुर्घटना की तारीख और समय, आपका नाम और एक टेलीफोन नंबर शामिल होना चाहिए ताकि आपसे सम्पर्क किया जा सके।
7. यदि पुलिस किसी दुर्घटना की जांच नहीं करती है और किसी की मृत्यु हो गई है या कोई घायल हो गया है, या किसी वाहन को टो किया जाना चाहिए, ड्राइवर की दुर्घटना रिपोर्ट फॉर्म (AA-600) पाँच (5) दिनों के भीतर तो यहाँ भेजें:

   PA Department of Transportation
   Bureau of Highway Safety & Traffic Engineering
   P.O. Box 2047
   Harrisburg, PA 17105-2047

कृपया ध्यान दें:

ड्राइवर की दुर्घटना रिपोर्ट फॉर्म (एए-600) प्राप्त करने के लिए, हमारी वेबसाइट पर जाएँ www.dmv.pa.gov, या अपने स्थानीय या राज्य पुलिस से संपर्क करें।

भागना या पुलिस को चकमा देना

हर साल ऐसी लगभग 450 दुर्घटनाएं होती हैं जब चालक पुलिस से भागने या उसको चकमा देने का प्रयास करता है, जिसके परिणामस्वरूप पेनसिल्वेनिया रोडवेज पर ऐसी घटनाएँ होती हैं जिसकी वजह से 40 से 50 लोगों को बड़ी चोट लगती है या मौत हो जाती है।

अगर किसी ड्राइवर को भागने या पुलिस को चकमा देने का दोषी ठहराया जाता है, तो इसका जुर्माना ड्राइविंग विशेषाधिकार का एक साल के लिए निलंबन, $500 का जुर्माना, अदालत की लागत और अन्य शुल्क शामिल हैं और कारावास भी हो सकता है।

अल्कोहल या किसी नियंत्रित पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाना

डीयूआई (नशे के तहत वाहन चलाना) के तहत क्या आता है?

शराब या ड्रग्स के प्रभाव में रहते हुए ड्राइविंग करने का दंड गंभीर है। पेनसिल्वेनिया में, यदि आपकी उम्र शराब पीने की है (21 वर्ष या उससे अधिक), तो यह माना जाता है कि आप "प्रभाव में रहते हुए" ड्राइविंग कर रहे हैं। **यदि आपके रक्त में शराब का स्तर (बीएसी) .08 या अधिक है।** लेकिन बीएसी स्तर के कम होने पर भी आपको डीयूआई का दोषी ठहराया जा सकता है, अगर आपको पुलिस गलत तरीके से ड्राइविंग करने के लिए रोकती है (बहुत धीमी, बहुत तेज, अपनी लेन में इधर उधर गाड़ी दौड़ाना, चौड़े मोड़ लेना, बिना किसी कारण के गाड़ी रोकना, यातायात संकेतों और सिग्नलों को नहीं मानना आदि)।

यदि आपकी आयु 21 वर्ष से कम है, तो पेनसिल्वेनिया का कानून आपको शराब पीकर गाड़ी ड्राइव करने की अनुमति नहीं देता है। अगर आप 21 वर्ष से कम उम्र के हैं और अगर आपके रक्त में शराब का स्तर .02 या उससे अधिक है तो यह माना जाएगा कि आप शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं।

पेनसिल्वेनिया का निहित सहमति क़ानून (शराब या नशीली दवाओं के लिए रासायनिक परीक्षण)

एक चालक के रूप में आपके लिए निहित सहमति क़ानून बहुत महत्वपूर्ण है। रासायनिक परीक्षण जिस क़ानून के तहत आते हैं उसके मुताबिक़ पेनसिल्वेनिया में ड्राइव करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करके आपने इस तरह के परीक्षण के लिए अपनी सहमति दे दी है। यदि पुलिस आपको शराब या ड्रग्स के प्रभाव में ड्राइविंग के लिए गिरफ्तार करती है और आप सांस या रक्त के एक (1) या अधिक रासायनिक परीक्षण करने से इनकार करते हैं, तो आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार एक (1) वर्ष के लिए स्वतः रूप से निलंबित हो जाएगा। यह निलंबन प्रभाव में रहने के दौरान ड्राइविंग के लिए दोषी या त्वरित पुनर्वास विवाद (एआरडी) के लिए लगाए गए निलंबन के अलावा है।

यहां तक कि अगर आपको प्रभाव में रहते हुए ड्राइविंग का दोषी नहीं पाया जाता है, तो भी आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार एक (1) वर्ष के लिए निलंबित कर दिया जाएगा अगर आप पहली बार सांस या रक्त परीक्षण करवाने से मना कर देते हैं। यदि आप परीक्षण देने से इनकार करते हैं और आपको डीयूआई का दोषी पाया जाता है, तो आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को गिरफ्तारी के समय आपके बीएसी स्तर के आधार पर ढाई (2 1/2) वर्ष के लिए निलंबित किया जा सकता है। यदि आपने रासायनिक परीक्षण से इंकार कर दिया है और पहले डीयूआई का दोषी पाये जाने पर रासायनिक परीक्षण से इंकार करने के कारण दंडित हो चुके हैं तो आपको इनकार के लिए 18 महीने के निलंबन साथ ही डीयूआई के लिए दंडित होने की वजह से 18 महीने की और सज़ा सहित कुल तीन (3) वर्ष का निलंबन होगा।

रासायनिक परीक्षण इंकार से संबंधित बहाली शुल्क

जो ड्राइवर रासायनिक परीक्षण के लिए तैयार नहीं होते हैं उन्हें रासायनिक परीक्षण से इनकार से संबंधित बहाली शुल्क का भुगतान करना होगा। पहला अपराध $500 है, दूसरा अपराध $1,000 है, और तीसरा या इसके बाद अपराध होने पर $2,000 है। रासायनिक परीक्षण से इनकार बहाली शुल्क पेनसिल्वेनिया वाहन कोड, शीर्षक 75, धारा 1960 के तहत आवश्यक बहाली शुल्क के अलावा है। रासायनिक परीक्षण से इनकार बहाली शुल्क प्रमाणित चेक या मनी ऑर्डर द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।

गंभीर दंड

इन तीनों (3) चीजों के लिए दंड अधिक गंभीर हो जाता है : आपके रक्त में अल्कोहल की मात्रा जितनी अधिक होती है, चोट उतना ही गंभीर होती है और नशे के प्रभाव में होने के कारण हुई दुर्घटना से क्षति उतनी ही अधिक होती है और इस वजह से आपको डीयूआई के लिए उतना ही गुना ज़्यादा दोषी पाया जाता है।

निम्नलिखित तीन (3) तालिकाएँ हानि के विभिन्न स्तरों पर नशे के प्रभाव में ड्राइविंग के लिए दंड को संक्षेप में प्रस्तुत करती हैं। इन तालिकाओं में सूचीबद्ध दंड के अलावा, किसी भी स्तर पर हानि के लिए पहले या दूसरे अपराध के लिए शराब संबंधी हाईवे सुरक्षा स्कूल की आवश्यकता होगी। पहली बार और दुबारा डीयूआई का उल्लंघन का दोषी होने और रक्त में शराब का स्तर ज़्यादा होने के कारण अगर उसका परिचालन विशेषाधिकार निलंबित हुआ है क्योंकि उसने रासायनिक परीक्षण से इंकार किया तो ऐसे व्यक्ति को उसके वाहन में इग्निशन इंटरलॉक सिस्टम लगवाना आवश्यक होगा। जिस व्यक्ति के वाहन में इग्निशन इंटरलॉक लगा है वह अगर यह चाहता है कि उसका परिचालन विशेषाधिकार बहाल हो तो उसे प्रतिबंधित लाइसेन्स जारी किए जाने की पूर्व शर्त के रूप में किसी भी मोटर वाहन को इग्निशन इंटरलॉक सिस्टम से लैस किया जाना है और यह प्रतिबंधित लाइसेन्स की अवधि तक इसी स्थिति में रहेगा, अगर उसके पास अपना मोटर वाहन नहीं है, या उसके नाम में पंजीकृत नहीं है या जिसे वह चला सकता है ताकि पेनडॉट के नियमनों के अनुसार उसको प्रमाणित किया जा सके। आपके लिए पहले और बाद के अपराधों की वजह से किसी भी स्तर की हानि के लिए शराबखोरी की जांच और उपचार से गुजरने के लिए अदालती आदेश को मानना आवश्यक हो सकता है। इसके अलावा, न्यायाधीश 150 घंटे की सामुदायिक सेवा करने का आदेश भी दे सकता है।

यदि आपकी आयु 21 वर्ष से कम है और आपको नशे के प्रभाव में ड्राइविंग का दोषी ठहराया गया है (आपका बीएसी .02 या अधिक है), तो आप टेबल 2 में "उच्च दर" में सूचीबद्ध दंड के अधीन होंगे, भले ही आपका बीएसी ऐसे दंड के लिए निर्दिष्ट स्तरों की तुलना में कम क्यों न हो।

यदि आप किसी दुर्घटना में शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप शारीरिक चोट लगी है, किसी की मौत या संपत्ति की क्षति होती है, तो आप तालिका 1, "सामान्य दुष्प्रभाव" में सूचीबद्ध लोगों के बजाय तालिका 2, "उच्च दर" में सूचीबद्ध दंड के अधीन हैं, भले ही आपका बीएसी तालिका 2 में "उच्च दर" के तहत सूचीबद्ध स्तरों की तुलना में कम है।

जो कोई भी व्यक्ति नियंत्रित पदार्थों के प्रभाव में वाहन ड्राइव करता है और वे ड्राइवर जो रासायनिक परीक्षण से इनकार करते हैं तो वे तालिका 3 में सूचीबद्ध "उच्च दर" के दंड के अधीन है।

नशे के प्रभाव की उच्च और उच्चतम दरों पर पहले अपराध के लिए, आपको त्वरित पुनर्वास विवाद (ARD) कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है।

टेबल 1 - सामान्य क्षति : रक्त में शराब की मौजूदगी (बीएसी) .08 से .099 *(टिप्पणी: ये दंड उन ड्राइवरों पर लागू होते हैं जो उम्र के लिहाज़ से क़ानून शराब पी सकते हैं।)*			
दंड	**पहला अपराध**	**दूसरा अपराध**	**तीसरा अपराध**
सजा	6 माह की परिवीक्षा	5 दिन से 6 महीने की जेल	10 दिन से 2 साल तक की जेल
जुर्माना	$300	$300 - $2,500	$500 - $5,000
लाइसेंस	कोई कार्रवाई नहीं	12-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक की ज़रूरत	12-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक की ज़रूरत

टेबल 2 - उच्च दर: रक्त में शराब की मौजूदगी (बीएसी) .10 से .159 (टिप्पणी: यह तालिका 21 वर्ष से कम आयु के ड्राइवरों के लिए .02 या अधिक के बीएसी पर भी लागू होती है; .04 या अधिक के बीएसी के साथ वाणिज्यिक वाहन चालक; .02 या अधिक के बीएसी के साथ स्कूल बस चालक; और .08 से .099 के बीएसी वाले ऐसे ड्राइवर जो दुर्घटना में शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर शारीरिक चोट, मृत्यु या वाहन को क्षति होती है।)			
जुर्माना	**पहला अपराध**	**दूसरा अपराध**	**तीसरा अपराध**
सजा	2 दिन से 6 महीने की जेल	30 दिन से 6 महीने की जेल	90 दिन से 5 साल तक की जेल
जुर्माना	$500 - $5,000	$750 - $5,000	$1,500 - $10,000
लाइसेंस	12-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक की ज़रूरत	12-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक की ज़रूरत	18-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक की ज़रूरत

टेबल 3 - उच्चतम दर: रक्त में शराब की मौजूदगी (बीएसी) .16 या उससे अधिक (टिप्पणी: यह तालिका उन ड्राइवरों पर भी लागू होती है जो किसी भी बीएसी स्तर पर रासायनिक परीक्षण से इनकार करते हैं और अनुसूची I, II या III के तहत आने वाले पदार्थों के प्रभाव में ड्राइविंग के दोषी हैं जिसकी किसी भी अन्य दवा या शराब या किसी सूँघने वाली वस्तुओं के साथ चिकित्सकीय रूप से प्रयोग की इजाज़त नहीं है।			
जुर्माना	**पहला अपराध**	**दूसरा अपराध**	**तीसरा अपराध**
सज़ा	3 दिन से 6 महीने की जेल	90 दिन से 5 साल तक की जेल	1 साल से 5 साल तक की जेल
जुर्माना	$1,000 - $5,000	$1,500	$ 2,500 न्यूनतम
लाइसेंस	12-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक आवश्यकता	18-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक आवश्यकता	18-महीने का निलंबन और 1 वर्ष तक इग्निशन इंटरलॉक आवश्यकता

यदि आपके जुर्माने में छह (6) महीनों की अधिकतम परिवीक्षा या जेल अवधि शामिल है (आप किसी भी स्तर पर पहली बार अपराधी हैं या "सामान्य दुष्प्रभाव" या "उच्च दर" में दूसरी बार अपराधी हैं) तो आपके डीयूआई अपराध को अनियोजित दुर्व्यवहार के रूप में दिखाया गया है। अनियोजित दुर्व्यवहार के आरोप का मतलब है कि यदि आप केस लड़ते हैं, तो आप जूरी ट्रायल के हकदार नहीं हैं।

दुष्प्रभाव की उच्च और उच्चतम दरों पर पहले अपराध के लिए, आपको त्वरित पुनर्वास विवाद (एआरडी) कार्यक्रम में स्वीकार किया जा सकता है।

यदि आप एआरडी कार्यक्रम में स्वीकार किए जाते हैं, तो आप निम्न कार्य करेंगे:

- एआरडी की वजह से 90 दिनों के लिए अपना लाइसेंस खो देंगे।
- छह (6) महीनों के लिए अदालत की निगरानी में रहेंगे।
- संबंधित शुल्क और अन्य लागतों के अलावा $300 से $5,000 के बीच का जुर्माना भरेंगे।
- शराब और नशीली दवाओं के मूल्यांकन से गुजरना होगा।
- यदि आवश्यक हो तो शराब और नशीली दवाओं के पुनर्वास उपचार से गुजरना होगा।
- शराब संबंधी हाईवे सुरक्षा स्कूल के 12 1/2 घंटे में भाग लेंगे।

शून्य सहनता कानून (21 डीआईयू के तहत)

शून्य सहनता कानून 21 वर्ष से कम आयु के उन लोगों के लिए गंभीर परिणाम स्थापित करता है, जो अपने खून में अल्कोहल की मात्रा के साथ ड्राइव करते हैं। कानून ने नाबालिगों (21 वर्ष से कम उम्र) के लिए रक्त में शराब की मौजूदगी (बीएसी) के प्रभाव के तहत ड्राइविंग का आरोप लगाने के लिए बीएसी स्तर को .08 से घटाकर .02 कर दिया।

शून्य सहनता क्यों?

ट्रैफिक क्रैश संयुक्त राज्य में किशोरों की मृत्यु का पहले (1) नम्बर का कारण है।

ड्राइविंग में कई कार्य शामिल हैं जिसकी माँगें लगातार बदलती रहती हैं। सुरक्षित रूप से ड्राइव करने के लिए, आपको अवश्य ही सतर्क रहना चाहिए, माहौल में बदलाव के आधार पर निर्णय लेने और इन निर्णयों के आधार पर ज़रूरी बदलाव करने में सक्षम होना चाहिए। शराब पीने से इन कार्यों को करने के लिए आवश्यक कौशलों के प्रयोग की क्षमता बाधित होती है।

यदि आप 21 वर्ष से कम उम्र के हैं और पहली बार डीयूआई के दोषी हैं, तो आप दो (2) दिनों से लेकर छह (6) महीने तक की अवधि के लिए जेल जाएंगे, आपका लाइसेंस पूरे वर्ष के लिए निलंबित कर दिया जाएगा, और आपको $500 से $5,000 का जुर्माना भरना होगा।

कम उम्र में शराब पीना

यदि आपकी उम्र 21 वर्ष से कम है, तो शराब खरीदना, शराब का सेवन करना, आपके कब्जे में शराब होना या आप वाहन चला रहे हों उस वाहन में शराब रखना कानून के खिलाफ है। इसके अलावा, यदि आपकी उम्र कम है और आप खून, सांस और/या मूत्र परीक्षण के लिए गिरफ्तार किए गए हैं और हिरासत में लिए गए हैं, तो इन परीक्षणों का संचालन करने के लिए माता-पिता की सहमति की आवश्यकता नहीं है, लेकिन पुलिस आपके माता-पिता को आपकी गिरफ्तारी की सूचना देगी। शराब पीने की उम्र नहीं होने के बावजूद शराब पीने पर $500 तक का जुर्माना और अदालत ख़र्च देना पड़ सकता है।

अदालतों को शराब पीने के आप कितने आदी हैं इसका मूल्यांकन करने की आवश्यकता हो सकती है और आपको शराब संबंधी शिक्षा, हस्तक्षेप या परामर्श के सफलतापूर्वक कार्यक्रम को पूरा करने की भी ज़रूरत हो सकती है।

एक तथ्य और : 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति के लिए शराब का सेवन, उसे अपने पास रखना या उसको एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना कानून के खिलाफ है।

परिणाम भुगतने का जोखिम न उठाएँ।

ऐसे वयस्क, यहां तक कि माता-पिता, जो जानबूझकर नाबालिगों को शराब की आपूर्ति के दोषी हैं, उन्हें पहले अपराध के लिए कम से कम $1,000 और प्रत्येक अन्य अपराध के लिए $2,500 का जुर्माना देना होगा और जेल में एक वर्ष तक की सजा का सामना कर सकते हैं। अगर कोई मेहमान किसी के घर शराब पीता है तो इसके लिए भी वयस्कों को ज़िम्मेदार माना जाएगा। उदाहरण के लिए, आपके घर में एक पार्टी के लिए 17 किशोर जमा हुए और और उन्होंने शराब पी तो इस पार्टी की वजह से आपको $41,000 की चपत लग सकती है। मतलब शराब पीने वाले प्रथम किशोर के लिए $1,000 और 16 अन्य पीने वालों में से प्रत्येक के लिए $2,500 देने होंगे।

ड्राइवर का लाइसेन्स क़रार (डीएलसी)

डीएलसी सदस्य राज्यों और कोलंबिया जिले के बीच हुआ क़रार है जिसका उद्देश्य देश भर में क़ानून को लागू करने के प्रयासों को अधिकतम करना है। डीएलसी, जिसको सदस्य राज्य मानने और लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उसके प्रमुख प्रावधान हैं:

- "एक ड्राइवर लाइसेंस" अवधारणा, जिसे किसी अन्य राज्य में ड्राइवर के लाइसेंस के लिए आवेदन करने पर आउट-ऑफ-स्टेट ड्राइवर लाइसेंस को जमा करने की आवश्यकता होती है।
- "एक ड्राइवर रिकॉर्ड" अवधारणा, जिसके लिए यह आवश्यक है कि गृह राज्य में ड्राइविंग पात्रता निर्धारित करने के लिए ड्राइवर के निवास वाले राज्य में एक पूर्ण ड्राइवर रिकॉर्ड बनाए रखा जाए, साथ ही साथ अन्य न्यायिक क्षेत्राधिकार में उनके गैर-निवासी ऑपरेटर के विशेषाधिकार के लिए भी रिकॉर्ड बनाए रखा जाए।
- सभी ट्रैफ़िक सजाओं और ड्राइवर के लाइसेंस के निलंबन / राज्य के बाहर के ड्राइवर लाइसेंस को वापस लेने की जानकारी गृह राज्य की लाइसेंस जारी करने वाली एजेंसी को देना साथ ही अन्य उचित जानकारी की सूचना उपलब्ध कराना ।
- ड्राइवरों के साथ समान व्यवहार का आश्वासन देने और अन्य राज्यों में किए गए अपराधों को ऐसे मानना जैसे कि वह उसके गृह राज्य में हुआ है।

निम्नलिखित अपराध, यदि सदस्य राज्य में होता है तो माना जाएगा कि यह अपराध पेनसिल्वेनिया में हुआ है, और हमारे वाहन संहिता के प्रावधानों के तहत उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी:

- वाहन चलाने की वजह से मानव हत्या या लापरवाही के कारण हुई मौत (धारा 3732)।

- शराब के नशे या मादक पदार्थों के प्रभाव में वाहन चलाने की वजह से चालक को वाहन चलाने में असमर्थ करना (धारा 3802)।
- किसी वाहन दुर्घटना की स्थिति में जब किसी व्यक्ति की मौत हो गयी हो या कोई घायल हो गया हो और उस स्थिति में सहायता करने में विफल रहना (धारा 3742)।
- कोई फेलोनी श्रेणी का अपराध करने में वाहन का उपयोग (अपराध संहिता और खतरनाक औषधि अधिनियम अपराध)।

राज्य के बाहर से आए सम्मन का प्रत्युत्तर नहीं देने से आपका पेनसिल्वेनिया ड्राइविंग विशेषाधिकार अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया जाएगा और यह तब तक निलंबित रहेगा जब तक कि उस जगह से आए सम्मन का जवाब नहीं दिया जाए।

अध्याय 4 समीक्षा प्रश्न

1. इस राज्य में शराब पीने की न्यूनतम उम्र सीमा _____ वर्ष

A. 9
B. 20
C. 21
D. 18

---

2. 16 साल से कम उम्र के लोग जो फ़र्ज़ी पहचान के आधार पर शराब ख़रीदते हैं, तो :

A. उसे ड्राइविंग निलंबन की सूचना दी जाती है और यह उनके 16 वें जन्मदिन पर प्रभाव में आता है
B. वह अपने 21 वें जन्मदिन से पहले ड्राइवर बनने की परीक्षा नहीं दे सकता
C. उसका ड्राइविंग निलंबन उसके 21 वें जन्मदिन पर शुरू होता है
D. शराब सुरक्षा शिक्षा कक्षा में भेजा जाएगा

---

3. यदि 21 वर्ष से कम आयु का कोई व्यक्ति शराब पीता है पर वाहन नहीं चलाता है तो ऐसे व्यक्ति के लिए प्रथम अपराध पर मिलने वाला दंड है :

A. 90-दिन का ड्राइवर लाइसेंस निलंबन और 500 डॉलर तक का जुर्माना
B. 6 महीने की परिवीक्षा
C. सुधार संस्था में समय बितानी की सजा
D. ड्राइविंग रिकॉर्ड पर पॉइंट

---

4. साँस, रक्त और मूत्र की जाँच के लिए माता-पिता की अनुमति :

A. आवश्यक नहीं है
B. माता-पिता में से किसी एक की अनुमति काफ़ी है
C. इसकी ज़रूरत तब है जब व्यक्ति 16 वर्ष से कम उम्र का है
D. माता-पिता दोनों से आवश्यक

---

5. 21 वर्ष से कम आयु के किसी के भी लिए शराब _____ ग़ैरक़ानूनी है।

A. के विज्ञापन वाले कपड़े पहनना
B. की उपस्थिति में होना
C. पीना
D. परोसना

---

6. 21 वर्ष से कम आयु के किसी के भी लिए शराब _____ ग़ैरक़ानूनी है।

A. के विज्ञापन वाले कपड़े पहनना
B. अपने पास रखना
C. परोसना
D. की उपस्थिति में रहना

---

7. 21 वर्ष से कम आयु के किसी के भी लिए शराब _____ ग़ैरक़ानूनी है।

A. परोसना
B. के विज्ञापन वाले कपड़े पहनना
C. की उपस्थिति में रहना
D. लाना-ले जाना

---

8. शराब पीकर वाहन चलाने की एक सज़ा है:

A. 5 - वर्ष के लिए ड्राइवर लाइसेंस का निलंबन
B. $100.00 का जुर्माना
C. शराब संबंधी हाईवे सुरक्षा स्कूल में शिक्षा
D. जेल में 12 - घंटे की सजा

9. यदि आपको शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए गिरफ़्तार किया गया है और आप रक्त परीक्षण से मना कर रहे हैं तो आपको मिलेगा:

A. दवा परामर्श उपचार
B. जेल में एक दिन की सजा
C. चालक लाइसेंस का निलंबन
D. $300.00 का जुर्माना

10. यदि कोई पुलिस अधिकारी चाहता है कि आप रक्त, साँस या मूत्र परीक्षण दें, तो आप:

A. वह परीक्षण चुनें जिसे आप पसंद करते हैं
B. आप एक सहमति फॉर्म पर अवश्य हस्ताक्षर करें
C. अगर आपकी आयु कम है तो आप मना कर सकते हैं
D. आपको परीक्षण अवश्य देना चाहिए, नहीं तो आपका लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा

11. नशे में वाहन चलाने के पहले जुर्म में अगर आपको सज़ा मिली है तो आपके रक्त में शराब की कोई भी मात्रा पाए जाने पर आप :

A. 5 सालों के लिए अपना लाइसेंस खो देंगे।
B. नशे में वाहन चलाने के खतरों पर एक सार्वजनिक शिक्षा का कक्षा संचालन करने को कहा जाएगा
C. आपको प्रतिबंधित व्यावसायिक लाइसेंस के साथ गाड़ी चलाने को कहा जाएगा
D. कम से कम $300 का जुर्माना अदा करेंगे

12. यदि आप 21 वर्ष से कम आयु के हैं, और आप पर नशे में वाहन चलाने का आरोप है यदि आपके रक्त में शराब की मात्रा है

A. .08% या अधिक
B. .10% या अधिक
C. .05% या अधिक
D. .02% या अधिक

13. यदि आपकी आयु 21 वर्ष से कम है और आप पर नशे में गाड़ी चलाने का आरोप है तो आपको प्रथम अपराध के लिए _____के समय के लिए लाइसेंस निलंबन का नोटिस मिलेगा।

A. 60-दिन
B. 30-दिन
C. 6-माह
D. 1-वर्ष

14. यदि आप 21 वर्ष से कम आयु के हैं, और आप एक फ़र्ज़ी आईडी कार्ड रखते हैं, तो आपको $500 का जुर्माना भरना होगा और आपका लाइसेंस 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया जाएगा।

A. केवल अगर आपके रक्त में शराब की मात्रा (बीएसी) .02% या अधिक है
B. भले ही आप गाड़ी न चला रहे हों
C. सिर्फ़ गिरफ्तारी के समय आप गाड़ी चला रहे थे
D. केवल अगर आपके रक्त में शराब की मात्रा (बीएसी) .02% या अधिक है और आप गिरफ्तारी के समय गाड़ी चला रहे थे

15. शून्य सहनता क़ानून ने 21 वर्ष से कम आयु के लोगों पर नशे में वाहन चलाने का आरोप लगाने के लिए रक्त में शराब की मात्रा (बीएसी) को .08% से घटा कर _____ कर दिया है।

A. .02%
B. .05%
C. .07%
D. .00%

16. यदि कोई पुलिस अधिकारी आपको रोकता है, तो आपको चाहिए :

A. अपनी सीट बेल्ट खोल लें और अपनी खिड़की के शीशे को नीचे कर लें
B. अधिकारी के आपकी कार तक पहुंचने से पहले अपने कागज निकाल लें
C. आप अपनी गाड़ी में ही बैठे रहें, आपके हाथ स्टीयरिंग व्हील पर हों और आप अधिकारी की प्रतीक्षा करें
D. आप अपनी कार से बाहर निकलें और गश्ती कार की ओर जाएँ

अध्याय 4 प्रश्नों के उत्तर

1. C
2. A
3. A
4. A
5. C
6. B
7. D
8. C
9. C
10. D
11. D
12. D
13. D
14. B
15. A
16. C

अध्याय 5:
क़ानून और संबंधित मुद्दे

यह अध्याय आपको पेनसिल्वेनिया के हालिया कानूनों या ड्राइवर से संबंधित कानूनों के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा।

पेनसिल्वेनिया कानूनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें www.dmv.pa.gov, सूचना केंद्रों के तहत सूचीबद्ध कानूनों और नियमों का चयन करें।

नाम या पते (एड्रेस) में परिवर्तन के लिए आवश्यक सूचना

पेनसिल्वेनिया वाहन कोड की धारा 1515 के अनुसार, यदि आपका नाम या पता बदल जाता है, तो आपको राज्य से बाहर जाने पर भी उस बदलाव के 15 दिनों के भीतर पेनडॉट को सूचित करना होगा। आप हमारी वेबसाइट पर जाकर अपना पता बदल सकते हैं www.dmv.pa.gov या 717-412-5300 पर हमारे ग्राहक कॉल सेंटर को कॉल करें। पेनसिल्वेनिया वाहन कोड उन लोगों को ड्राइवर लाइसेंस जारी करने पर रोक लगाता है जो पेनसिल्वेनिया के निवासी नहीं हैं। क़ानूनन, यदि आप पेनसिल्वेनिया में एक पंजीकृत मतदाता हैं, तो यह आवेदन हमें आपके काउंटी मतदाता पंजीकरण कार्यालय को आपके पते के बदलाव के बारे में सूचित करने की अनुमति देगा। आप वेबसाइट पर उपलब्ध बदलाव/सुधार/रिप्लेसमेंट (फॉर्म डीएल-80) के लिए गैर-वाणिज्यिक चालक लाइसेंस आवेदन को भरकर अपना नाम बदल सकते हैं। आपको नई जानकारियों से लैस ड्राइवर लाइसेंस का अपडेट कार्ड जारी किया जाएगा। यह कार्ड आपको अपने ड्राइविंग लाइसेंस के साथ अपने पास रखना होगा। गैर-वाणिज्यिक चालकों के लिए इस सेवा के लिए कोई शुल्क नहीं है।

सीट बेल्ट से संबंधित क़ानून

पेनसिल्वेनिया वाहन संहिता की धारा 4581 के अनुसार, यह पेनसिल्वेनिया में कानून है कि :

- वाहनों, हल्के ट्रकों और मोटर घरों के सभी ड्राइवरों और आगे की सीट पर बैठने वाले यात्रियों को सीट बेल्ट पहनना चाहिए।
- यदि आप ऐसे यात्रियों को अपने वाहन में ले जा रहे हैं जिनकी उम्र आठ (8) से अधिक या 18 वर्ष से कम है, तो उन्हें सीट बेल्ट पहनना चाहिए भले ही वे वाहन में कहीं भी बैठे हों।
- यदि आप 18 वर्ष से कम उम्र के ड्राइवर हैं, तो यात्रियों की संख्या वाहन में सीट बेल्ट की संख्या से अधिक नहीं होनी चाहिए।

क़ानूनन आपको सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। सीट बेल्ट लगाना फ़ायदेमंद होता है।

बहुत से लोग मानते हैं कि वे दुर्घटना में वाहन की सतहों से टकराने से खुद को बचाने के लिए उसमें सवार लोग अपने हाथ और पैरों का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन वे गलत हैं। टक्कर में, आपका वाहन रुक जाता है, लेकिन आपका शरीर उसी गति से तब तक आगे बढ़ रहा होता है जब तक कि यह उपकरण पैनल या विंडशील्ड को टक्कर न दे दे। अधिकांश दुर्घटनाओं में, यात्रियों और चालकों का शरीर कई टन बल के साथ वाहन की आंतरिक सतहों से टकराता है। यह टक्कर इतनी ज़्यादा ताक़त वाली होती है कि सर्वाधिक मज़बूत हाथों और पैरों को भी चकनाचूर कर दे। 30 मील प्रति घंटे की रफ़्तार पर, यह तीन मंजिला इमारत से गिरकर जमीन से टकराने जैसा है। यही कारण है कि आप अपने आप को अपनी बाहों से नहीं बचा सकते। अगर वाहन चालक या यात्री जिसने सीट बेल्ट नहीं लगाया हुआ है, वह वाहन के 12 मील प्रति घंटे की गति से दौड़ने के समय टक्कर होने पर भी मारा जा सकता है।

केवल सीट बेल्ट ही आपके शरीर की गति को सुरक्षित रूप से धीमा कर सकता है। वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद आपके शरीर को रोकने के लिए आपके पास एक सेकंड के 50वें हिस्से के बराबर समय आपके पास होता है। हाथ और पैर उतनी जल्दी से काम नहीं करते हैं, लेकिन सीट बेल्ट करते हैं। सीट बेल्ट आपके शरीर को एक ठोस इंस्ट्रूमेंट पैनल, स्टीयरिंग व्हील या विंडशील्ड की तुलना में कहीं अधिक आराम से धीमा कर देते हैं। दुर्घटना के दौरान, सीट बेल्ट आपके शरीर के बड़े और मजबूत हिस्सों जैसे छाती, कूल्हों और कंधों पर लगने वाले बलों को तेजी से कम कर उस बल को वितरित कर देती है। एयर बैग "कुचले" जाने से बचाने में और ज़्यादा भूमिका अदा करता है। हालांकि, एयर बैग होने के बावजूद सीट बेल्ट लगानी चाहिए।

सीट बेल्ट आपको अपने वाहन के अंदर रोके रखते हैं। अगर आप अपने वाहन से बाहर फेंक दिए जाते हैं तो आपके मरने की आशंका लगभग 25 गुनी अधिक होती है। गाड़ी से बाहर फेंके जाने का स्पष्ट मतलब है आमतौर पर विंडशील्ड से होकर गुजरना और फिर कहीं कठोर सतह पर गिरना। टक्कर में बल इतनी ज़्यादा होता है कि आप 150 फीट (लगभग 15 वाहन लंबाई) तक फेंके जा सकते हैं। यदि टक्कर के कारण आप सड़क पर फेंक दिए जाते हैं तो अन्य वाहनों की चपेट में आकर आपकी मौत हो सकती है। हर पाँच (5) में से जो चार (4) यात्री सड़क पर फेंक दिए जाने के कारण मारे गए, स्पष्ट रूप से वे लोग ज़िंदा रह सकते थे अगर वे वाहन में ही रह जाते और बाहर नहीं फेंके जाते।

सीट बेल्ट और एयर बैग से जान बचती है। ये सबसे अच्छा काम तब करते हैं जब सब लोग सीट बेल्ट लगाए हों और बच्चों को पिछली सीट पर ठीक से सीट बेल्ट बाँधकर बैठाया गया हो।

बच्चों को सीट पर बैठाने संबंधी क़ानून

वाहन दुर्घटनाएं संयुक्त राज्य में बच्चों की मृत्यु और चोट का प्रमुख कारण हैं। पेनसिल्वेनिया में हर साल, दुर्घटनाओं में पांच (5) वर्ष से कम उम्र के लगभग 7,000 बच्चे शामिल होते हैं।

बाल यात्री संरक्षण अधिनियम 229 में कहा गया है कि

- चार वर्ष (4) से कम आयु के बच्चों को संघ द्वारा अनुमोदित बाल यात्री सुरक्षा प्रणाली (बाल सुरक्षा सीट) को सीट बेल्ट से या वाहन के लैच से बाँध कर रखा जाना चाहिए जो कि नए वाहनों में उपलब्ध हैं। इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि बच्चा वाहन में आगे की सीट पर बैठा हुआ है या पीछे की सीट पर।
- चार (4) साल या इससे अधिक उम्र लेकिन आठ (8) साल से कम आयु के बच्चों को संघीय रूप से अनुमोदित बाल सुरक्षा सीट में बाँधकर बैठाना चाहिए और सीट बेल्ट प्रणाली से यह वाहन में पूरी तरह सुरक्षित लगा होना चाहिए। इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि बच्चा वाहन में आगे की सीट पर बैठा है पीछे की सीट पर। बूस्टर सीट्स का इस्तेमाल गोदी और कंधे के बेल्ट के साथ इस्तेमाल किया जाना चाहिए।
- आठ (8) साल या उससे अधिक उम्र लेकिन 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीट बेल्ट में बांधना चाहिए, भले ही वे वाहन में आगे बैठे हों या पीछे की सीट पर
- यह ड्राइवर का दायित्व है कि वह 18 साल से काम उम्र के बच्चों को अनुमोदित बाल यात्री सुरक्षा प्रणाली में सीट से सुरक्षित बाँधकर रखे।

इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जा सकता है और उनसे अदालती ख़र्च की सारी राशि वसूली जाएगी।

2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को एक रीयर-फेसिंग कार की सीट पर सुरक्षित किया जाना चाहिए जब तक कि बच्चा कार सीट निर्माता द्वारा निर्दिष्ट कार सीट के अधिकतम वजन और ऊंचाई की सीमा को पार न कर दे। **अगर एयर बैग मौजूद है तो रीयर-फ़ेसिंग बच्चों की सुरक्षित सीट को कभी भी आगे की सीट पर नहीं लगाएँ।** दुर्घटना होने की स्थिति में, एयर बैग बच्चों की सीट पर पीछे से जबरदस्त ताक़त से टक्कर मारता है जो कि बच्चे के सिर पर लग सकता है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो सकता है या उसकी मृत्यु हो सकती है।

अगर आप आठ वर्ष (8) से कम उम्र के बच्चों को अपनी गाड़ी में ले जा रहे हैं, तो ये बच्चे कानूनन, संघ द्वारा अनुमोदित बाल सुरक्षा सीटों या बूस्टर सीटों पर ही बैठाए जाने चाहिए। वाहन निर्माता के मैनुअल और सीट के साथ आने वाले निर्देशों को पढ़ें ताकि आप जान सकें कि सीट को अपने वाहन से कसकर कैसे बांधे रहें और बच्चों को वाहन की सीट पर सुरक्षित तरीके से कैसे बैठाएँ।.

बच्चों और पालतू जानवरों के लिए सुरक्षा निर्देश

वाहन संबंधी हीटस्ट्रोक को रोकें

जैसे-जैसे बाहर का तापमान बढ़ता है, बच्चों और पालतू जानवरों पर इसके असर पड़ने और गंभीर रूप से घायल होने के खतरे बढ़ जाते हैं या यहां तक कि गर्म कार के अंदर अकेले रहने से वे मरने तक लगते हैं। वाहन जल्दी से गर्म होते हैं - यहां तक कि अगर खिड़की के शीशे दो इंच नीचे है, और अगर बाहर का तापमान 80 डिग्री फ़ेरनहाइट से कम है, तो वाहन के अंदर का तापमान केवल 10 मिनट में घातक स्तर तक पहुंच सकता है।

घातक हीटस्ट्रोक से बचाव के उपाय:

- कभी भी कार में बच्चे या पालतू जानवर को अकेला न छोड़ें, भले ही खिड़कियां आंशिक रूप से खुली हों।
- कभी भी बच्चों को ऐसे वाहन में खेलने न दें जिसमें और कोई नहीं है।
- अपना पर्स, अटैची, सेल फ़ोन, या कुछ ऐसी चीज़ें जिसकी आपको ज़रूरत हो सकती है उन्हें पिछली सीट पर रखें ताकि इन्हें लेने आने पर आप वाहन में छूटे बच्चे को देख सकें।
- जब सीट खाली हो तो कार की सीट पर एक बड़ा टेडी बेयर या इसी तरह के अन्य स्टफ़्ड जानवर रखें। जब आप कार सीट पर बच्चों को रखते है तो दृश्य अनुस्मारक के रूप में कुछ सामानों को अगली सीट पर रखें।
- हीटस्ट्रोक को रोकने के बारे में और जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ https://www.safercar.gov/parents/InandAroundtheCar/heatstroke.htm.

शीतकालीन कोट और कार सीटें

सर्दियों में ठंडे दिनों के आते ही माता-पिता वाहन से यात्रा के दौरान अपने बच्चों को भारी सर्दी में उन्हें गर्म रखने के लिए उनके गरम कपड़े बाहर ले आते हैं। हालांकि, सर्दियों से बचाव के लिए मोटे कोट बच्चों की सुरक्षा को कम कर सकते हैं। सभी कोट और कपड़े दुर्घटना होने की स्थिति में संकुचित हो जाएंगे, लेकिन सर्दियों के मोटे कोट इतना संकुचित हो जाते हैं कि बेल्ट ढीले हो जाते हैं। कार सीट का कवच (हार्नेस) बच्चे को कार की सीट पर सुरक्षित रखता है और दुर्घटना की स्थिति में उसको सर्वाधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे बच्चे के शरीर पर आरामदायक तरीक़े से लगा होना चाहिए। सर्दियों में बच्चों की सुरक्षा के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए पेनडॉट की वेबसाइट पर जाएँ http://www.penndot.gov.

एयर बैग सुरक्षा सूचना

- एयर बैग पूरक सुरक्षा उपाय हैं। गोदी और कंधे का बेल्ट हमेशा पहनना चाहिए। सीट बेल्ट को अपने कूल्हों और कंधे की स्ट्रैप के पार अपनी छाती पर पहनें लेकिन इसे अपनी गर्दन से दूर रखें।
- चालक और सामने की यात्री सीटों को व्यावहारिक रूप से यथासंभव पीछे की ओर ले जाना चाहिए, खासकर छोटे लोगों के लिए। आपको एयर बैग कंपार्टमेंट से यथासंभव दूर बैठाना चाहिए पर यह दूरी इतनी हो कि आप गैस और ब्रेक पैडल, इंस्ट्रुमेंट पैनल और स्टीयरिंग कॉलम पर लगे पैनलों का संचालन आसानी से कर सकें। अगर एयर बैग की मदद लेनी पड़ी तो सुरक्षित होने के लिए आपको स्टीयरिंग व्हील से कम से कम 10 इंच की दूरी पर होना चाहिए।
- स्टीयरिंग व्हील को 9 और 3 बजे या 8 और 4 बजे की घड़ी की स्थिति में पकड़ें। अगर एयर बैग खुलने की नौबत आती है तो यह आपकी कलाई और बाहों को घायल होने या टूटने या आपके चेहरे पर ज़बरदस्ती चोट आने से बचाएगा रखेगा। इसके अलावा, अपने अंगूठे को स्टीयरिंग ह्वील के ऊपर या बाहर रिम पर रखें, बजाय इसके अंदर पकड़ने के।
- पीछे वाली सुरक्षा सीटों पर बैठाए जाने वाले शिशुओं को ऐसे वाहन के सामने वाली सीट पर कभी भी नहीं बैठाना चाहिए जिसमें पैसेंजर के लिए साइड एयर बैग की सुविधा उपलब्ध है।
- यह अनुशंसा की जाती है कि 12 वर्ष और इससे कम उम्र के सभी बच्चों को पीछे की सीट पर बैठाना चाहिए। इसके दो (2) कारण हैं: पहला, अधिकांश टकराव सामने के टकराव होते हैं, इसलिए बच्चों को पीछे की सीट पर बैठाने से वे टक्कर के स्थान से अधिकतम दूरी पर होते हैं; दूसरा, बच्चे अपनी सीटों पर बैठे-बैठे इधर-उधर करते रहते हैं और आगे की सीट पर बैठने के कारण वे एयर बैग के काफ़ी नज़दीक हो सकते हैं। इस तरह टक्कर की स्थिति में अगर आगे का एयर बैग खुलता है तो उन्हें चोट लगने का खतरा रहता है।

विकलांगताग्रस्त अमरीकियों से संबंधित अधिनियम (एडीए)

विकलांगताग्रस्त अमरीकियों के अधिनियम, 1990 के अनुपालन के लिए, पेनडॉट ने सभी ड्राइवर लाइसेंस केंद्रों और फोटो लाइसेंस केंद्रों को शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए सुलभ बना दिया है। इसके अलावा, निम्नलिखित सेवाएं उन लोगों के लिए उपलब्ध हैं जो जानकारी और सड़क परीक्षण देना चाहते हैं और जो सुन या पढ़ नहीं सकते हैं।

जो सुन और देख नहीं सकते हैं उनके लिए दुभाषिया

पेनडॉट का ड्राइवर लाइसेंसिंग ब्यूरो उन व्यक्तियों के लिए अनुरोध पर दुभाषिये की व्यवस्था करेगा जो सुन नहीं सकते और सांकेतिक भाषा के उपयोग के माध्यम से संवाद करते हैं। यह सेवा उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध है जो ड्राइवर का ज्ञान और / या सड़क परीक्षण देना चाहते हैं या उन्हें विशेष पॉइंट परीक्षा देनी होती है।

पेनडॉट के साथ परीक्षण देने से दो (2) सप्ताह पहले शुरुआती संपर्क क़ायम करें और पेनडॉट आपकी पसंद के दुभाषिये के इंतज़ाम की पूरी कोशिश करेगा।

दुभाषिये मौजूद हों इसके लिए आपको अवश्य ही

1. अपना परीक्षण लेने के लिए 717-412-5300 पर कॉल कर समय निर्धारित करें। यदि आप टीडीडी का उपयोग करते हैं, तो आपको 711 पर कॉल करना चाहिए। यह बताएँ कि किस ड्राइवर लाइसेंस केंद्र पर आप परीक्षा देना चाहते हैं और ऐसी कम से कम तीन (3) तिथियां दें जिस पर आप परीक्षण के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

   परीक्षा देने के लिए अपॉइंटमेंट का समय निर्धारित करते समय, आप पेनसिल्वेनिया रिले सेवा का उपयोग भी कर सकते हैं। यह सेवा ऐसे दो व्यक्तियों के बीच टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराती है जिसमें एक के पास टीडीडी प्रणाली है और पर दूसरे के पास नहीं है। इस प्रणाली में एक ऑपरेटर होता है जो सुनने वाले और नहीं सुनने वाले के बीच संवाद के लिए मध्यस्थ का काम करता है। यदि आपके पास टीडीडी प्रणाली है, तो आपको पेनसिल्वेनिया रिले सेवा का उपयोग करते समय 1-800-654-5984 का उपयोग करना चाहिए। यदि आप सेवा को सुननेवाले कॉलर के रूप में प्रयोग कर रहे हैं, तो आपको 1-800-654-5988 का उपयोग करना चाहिए। जब किसी दुभाषिया को परीक्षण में आपकी मदद के लिए रखा गया है, तो आपको अपनी परीक्षा की तारीख की पुष्टि करने के लिए कॉल किया जाएगा।
2. अपनी अपोईंटमेंट निर्धारित करते समय, आपको यह संकेत देना चाहिए कि क्या आप किसी विशेष तरह की सांकेतिक भाषा का उपयोग करना पसंद करते हैं। इसके उपलब्ध प्रकार हैं:
   - अमेरिकन साइन लैंग्वेज (एएसएल)
   - पिजिन साइन लैंग्वेज (पीएसई)
   - सटीक सांकेतिक अंग्रेज़ी (एसईई)
   - एक मौखिक दुभाषिया (ऐसा व्यक्ति जो होंठ पढ़ता है)

वैकल्पिक परीक्षण विधि

ज्ञान का परीक्षण देने वाले कुछ लोगों को पढ़ने में परेशानी हो सकती है या कुछ मामलों में, वे पढ़ने में सक्षम नहीं हो सकते हैं और यदि उन्हें परीक्षण के प्रश्नों को पढ़ा गया तो वे अधिक सहज महसूस करेंगे। अनुरोध पर, आवाज़ परीक्षण की सुविधा सभी कॉमनवेल्थ ड्राइवर लाइसेंस केंद्रों पर उपलब्ध है।

विकलांग व्यक्तियों के लिए पार्किंग की जगह

पेनसिल्वेनिया कानून के अनुसार, विकलांग व्यक्तियों के लिए एक निर्दिष्ट पार्किंग क्षेत्र में कानूनी रूप से पार्क करने से पहले दो (2) आवश्यक शर्तें हैं:

1. पार्क किए जा रहे वाहन को विकलांग व्यक्ति या विकलांग अनुभवी पंजीकरण प्लेट/पार्किंग प्लेकार्ड प्रदर्शित करना चाहिए।
2. वाहन को विकलांग व्यक्ति या गंभीर रूप से अक्षम बुज़ुर्ग के परिवहन के लिए या उसके द्वारा संचालित किया जाना चाहिए।

विकलांग व्यक्तियों के लिए पार्किंग क्षेत्र में गैरकानूनी रूप से पार्क किए गए किसी भी वाहन को टोइंग द्वारा वहाँ से हटाकर टोईंग पर आने वाले ख़र्च के भुगतान पर पुनः प्राप्त किया जा सकता है। यह पार्किंग उल्लंघन समरी श्रेणी का अपराध है। इस अपराध के दोषी व्यक्तियों को $50 और $200 के बीच जुर्माना लगेगा।

गंदगी फैलाने के विरुद्ध कानून

यह किसी भी हाईवे पर, किसी भी अन्य सार्वजनिक या निजी संपत्ति पर (मालिकों की सहमति के बिना) या किसी वाहन से, कोई रद्दी कागज, झाड़ बुहारकर कचरा, राख, घरेलू कचरा, कांच, धातु, कूड़ा या कोई खतरनाक या हानिकारक पदार्थ, या ऐसी वस्तुओं को डालने, फेंकने या जमा करने के बाद तुरंत हटाने या पहले बताई गई वस्तुओं को शीघ्र हटाए बिना या उनके हटाए जाने संबंधी कार्य को अंजाम नहीं देना क़ानून के ख़िलाफ़ है। इस कानून का उल्लंघन, और ऐसे किसी भी वाहन जिसके आप ड्राइवर हैं उसमें बैठे किसी व्यक्ति द्वारा इस क़ानून के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर $300 तक का जुर्माना हो सकता है।

वाहन सुरक्षा और उत्सर्जन जाँच

आपके वाहन का प्रत्येक 12 महीनों में एक अधिकृत निरीक्षण स्टेशन पर सुरक्षा जाँच ज़रूरी होगा। स्टिकर पर तारीख आपको बताती है कि आपके वाहन का फिर से निरीक्षण कब किया जाना चाहिए। इसकी समाप्ति तिथि से 90 दिन पहले तक किसी वाहन का निरीक्षण किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि कोई पुलिस अधिकारी आपके वाहन पर दोषपूर्ण उपकरण की जानकारी देता है, तो आपको सम्मन से बचने के लिए इसे पांच (5) दिनों के भीतर ठीक करना होगा। कई काउंटियों में, आपको अपने वाहन का सुरक्षा निरीक्षण पूरा करने से पहले अपनी कार, वैन या लाइट-ड्यूटी ट्रक (मॉडल वर्ष 1975 या नया) के लिए उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली की जाँच पूरी करानी होगी। पेनडॉट द्वारा प्रमाणित निजी स्वामित्व वाले प्रतिष्ठानो में उत्सर्जन निरीक्षण किया जाता है। आपकी काउंटी में किस तरह की आवश्यकताएं हैं इसके बारे में जानने के लिए 1-800-265-0921 पर उत्सर्जन ग्राहक हॉटलाइन को कॉल करें।

सुरक्षित पासिंग कानून है



1. पास करने से पहले, आपको पहले यह तय करना होगा कि आप साइकिल चालक के आसपास वाहन को घुमा-फिरा कर नियंत्रित सकते हैं या नहीं। इस बात की जाँच कर लें कि सामने से वाहन तो नहीं आ रहे हैं। पासिंग के दौरान आपको **कम से कम चार (4) फीट की अनुमति देनी चाहिए** जो आपके वाहन और साइकिल के बीच सुरक्षित पासिंग के लिए चाहिए। यदि आवश्यक हो और यदि आप इसे सुरक्षित रूप से कर सकते हैं, तो आपको केंद्र के दोहरी पीली लाइन को पार करने की अनुमति है ताकि आप अपने वाहन और साइकिल के बीच चार (4) फीट की दूरी बनाए रख सकें।
2. जब तक बाएं नहीं मुड़ते हैं, गुजरते वाहनों की तुलना में अधिक धीमी गति से चलने वाले साइकिल चालकों को सड़क के दाईं ओर रहना चाहिए और शेष ट्रैफ़िक की दिशा में ही यात्रा करनी चाहिए। हालाँकि, ऐसी सड़क जिस पर दोनों ही दिशा में सिर्फ़ एक-एक लेन है, इस ज़रूरत को समाप्त कर दिया जाता है।
3. जब केवल एक यात्रा लेन होती है, तो साइकिल चालक लेन के किसी भी हिस्से का उपयोग सड़क मार्ग पर खतरों से बचने के लिए कर सकते हैं, जिसमें रोकी और खड़ी कारों से सुरक्षित दूरी रखना भी शामिल है।
4. ड्राइवर एक साइकिल चालक के मार्ग में नहीं घुस सकते हैं, जो सीधे सड़क या सड़क के बग़ल में शोल्डर पर चल रहा है।
5. आप एक साइकिल चालक को सड़क से दूर जाने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप पर आपराधिक आरोप लग सकते हैं।
6. साइकिल चालकों को वाहन का ही चालक माना जाता है और उनसे यातायात नियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है; हालाँकि, वे पोस्ट की गई न्यूनतम गति से कम पर यात्रा कर सकते हैं और यातायात को बाधित करने के लिए उन्हें सम्मन नहीं किया जा सकता है। साइकिल चालक सड़क के बग़ल में शोल्डर या उठी जगह पर चलते हैं, लेकिन ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है।

और अधिक जानकारी के लिए पेनसिल्वानिया साइकिल चालक के मैनुअल (पीयूबी 380) को देखा जा सकता है:
http://www.dot.state.pa.us/public/pubsforms/Publications/Pub%20380.pdf

साइकिल चलाने वालों के लिए वाहनों के खुले दरवाज़े का ख़तरा

वाहनों के खुले दरवाजे साइकिल चालकों के लिए बहुत गंभीर खतरा पैदा करते हैं। वाहन का दरवाजा खोलते समय, ड्राइवरों और यात्रियों को निम्नलिखित बात का ध्यान रखने का सुझाव दिया जाता है:

1. अपने रियर-व्यू मिरर में देखें।
2. अपने साइड-व्यू मिरर में देखें।
3. अपने दूर वाले हाथ (वो हाथ जो दरवाज़े से दूर है) से दरवाजा खोलें

इसे "डच रीच" विधि कहा जाता है क्योंकि इसकी उत्पत्ति नीदरलैंड में हुई थी। यह आपके शरीर को मुड़ने के लिए मजबूर करता है, जो आपको साइकिल चालकों से संपर्क करने की अनुमति देगा। यह वाहन के दरवाजे को बहुत तेजी से खोलने से भी रोकता है। यह न केवल साइकिल चालकों की सुरक्षा करता है, बल्कि आपके दरवाजे को एक क्षतिग्रस्त मोटर वाहन से क्षतिग्रस्त होने या फटने से भी रोक सकता है।



साइकिल चालकों को दरवाजे से बचने के लिए खड़ी कारों से कम से कम तीन फीट की सवारी करनी चाहिए, दोनों सड़कों पर और बिना बाइक लेन के। यह साइकिल चालकों को "दरवाज़े के क्षेत्र" के बाहर रखेगा और उन्हें वाहन के दरवाजे खोलने से बचाने में मदद करेगा।

टेक्स्टिंग-विरोधी क़ानून

8 मार्च, 2012 को यह कानून लागू हो गया और कानून का उल्लंघन करना समरी श्रेणी का अपराध है जिसके लिए $50 का जुर्माना देना होता है।

कानून क्या करता है

- इंटरएक्टिव वायरलेस कम्युनिकेशन डिवाइस (आईडब्ल्यूसीडी) को वायरलेस फोन, पर्सनल डिजिटल असिस्टेंट, स्मार्ट फोन, पोर्टेबल या मोबाइल कंप्यूटर या इसी तरह के अन्य उपकरणों के रूप में परिभाषित करता है, जिनका उपयोग इंटरनेट पर टेक्स्टिंग, इंस्टेंट मैसेजिंग, ईमेल या ब्राउजिंग के लिए किया जा सकता है।
- टेक्स्ट संदेश, त्वरित संदेश, ईमेल या अन्य लिखित संचार के रूप में टेक्स्ट-आधारित संचार को परिभाषित करता है जो आईडब्ल्यूसीडी पर लिखा जाता है या प्राप्त होता है।
- यह स्पष्ट करता है कि यह कानून ड्राइवरों द्वारा इंटरएक्टिव वायरलेस उपकरणों के उपयोग को प्रतिबंधित करने वाले किसी भी स्थानीय अध्यादेश की जगह लेता है।

कानून आईडब्ल्यूसीडी को जब्त करने की अनुमति नहीं देता है। टेक्सटिंग पर प्रतिबंध में जीपीएस डिवाइस शामिल नहीं है जो एक ऐसा सिस्टम या डिवाइस है जो किसी वाहन में एक भौतिक यंत्र के रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप से एकीकृत होता है, या यह एक संचार उपकरण जैसा होता है जो एक बड़े पारगमन वाहन, बस या स्कूल बस में लगा दिया जाता है।

ट्रैफ़िक नियंत्रण डिवाइसेस द्वारा दी गई ख़तरनाक स्थितियों के बारे में चेतावनी का पालन करना

यह कानून, जो 6 सितंबर, 2012 को लागू हुआ, के तहत अगर किसी हाईवे को बाढ़ जैसी स्थिति के कारण बंद किया गया है तो इस तरह के संकेतों के बावजूद उधर गाड़ी चलाना अवैध है। इस कानून के उल्लंघन के लिए 2 पॉइंट आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड में जुड़ेंगे और $250 तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा, यदि आपकी वजह से आपातकालीन स्थिति में मदद करने वालों को बुलाया जाता है, तो जुर्माना बढ़कर $500 तक हो जाता है और आपको आपातकालीन मदद पर आने वाले ख़र्चों का भुगतान भी करना होगा।

अध्याय 6:
संदर्भ

यह अध्याय उपयोगी जानकारी, प्रपत्र, प्रकाशन और साहित्य से संबंधित एक त्वरित संदर्भ प्रदान करेगा।

ग्राहक कॉल सेंटर

ड्राइवर और वाहन सेवाओं के बारे में जानकारी टच टोन टेलीफोन का उपयोग करते हुए 24 घंटे उपलब्ध है।

ग्राहक सेवा प्रतिनिधि सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे के बीच उपलब्ध हैं

प्रमुख छुट्टियों को छोड़कर प्रत्यक्ष सहायता के लिए: 717-412-5300 टीडीडी: 711

रोड टेस्ट और विशेष पॉइंट जाँच अपाइंटमेंट

विशेष पॉइंट परीक्षा और गैर-वाणिज्यिक रोड टेस्ट लेने के लिए अपाइंटमेंट लेना चाहिए। जब आप रोड टेस्ट या स्पेशल प्वाइंट परीक्षा देने के लिए तैयार होते हैं, तो आप ड्राइवर और वाहन सेवा वेबसाइट www.dmv.pa.gov के माध्यम से अपना परीक्षण ऑनलाइन निर्धारित कर सकते हैं। यदि आपकी पहुँच इंटरनेट तक नहीं है, तो आप छुट्टियों को छोड़कर, शुक्रवार से सोमवार 8 बजे से 5 बजे के बीच 1-800-423-5542 पर कॉल करके अपना परीक्षण निर्धारित कर सकते हैं।

याद रखें: यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो आप अपने शिक्षार्थी का परमिट प्राप्त करने के बाद छह (6) महीने के भीतर अपना रोड टेस्ट नहीं ले सकते हैं और आपको 65-घंटे के वाहन चालन की कौशल निर्माण की आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

गैर सीडीएल तृतीय पक्ष का परीक्षण कार्यक्रम

पेनडॉट ने बाजार-संचालित शुल्क के लिए सड़क परीक्षण को संचालित करने के लिए तीसरे पक्ष के व्यवसायों को प्रमाणित किया है। सभी तृतीय-पक्ष परीक्षक पेनडॉट-प्रमाणित हैं और परीक्षण उस परीक्षण के समान है जो आप पेनडॉट के लाइसेंस केंद्र पर देंगे। अपने क्षेत्र में भाग लेने वाले व्यवसायों की सूची के लिए जाएँ www.dmv.pa.gov

इंटरनेट पर विभागीय फ़ॉर्म और प्रकाशन

ड्राइवर लाइसेंस और मोटर वाहनों से संबंधित सूचना, फॉर्म, प्रकाशन और तथ्य पत्रक ग्राहक की सुविधा के लिए उपलब्ध हैं और पेनडॉट के चालक और वाहन सेवा वेबसाइट पर स्थित हैं www.dmv.pa.gov.

राज्यव्यापी और काउंटी मानचित्र

राज्यव्यापी और काउंटी मानचित्रों की जानकारी के लिए 1-717-787-6746, सोमवार से शुक्रवार तक, छुट्टियों को छोड़कर, सुबह 8 से 4 बजे के बीच कॉल कर सकते हैं।

अन्य सूचना

संयुक्त राज्य अमेरिका के परिवहन विभाग में 1-800-424-9393 पर या इंटरनेट पर एक ऑटो सुरक्षा हॉटलाइन है www.nhtsa.dot.gov.

511पीए

511पीए, मुफ्त, 24 घंटे की सूचना सेवाएं प्रदान करता है जिसमें यातायात में देरी की चेतावनी, मौसम का पूर्वानुमान, क्षेत्रीय पर्यटन की जानकारी और ट्रांजिट एजेंसियों और प्रमुख हवाई अड्डों से लिंक शामिल हैं। यह सेवा सेलुलर फोन और लैंड लाइन से या इंटरनेट पर 511 पर कॉल करके या वेब साइट www.511PA.com पर उपलब्ध है। 511पीए रोडवे नेटवर्क में पेनसिल्वेनिया टर्नपाइक सहित सभी 1,759 मील की दूरी के हैरिसबर्ग, फिलाडेल्फिया और पिट्सबर्ग में अन्य प्रमुख रोडवेज व इंटरस्टेट शामिल हैं। इस नेटवर्क पर अधिकांश मामलों के लिए ट्रैफ़िक जानकारी में क्रैश रिपोर्ट, निर्माण गतिविधियों और शीतकालीन सड़क की स्थिति जैसी रिपोर्ट शामिल हैं। इसके अलावा, शहरी क्षेत्रों में कई अंतरराज्यीय और अन्य प्रमुख रोडवेज के लिए औसत यातायात गति उपलब्ध है। उपयोगकर्ता ई-मेल और टेक्स्ट संदेश के माध्यम से प्रदान किए गए व्यक्तिगत यात्री अलर्ट प्राप्त करने के लिए वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करने में सक्षम हैं। पेनडॉट मोटर चालकों को वाहन चलाते समय 511पीए को फोन करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करता है। कॉल करने वालों को सिस्टम को कॉल करने के लिए वाहन को सड़क से सुरक्षित रूप से बाहर निकाल कर, या यात्रा शुरू करने से पहले यात्रा में देरी के लिए जांच करनी चाहिए।

कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता

गैस से चलने वाले सभी वाहन कार्बन मोनोऑक्साइड, एक घातक गंधहीन गैस छोड़ते हैं जो वाहन के निकास पाइप से बाहर निकलती है। आप कार्बन मोनोऑक्साइड गैस को सूंघ नहीं सकते। यदि आपका सिर चकराने लगता है या मिचली आने लगती है, तो यह कार्बन मोनोऑक्साइड से विषाक्तता का संकेत हो सकता है।

कार्बन मोनोऑक्साइड से प्रभावित होने के लक्षण

- थकान और कमजोरी
- चक्कर आना
- सिरदर्द
- मितली या उल्टी
- तेज हृदय गति
- अनियमित श्वास
- भटकाव का भ्रम
- खाँसी
- छाती में दर्द

वाहनों के अंदर कार्बन मोनोऑक्साइड के विषैले प्रभाव से बचने के सुझाव

- आपके वाहन की निकास प्रणाली और मफलरों का नियमित निरीक्षण और रखरखाव आपके वाहन में कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता को रोकने के लिए आवश्यक है। यदि आप अपने निकास प्रणाली के छिद्रों या अन्य कमियों को जान पाते हैं, तो इसे तुरंत एक मोटर वाहन मेकेनिक द्वारा जाँच करवा लें।
- गराज का दरवाज़ा पूरी तरह या आंशिक रूप से नीचे गिराकर अपने वाहन को गर्म न करें। यदि आपका वाहन आपके गराज में चल रहा है तो अपने गराज का दरवाजा पूरी तरह से खोलें।
- यदि आपका वाहन बिना चाबी का है और आप इसे संलग्न गराज में पार्क करते हैं, तो वाहन को बंद करना न भूलें।
- बर्फीले दिनों में, हमेशा वाहन के टेल पाइप का निरीक्षण करें और वहाँ लगी नर्म बर्फ या बर्फ को हटा दें जो आपके वाहन के टेल पाइप में बाधा बन सकती है।
- यदि आप ट्रैफ़िक में फंस गए हैं या रुके हुए वाहन में बैठे हैं, तो एक खिड़की को आंशिक रूप से खोल दें।
- अपने वाहन में बैटरी चालित कार्बन मोनोऑक्साइड डिटेक्टर स्थापित करने पर विचार करें और स्प्रिंग और फाल ऋतुओं में घड़ियों का समय बदलने पर प्रत्येक वर्ष बैटरी की जांच करें या बदलें।
- यदि आपको अपने वाहन में कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का संदेह है, तो वाहन से तुरंत बाहर निकलें, ताजी हवा प्राप्त करें, और तुरंत आपातकालीन चिकित्सा की तलाश करें।

विषय पृष्ठ

अंगदाता जागरूकता ट्रस्ट फंड 2
अंगदाता पदनाम 2
अंतर्राज्यीय (इंटरस्टेट) अंकन (नंबर) प्रणाली 20
अन्य ड्राइवरों को अपनी मंशा से अवगत कराना 43
अन्य सूचना 94
अपाइंटमेंटस्: रोड टेस्ट 5, 94
विशेष पॉइंट जाँच 94
अल्कोहल और ड्राइविंग 33
असावधानी (यह आपकी ड्राइविंग को कैसे प्रभावित करती है) 32
इंटरनेट 92
इमर्जेंसी वाहन 59
उत्सर्जन, वाहन सुरक्षा जाँच 92
एक्सीडेंट *(देखें - दुर्घटनाएं)*
एक्सीलरेटर का चिपकना 62
एड्रेस (पता), बदलना 89
एयर बैग सुरक्षा सूचना 91
कम उम्र में शराब पीना 84
कानून:
कम उम्र में शराब पीना 84
खुली बॉडी वाले ट्रक में यात्री 59
गंदगी फैलाने के विरुद्ध कानून 92
टेक्स्टिंग 93
ट्रैफ़िक नियंत्रण डिवाइसेस द्वारा दी गई ख़तरनाक स्थितियों के बारे में चेतावनी का पालन करना 93
ड्राइवर का लाइसेन्स क़रार (डीएलसी) 84
ड्राइविंग, अल्कोहल या किसी नियंत्रित पदार्थ के प्रभाव में 81
नाम या पता 89
नाम या पते में परिवर्तन के लिए आवश्यक सूचना 89
निहित सहमति (शराब या नशीली दवाओं के लिए रासायनिक परीक्षण) 82
बच्चों और पालतू जानवरों के लिए सुरक्षा निर्देश 90
बच्चों को सीट पर बैठाने संबंधी क़ानून 90
बीमा, बीमे के बिना ड्राइविंग 80
रास्ता छोड़ कर हट जाएं (स्टीर क्लियर) कानून 59
विकलांग व्यक्तियों के लिए पार्किंग की जगह 92
विकलांगताग्रस्त अमरीकियों से संबंधित अधिनियम (एडीए) 91
शून्य सहनता (21 वर्ष से कम DUI) 84
साइकिल 92
सीट बेल्ट 89
स्नो/बर्फ़ हटाना 41
हेडलाइट/विंडशील्ड वाइपर 42
कार्बन मोनोऑक्साइड के विषैले प्रभाव 95
कार्य क्षेत्र (वर्क झोन) 18, 54
कार्य क्षेत्र में संकेत 18
चैनलिंग डिवाइस (व्यवस्था हेतु उपकरण) 19
कोहरा 42
गति प्रबंधन 38
गति:
निर्धारित सीमा 38

विषय पृष्ठ

प्रबंधन 38
गीले पेवमेंट 40, 41
गोलचक्कर 49
गोलाकार मार्ग 49
ग्राहक कॉल सेंटर 94
घुमाव पर चलना 51
घोड़े से खींचे जाने वाले वाहन और घुड़सवार 59
"चार सेकंड का नियम" 35
चेतावनी संकेत 13
चौराहे (इंटरसेक्शंस):
किसे जाने देना चाहिए 47
गोलचक्कर और गोलाकार रास्तों मे ट्रैफिक 49
चौराहे पर आते हुए 47
जगहैंडल्स 49
ट्रैफिक सिग्नल और स्टॉप संकेत 48
दायें मुड़ना 48
बायें मुड़ना 48
यात्रा में 48
लेन की दिशा के लिए संकेत और पेवमेंट पर बने संकेत 48
चौराहे से गाड़ी निकालना 47
जाँच, उत्सर्जन और वाहन सुरक्षा 92
जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस सम्बन्धी जानकारी 3
जूनियर लर्नर्स परमिट सम्बन्धी जानकारी 3
टायर:
फटना 62, 63
टेस्ट:
ज्ञान 5
यदि आप टेस्ट में पास हो जाएं 6
यदि आप टेस्ट में फेल हो जाएं 6
रोड 5
वैकल्पिक परीक्षण विधि 92
ट्रक:
ट्रक के पीछे चलना 57
ट्रक को पास करना 57
ट्रक से आगे निकलना 56
पीछे लेने पर दुर्घटनाएं 58
बचाव रैम्प 58
बड़े ट्रक 58
ब्रेक लगाना 58
मोड़ 57
ट्रैफिक के साथ मिलना 46
टैफिक को पार करना 45
ट्रैफिक लाइट्स (देखें सिग्नल) .....
ट्रैफिक:
एक बार में एक स्थिति से निबटें 40, 41, 42
गोलाकार, गोलचक्कर में 49
ट्रैफिक का प्रवाह 43

विषय पृष्ठ

धीमे चल रहे ट्रैफिक में ... 43
ठंड में सड़के, चिकनी ... 41
ड्राइव करना सीखना ... 31
ड्राइवर का लाइसेन्स क़रार (डीएलसी) ... 84
ड्राइवर पर असर डालने वाले कारक ... 32
अल्कोहल और ड्राइविंग ... 33
असावधानी ... 32
ड्राइविंग में ध्यान भटकना ... 32
दृष्टि ... 33
नशीली दवा और ड्राइविंग ... 34
नींद पूरी नहीं होना ... 32
बीमारियां और स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां ... 33
श्रवण शक्ति ... 33
स्वास्थ्य संबंधी कारक ... 33
ड्राइवर लाइसेन्स /लर्नर्स परमिट:
आपको किस श्रेणी का ड्राइवर्स लाइसेंस चाहिये? ... 4
जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस सम्बन्धी जानकारी ... 3
जूनियर लर्नर्स परमिट सम्बन्धी जानकारी ... 3
ड्राइवर्स लाइसेंस की श्रेणियां ... 4
ड्राइवर्स लाइसेंस की श्रेणियां ... 4
ड्राइवर्स लाइसेंस/लर्नर्स परमिट की ज़रूरत किसको है ... 3
ड्राइविंग इमर्जेंसी की स्थितियों में:
एक्सेलरेटर का चिपकना ... 62
गीले पेवमेंट ... 40
टायर फटना ... 62
पानी भरी सड़कें ... 61
पेवमेंट से फिसलना ... 63
फिसलन भरी सतहें – रोड की स्थितियां ... 40
फिसलना ... 61
ब्रेक अचानक लगाना ... 61
ब्रेक नहीं लगना ... 62
ब्रेक लगाना ... 58
सामने से आ रहे वाहन ... 64
सिग्नल का उपयोग ... 44
स्टीयरिंग ... 60
स्नो और बर्फ़ ... 41
हाइड्रोप्लेनिंग ... 41
हॉर्न का उपयोग ... 44
ड्राइविंग की गंभीर गलतियां ... 34
ड्राइविंग रात में ... 39
ड्राइविंग रिकॉर्ड सूचना ... 79
नशीली दवा और ड्राइविंग ... 34, 81
नशे के प्रभाव में ड्राइविंग (DUI) ... 33, 34, 81
दुभाषिये, बहरे या सुनने में असक्षमों के लिए ... 91
दुर्घटनाएं ... 34, 81
दूरी का प्रबंधन ... 35
दृश्यता की स्थितियां:

विषय पृष्ठ

कोहरा ... 42
स्नो ... 42
दृष्टि ... 3, 33
देखना:
अगल-बगल में ... 38
आगे ... 37
पीछे ... 38
धीमा ट्रैफिक, प्रतिक्रया ... 43
नाम, बदलना ... 89
नियंत्रित पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाना ... 81
निर्देश यानि गाइड संकेतक ... 19
निलंबित या रद्द होना, आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार ... 79
नेत्रहीन पैदल यात्री ... 9
पदयात्री ... 55
नेत्रहीन (अंधे) ... 9
सिग्नल ... 9
पॉइंट को हटाना, सुरक्षित ड्राइविंग द्वारा ... 79
पानी भरी या बाढ़ग्रस्त सड़कें ... 61
पानी में तैरना-फिसलना, वाहन का ... 41
पार्किंग ... 52
विकलांग व्यक्तियों के लिए पार्किंग की जगह ... 92
समानांतर पार्किंग ... 6, 52, 53
पुलिस, अगर आपको रोकती है तो क्या करना चाहिए ... 80
पेवमेंट:
अंकन (मार्किंग) ... 22
बाहर खिसकना ... 63
पॉइंट प्रणाली, पेनसिल्वेनिया ... 79
फिसलन भरी सड़कें ... 40, 41
फ़ॉर्म और प्रकाशन, विभागीय ... 94
बच्चों को सीट पर बैठाने संबंधी क़ानून ... 90
बसें ... 56
स्कूल बसें ... 58
बहरे या सुनने में असक्षमों के लिए दुभाषिये ... 91
बीमा, बीमे के बिना ड्राइविंग ... 80
बैक अप, वाहन पीछे लेना ... 38
ब्रेक नहीं लगना ... 62
ब्रेक लगाना ... 58, 60
ब्लाइंड स्पॉट, न दिखने वाला क्षेत्र ... 37
भागना या पुलिस को चकमा देना ... 81
मानचित्र, राज्यव्यापी और काउंटी ... 94
मिरर (दर्पण) ... 31
मुड़ना, ट्रैफिक में मिलना और आगे बढ़ना ... 44
आगे बढ़ना ... 46
ट्रैफिक को क्रॉस करना ... 45
ट्रैफिक में मिलना ... 46
बायें और दायें मोड़ ... 44
मध्य लेन से या उसमें मुड़ना ... 44

विषय पृष्ठ

यू-टर्न ... 45
लाल बत्ती पर दायां मोड़ ... 45
यू-टर्न ... 45
लाल बत्ती पर दायां मोड़ ... 45
मोटरसाइकिल/मोपेड, सड़क को साझा करना ... 55
रात, ड्राइविंग करना ... 39
रेलमार्ग क्रॉसबक संकेत ... 10
रेलमार्ग क्रॉसिंग ... 55
रेलमार्ग क्रॉसिंग सिग्नल्स ... 9
लर्नर्स परमिट:
जूनियर ड्राइवर्स लाइसेंस सम्बन्धी जानकारी ... 3
जूनियर लर्नर्स परमिट सम्बन्धी जानकारी ... 3
लर्नर्स परमिट के लिए आवेदन करना ... 1
लेन बदलना ... 38
वाहन की जाँच: ड्राइव करने की तैयारी ... 31
वाहन दिखता रहे ऐसे रखना ... 37
वाहन से आगे निकलना (पासिंग):
तब नहीं कर सकते ... 47
दाईं ओर से ... 47
दो लेन वाले रोड पर ... 46
सामान्यतः ... 46
विकलांगताग्रस्त अमरीकियों से संबंधित अधिनियम (एडीए) ... 91
विदेशी लाइसेंस धारक ... 3
विनियामक संकेत ... 10
वैकल्पिक परीक्षण विधि ... 92
शवयात्रा ... 64
शून्य सहनता (21 वर्ष से कम -डीआययू) ... 84
संकेत:
चेतावनी संकेत ... 13
कार्य क्षेत्र (वर्क झोन) ... 18
चैनल बनाने वाली डिवाइसेस ... 19
ट्रैफ़िक नियंत्रण डिवाइसेस द्वारा दी गई ख़तरनाक स्थितियों के बारे में चेतावनी का पालन करना ... 93
बिजली के तीर के पैनल ... 19
सड़क मार्ग के करीब चेतावनी देतीं वस्तुएं ... 17
निर्देश यानि गाइड संकेतक ... 19
अंतर्राज्य (इंटरस्टेट) रास्तों पर नंबर प्रणाली ... 20
एग्ज़िट नंबर ... 19
टूरिस्ट यात्रियों के लिए दिशा सूचक संकेत ... 21
मील मार्कर (पट्ट) ... 20
रूट मार्कर ... 21
सुविधा सेवाएं ... 21
हाईवे/एक्सप्रेस वे ... 19
विनियामक संकेत ... 10
संदर्भ ... 94
सड़क (रोड), स्थितियां:
गीले पेवमेंट ... 40
पानी से भरी सड़कें ... 61

विषय पृष्ठ

फिसलन भरी सड़क/सतहें ... 40, 41
स्नो (हिम) और बर्फ ... 41
हाइड्रोप्लेनिंग ... 41
सड़क पर आक्रोश से निपटना ... 60
साइकिल चालक ... 55, 56, 92, 93
सिग्नल (ट्रैफिक के):
खराब ट्रैफिक लाइट्स ... 8
जलते-बुझते, चमकते हुए ... 8
पैदल यात्री ... 9
रेलमार्ग क्रॉसिंग ... 9
रैम्प-मीटरिंग ... 8
लाइट्स और तीर के निशान ... 7
लेन उपयोग नियंत्रण ... 8
स्कूल ज़ोन ... 9
सिग्नल देना:
आपातस्थिति में सिग्नल देना ... 44
दिशा बदलने के समय ... 44
धीमे होते या रूकते समय ... 43
सिर के टेके का, समायोजन ... 32
सीट बेल्ट, लगाना ... 31
सीट, ड्राइवर सीट का समायोजन ... 31
सेवानिवृत्त सैनिक (वेटरंस) पदनाम ... 2
सैन्यकर्मी ... 3
सोशल सिक्युरिटी नम्बर सम्बन्धी जानकारी ... 3
स्किड करना (फिसलना) ... 61
स्कूल बसें ... 58
स्टीयरिंग ... 60
स्टीर क्लियर कानून ... 59
स्नो हटाने वाली गाड़ियां ... 60
स्नो (बर्फ) हटाना ... 41
स्पेस कुशन (बीच में दूरी):
अगल-बगल में ... 36
आगे ... 35
"चार सेकंड का नियम" ... 35
पीछे ... 37
स्वास्थ्य संबंधी कारक ... 33
हाईवे और इंटरचेंज पर गाड़ी चलाना:
हाईवे पर यात्रा ... 52
हाईवे में प्रवेश ... 52
हाईवे से निकास ... 52
हार्न, आप द्वारा उपयोग ... 44
हेडलाइट/विंडशील्ड वाइपर के कानून ... 42
हेडलाइट्स ... 39, 40

वे कभी नहीं भूलेंगे थॉम्पसन की पार्टी।

न ही थॉम्पसन होगा।

क्योंकि कानून कहता है कि कोई भी वयस्क, जो 21 साल से कम उम्र के व्यक्ति को बीयर, शराब, वाइन कूलर या शराब देता है, उसे प्रथम बच्चे को यह सब देने की वजह से एक साल का जेल होगी, $1,000 का न्यूनतम जुर्माना और प्रत्येक अन्य नाबालिग के लिए $2,500 जुर्माना।

अपने ही बेटे या बेटी को शराब पिलाना भी गैरकानूनी है। इससे पहले कि आप कोई गलती करें, हमारे मुफ्त ब्रोशर, "द रिस्पॉन्सिबल पैरेंट" के लिए कॉल करें या लिखें और इसे पढ़ें।

एक डाउनलोड करने योग्य पीडीएफ ऑनलाइन भी उपलब्ध है: http://www.lcb.state.pa.us/ webapp/Education/Materials/ Materials_Order_form.asp

हम गारंटी देते हैं कि यह कुछ ऐसा है जिसे आप लंबे, लंबे समय तक याद रखेंगे।

Pennsylvania Liquor
Control Board
Northwest Office Building
Harrisburg, PA 17124

Pennsylvania Chapter
American Academy of
Pediatrics

Commonwealth of
Pennsylvania
Department of Transportation

याद रखने के लिए जरूरी शब्द

जब आप अपना लाइसेंस प्राप्त करते हैं, तो आप इन महत्वपूर्ण बातों को याद रखें

वे हजारों लोग जो जीवन रक्षक अंग और टिशू प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं उनके लिए ये शब्द बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। ऐसे शब्द जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के माध्यम से दूसरों को देखने में मदद कर सकते हैं, दान की गई त्वचा के साथ जल जाने वाले लोग ज्यादा तेज़ी से ठीक हो सकते हैं, या प्रत्यारोपित हड्डी से बिना दर्द के चल सकते हैं।

अंग और टिशू दान के लिए "हां" कहकर जीवन बचाने वाले व्यक्तियों को लाइसेंस पर दाता पदनाम देना चाहिए और दाता कार्ड पर हस्ताक्षर करना चाहिए। दान करने की इच्छा को परिवार और दोस्तों के साथ भी साझा किया जाना चाहिए ताकि वे उस महत्वपूर्ण निर्णय से अवगत हों जो दूसरों की मदद करने के लिए किया गया है।

अंग और टिशू दान के बारे में कुछ तत्काल जानकारियाँ

- एक अंग और टिशू दाता 8 लोगों की जान बचा सकता है और 75 से अधिक लोगों की मदद कर सकता है।
- कोई भी, चाहे वह किसी भी उम्र का हो या मेडिकल हिस्ट्री का, डोनर बनने के लिए साइन अप कर सकता है।
- संयुक्त राज्य में सभी प्रमुख धर्म अंग और टिशू दान का समर्थन करते हैं और दान को दूसरों के प्रति प्रेम और उदारता का अंतिम कार्य मानते हैं।
- अंग या टिशू दान के लिए दाताओं या उनके परिवारों को कोई खर्च नहीं लगता है।

– अधिक जानकारी के लिए donatelifepa.org पर जाएं

अंग और टिशू दान कार्ड प्राप्त करने के लिए, कॉल करें:

पूर्वी पेनसिल्वेनिया में:

गिफ़्ट ऑफ़ लाइफ़ डोनर प्रोग्राम 1-888-DONORS-1

पश्चिमी पेनसिल्वेनिया में:

सेंटर फ़ॉर ऑर्गन रिकवरी
और शिक्षा (कोर)। 1-800-DONORS-7

अंग और टिशू संसाधन संबंधी अन्य जानकारी के लिए, कॉल करें:

पीए स्वास्थ्य विभाग 1-877-PAHEALTH